रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु
CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

RRB Group D 2025

Level-1 · CEN 09/2025 · General Science · Question Paper Compilation

Hindi

All 48 Shifts (Sets) · General Science Section · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet compiles all **48 shift papers** of the **RRB Group D (Level-1) 2025** examination (CEN 09/2025) in **Hindi** (**General Science** section only), with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

7 of these 1200 questions are shown in English. RRB did not release them in Hindi to any candidate whose response sheet we could reach, so the official English version is printed instead and marked with an ENGLISH chip. Nothing here is machine translated.

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions are grouped by subtopic within each section, so similar questions sit together.
- Diagram and wide-table questions appear at the end of their section at full width.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.

Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

- Set 1 — 03 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 2 — 03 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 3 — 03 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 4 — 04 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 5 — 04 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 6 — 04 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 7 — 05 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 8 — 05 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 9 — 05 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 10 — 06 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 11 — 06 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 12 — 06 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 13 — 09 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 14 — 09 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 15 — 09 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 16 — 10 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 17 — 10 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 18 — 10 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 19 — 11 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 20 — 11 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 21 — 11 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 22 — 12 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 23 — 12 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 24 — 12 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 25 — 13 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 26 — 13 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 27 — 13 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 28 — 14 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 29 — 14 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 30 — 14 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 31 — 17 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 32 — 17 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 33 — 17 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 34 — 18 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM

Set 35	18 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 42	20 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 36	18 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM	Set 43	21 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 37	19 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 44	21 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 38	19 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 45	21 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 39	19 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM	Set 46	25 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 40	20 Aug 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 47	25 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 41	20 Aug 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 48	25 Aug 2026 4:30 PM - 6:00 PM

General Science 25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

समस्थानिकों का कौन-सा गुणधर्म अपरिवर्तित रहता है?

- A. रासायनिक गुणधर्म ✓
- B. नाभिकीय स्थायित्व
- C. भौतिक गुणधर्म
- D. परमाणु द्रव्यमान

Q2 Atoms & Molecules

यदि Zn का परमाणु द्रव्यमान 65 u, Na का परमाणु द्रव्यमान 23 u और O का परमाणु द्रव्यमान 16 u दिया गया हो, तो ZnO और Na_2O के सूत्र इकाई द्रव्यमान की गणना कीजिए।

- A. ZnO = 48u और Na2O = 62u
- B. ZnO = 81u और Na2O = 39u
- C. ZnO = 81u और Na2O = 62u ✓
- D. ZnO = 18u और Na2O = 62u

Q3 Basic Organic Chemistry

एथेनॉल का कौन-सा गुणधर्म इसे औषधियों में विलायक के रूप में उपयोग किए जाने के लिए उपयुक्त बनाता है?

- A. यह एस्टर बनाता है
- B. विलेयता ✓
- C. यह अत्यधिक ज्वलनशील है
- D. यह प्रकृति में अम्लीय है

Q4 Basic Organic Chemistry

कौन-सा कथन एथेनॉल की विलेयता का सही वर्णन करता है?

- A. जल में अल्प विलेय
- B. केवल अम्लों में विलेय
- C. जल के साथ पूर्णतः मिश्रणीय ✓
- D. जल में अविलेय

Q5 Biology

एक वनस्पति विज्ञानी एक सुप्त बीज का अवलोकन करता है जिसमें कोई दृश्यमान वृद्धि या संचलन नहीं है। वनस्पति विज्ञानी यह कैसे निर्धारित कर सकता है कि बीज जीवित है या नहीं?

- A. यदि यह कोई संचलन नहीं दर्शाता है तो निष्कर्ष निकालें कि यह जीवित नहीं है
- B. इसकी आंतरिक उपापचयी सक्रियता को मॉनिटर करें ✓
- C. यह जांच करें कि बीज स्वतंत्र रूप से गति कर सकता है या नहीं
- D. निर्णय लेने से पूर्व केवल दृश्यमान वृद्धि की प्रतीक्षा करें

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

यदि एक बल्ब 60 W पर रेटेड है और वह 120 V पर प्रचालित होता है, तो बल्ब में प्रवाहित होने वाली धारा कितनी होगी?

- A. 0.5 A ✓
- B. 2.0 A
- C. 1.2 A
- D. 0.25 A

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

टोस्टर जैसे उपकरणों में तापन अवयवों के लिए मिश्रधातुओं को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?

- A. क्योंकि उनकी प्रतिरोधकता उच्च होती है और वे उच्च ताप पर आसानी से ऑक्सीकृत नहीं होते हैं ✓
- B. उनका गलनांक निम्न होता है
- C. क्योंकि वे विद्युतरोधी होते हैं
- D. क्योंकि वे निम्न प्रतिरोधकता के साथ विद्युत सुचालक होते हैं

Q8 Ecosystem & Food Chain

खाद्य श्रृंखला की शुरुआत में सदैव किस प्रकार के जीव पाए जाते हैं?

- A. शाकाहारी
- B. मांसाहारी
- C. अपघटक
- D. उत्पादक ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Ecosystem & Food Chain

गैर-जैव निम्नीकरणीय पदार्थ जैविक आवर्धन क्यों प्रदर्शित करते हैं?

- A. वे जीवों में बने रहते हैं ✓
- B. उन्हें जीवों द्वारा शीघ्र विघटित किया जाता है
- C. वे जीवों को ऊर्जा प्रदान करते हैं
- D. उन्हें जीवों द्वारा ग्रहण नहीं किया जाता है

Q10 Electromagnetic Spectrum

जल शोधन प्रणाली में जीवाणुओं को मारने के लिए विद्युतचुम्बकीय ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस कार्य के लिए स्पेक्ट्रम के किस क्षेत्र का उपयोग किया जा रहा है?

- A. स्पेक्ट्रम का अवरक्त भाग
- B. स्पेक्ट्रम का गामा भाग
- C. स्पेक्ट्रम का पराबैंगनी भाग ✓
- D. स्पेक्ट्रम का दृश्य भाग

Q11 Extraction & Metallurgy

एक खनिजज्ञ, भू-पर्पटी में एक नए धात्विक अयस्क की खोज करता है। यदि अयस्क मुख्य रूप से सल्फाइड है, तो धातु संभवतः _____ से संबंधित होगी।

- A. उत्कृष्ट गैसें, जो अयस्कों का निर्माण नहीं करती हैं
- B. सक्रियता श्रेणी के मध्य ✓
- C. सक्रियता श्रेणी के शीर्ष
- D. सक्रियता श्रेणी के तल

Q12 Global Warming & Climate Change

एक तटीय प्रदेश असामान्य रूप से उच्च वैश्विक ताप के बाद शैवाल प्रस्फुटन और कोरल ब्लीचिंग (coral bleaching) का अनुभव करता है। पृथ्वी के मंडलों के बीच कौन-सी अंतःक्रिया इस प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करती है?

- A. महासागर तापन से CO2अवशोषण कम होता है और समुद्री जीवन तनावग्रस्त हो जाता है। ✓
- B. स्थलीय पौधों की वृद्धि समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के ह्रास कोपूर्णता सेप्रतिस्थापित कर देती है
- C. सूर्य के प्रकाश कम होने से महासागरों में प्रकाश संश्लेषण की दर बढ़ जाती है
- D. नदी प्रवाह बढ़ने से संपूर्ण प्रवाल भित्ति की वृद्धि में सुधार होता है

Q13 Light & Optics

मानव प्रेक्षकों को दिन के समय आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?

- A. क्योंकि नीला प्रकाश वायुमंडलीय कणों द्वारा अवशोषित और पुनः उत्सर्जित होता है
- B. क्योंकि नीला प्रकाश अपनी लघु तरंगदैर्ध्य के कारण लाल प्रकाश की तुलना में अधिक प्रकीर्णित होता है ✓
- C. क्योंकि लाल प्रकाश अपनी दीर्घ तरंगदैर्ध्य के कारण नीले प्रकाश की तुलना में अधिक प्रकीर्णित होता है
- D. क्योंकि सभी तरंगदैर्ध्य वायुमंडल में समान रूप से प्रकीर्णित होती हैं

Q14 Mechanics

किसी वस्तु की गति के संदर्भ में, समय-अक्ष के समानांतर सरल रेखा वाला स्थिति-समय ग्राफ क्या निरूपित करता है?

- A. वस्तु परिवर्ती चाल से गति करती है
- B. वस्तु समय के साथ त्वरित होती है
- C. वस्तु विराम में है, समय के साथ कोई दूरी तय नहीं करती है ✓
- D. वस्तु समय के साथ एकसमान चाल से गति करती है

Q15 Mixtures, Solutions, Colloids

एक विलयन में 80 ग्राम जल में 20 ग्राम लवण विलीन है। द्रव्यमान प्रतिशत के संदर्भ में विलयन की सांद्रता कितनी है?

- A. 45%
- B. 20% ✓
- C. 25%
- D. 30%

Q16 Nervous System & Brain

तंत्रिकाकोशिका में, अन्य तंत्रिकाकोशिकाओं से आवेग प्राप्त करने वाले लघु, शाखित तंतुओं को क्या कहा जाता है?

- A. तंत्रिकाक्ष
- B. उपास्थि डिस्क
- C. पेशी तंतु
- D. द्रुमिका ✓

Q17 Newton's Laws of Motion

जब किसी पिंड पर नेट बल कार्य करता है, तो न्यूटन का द्वितीय नियम, पिंड के साथ क्या होने का पूर्वानुमान करता है?

- A. पिंड स्थिर रहेगा
- B. पिंड बल की दिशा में त्वरित होगा ✓
- C. पिंड नियत चाल से गतिमान होगा
- D. पिंड सदैव विपरीत दिशा में गतिमान होगा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Plant Biology

_____, पादपों में होने वाली वह प्रक्रिया है, जिसमें ग्लूकोज के विघटन (breakdown) से ऊर्जा मुक्त होती है।

A. श्वसन ✓
B. उत्सर्जन
C. प्रकाश संश्लेषण
D. वाष्पोत्सर्जन

Q19 Plant Tissues & Transport

चूँकि मृदूतक ऊतक मुख्य रूप से भोजन और अन्य पदार्थों का भंडारण करता है, इसलिए इसकी कोशिकाओं को पर्याप्त आंतरिक स्थान की आवश्यकता होती है। इसलिए, मृदूतक कोशिकाएं सामान्यतः _____ ।

A. बिना किन्हीं स्थानों के कसकर बंधी हुई पैक होती हैं
B. मृत और खोखली होती हैं
C. अंतराकोशिकीय स्थानों के साथ शिथिल रूप से पैक होती हैं ✓
D. खनिजों के साथ कठोर होती हैं

Q20 Properties & Tests

जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है, तो उदासीनीकरण अभिक्रिया के परिणामस्वरूप क्या बनता है?

A. केवल क्षार
B. केवल गैस
C. लवण और जल ✓
D. केवल अम्ल

Q21 Reflection & Refraction

प्रकाश किरण की चाल वायु में 3×10^8 m/s से बदलकर किसी पारदर्शी ठोस में 2×10^8 m/s हो जाती है। वायु के सापेक्ष ठोस का अपवर्तनांक कितना होगा? (वायु का अपवर्तनांक 1 लीजिए।)

A. 1.5 ✓
B. 1.2
C. 1.4
D. 1.7

Q22 Types (Combination, Decomposition, etc.)

निम्नलिखित अभिक्रियाओं पर विचार कीजिए।

(I) $CaCO_3(s)$ —ताप → $CaO(s) + CO_2(g)$

(II) $2AgCl(s)$ —सूर्य का प्रकाश→ $2Ag(s) + Cl_2(g)$

(III) $2H_2O(l)$ —विद्युत् धारा→ $2H_2(g) + O_2(g)$

(IV) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$

उपरोक्त अभिक्रियाओं में से कौन-सी अभिक्रियाएं सही ढंग से अपघटन अभिक्रियाओं को दर्शाती हैं?

A. केवल अभिक्रियाएं III और IV
B. केवल अभिक्रियाएं I और II
C. केवल अभिक्रियाएं I, II और III ✓
D. केवल अभिक्रियाएं II और III

Q23 Ultrasound & Applications

कोमल इलेक्ट्रॉनिक घटकों की सफाई में पराध्वनि (ultrasound) का उपयोग करने का मुख्य कारण क्या है?

A. यह मलबे को हटाने के लिए पृष्ठ को खरोंच देता है
B. यह भौतिक क्षति किए बिना गंदगी को हटा देता है ✓
C. यह रासायनिक रूप से सफाई के लिए सामग्री को बदल देता है
D. यह बेहतर सफाई के लिए घटकों को पिघलाता है

Q24 Work, Energy & Power

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गतिज ऊर्जा का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. किसी वस्तु में उसके गति के कारण निहित ऊर्जा ✓
B. तापमान परिवर्तनों से संबंधित ऊर्जा
C. किसी वस्तु द्वारा अपनी स्थिति में संग्रहीत ऊर्जा
D. रासायनिक आबंधों में निहित ऊर्जा

Q25 Work, Energy & Power

किसी पिंड की गतिज ऊर्जा 40 J से बढ़कर 140 J हो जाती है। पिंड पर किया गया नेट कार्य कितना है?

A. 150 J
B. 100 J ✓
C. 200 J
D. 50 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

एक तत्व की परमाणु संख्या 17 है। इसके परमाणु में आवेशित कणों के विन्यास के आधार पर, कौन-सा कथन उसकी उदासीन अवस्था में इलेक्ट्रॉनों की संख्या को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

A. इसमें अकेले अंतरतम कोश में 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

B. इसके परमाणु द्रव्यमान के कारण इसमें प्रोटॉनों की तुलना में अधिक इलेक्ट्रॉन होते हैं।

C. इसमें उपस्थित 17 प्रोटॉनों को संतुलित करने के लिए 17 इलेक्ट्रॉन होते हैं। ✓

D. इसमें उपस्थित 17 न्यूट्रॉनों से सुमेल के लिए 17 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

Q2 Basic Organic Chemistry

एक विद्यार्थी वायु में एथेनॉल जलाता है और नीली ज्वाला का अवलोकन करता है। कौन-सा कथन इस अवलोकन की सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है?

A. वायु में जलाने पर एथेनॉल लाल ज्वाला उत्पन्न करता है

B. पर्याप्त ऑक्सीजन आपूर्ति के कारण पूर्ण दहन से नीली ज्वाला उत्पन्न होती है ✓

C. अल्प ऑक्सीजन के कारण अपूर्ण दहन से नीली ज्वाला उत्पन्न होती है

D. एथेनॉल में अशुद्धियाँ ज्वाला के नीले रंग का कारण बनती हैं

Q3 Biology

एककोशिकीय जीवों के विपरीत, बहुकोशिकीय जीवों में ऊर्जा अंतर्ग्रहण और सामग्रियों के विनिमय के लिए विशेष तंत्रों की आवश्यकता क्यों होती है?

A. क्योंकि वे एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने में पूर्ण रूप से असमर्थ होते हैं

B. क्योंकि अधिकांश आंतरिक कोशिकाओं का बाह्य वातावरण से प्रत्यक्ष संपर्क नहीं होता है ✓

C. क्योंकि वे एककोशिकीय जीवों की तुलना में बहुत भारी होते हैं

D. क्योंकि एककोशिकीय जीवों को जीवित रहने के लिए कोशिकीय ऊर्जा की आवश्यकता नहीं होती है

Q4 Chemical Reactions

किसी कांच के पात्र में रासायनिक अभिक्रिया होती है, जिसमें न तो कोई गैस बाहर निकलती है और न ही प्रवेश करती है। द्रव्यमान संरक्षण के नियम के अनुसार, कौन-सी स्थिति सबसे सटीक है?

A. अभिक्रिया से पहले का कुल द्रव्यमान, अभिक्रिया के बाद के द्रव्यमान से कम होता है

B. अभिक्रिया से पहले और बाद का कुल द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है ✓

C. अभिक्रिया के बाद कुल द्रव्यमान कम हो जाता है

D. अभिक्रिया के बाद कुल द्रव्यमान बढ़ जाता है

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

हृदय के निलयों में अलिंद की तुलना में मोटी पेशीय भित्तियाँ क्यों होती हैं?

A. वे शरीर के सभी अंगों में रक्त पंप करते हैं ✓

B. वे प्रत्येक संकुचन से पहले अधिक रक्त संग्रहीत करते हैं

C. वे ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त को पृथक करते हैं

D. उन्हें तंत्रिका नियंत्रण के लिए अधिक तंत्रिकाओं की आवश्यकता होती है

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

यदि किसी प्रतिरोधक को एक वोल्टता स्रोत से जोड़ा जाए और वोल्टता को नियत रखते हुए प्रतिरोधक को आधा कर दिया जाए, तो किसी निश्चित समय में उत्पन्न ऊष्मा पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. उत्पन्न ऊष्मा अपरिवर्तित रहती है

B. उत्पन्न ऊष्मा अपने पूर्व मान की चार गुनी हो जाती है

C. उत्पन्न ऊष्मा अपने पूर्व मान की दोगुनी हो जाती है ✓

D. उत्पन्न ऊष्मा घटकर अपने पूर्व मान की आधी हो जाती है

Q7 Ecology & Environment

जल चक्र के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

1. संघनन
2. वाष्पन
3. वर्षण
4. जल निकायों में संग्रह

A. 1 → 2 → 3 → 4

B. 3 → 2 → 1 → 4

C. 2 → 3 → 1 → 4

D. 2 → 1 → 3 → 4 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Five Kingdom Classification

एक नया सूक्ष्मजीव पाया जाता है जो एककोशिकीय, प्रोकैरियोटिक है और इसमें झिल्ली-बद्ध केंद्रक का अभाव होता है, लेकिन यह प्रकाश-संश्लेषण कर सकता है। पाँच जगत वर्गीकरण के अनुसार, इसे किस जगत में रखा जाएगा?

A. फंजाई

B. प्रोटिस्टा

C. मोनेरा ✓

D. प्लांटी

Q9 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

निम्नलिखित में से कार्बनिक यौगिकों का कौन-सा आण्विक सूत्र, वलय संरचना को प्रदर्शित **नहीं** करता है?

A. C6H6

B. C6H14 ✓

C. C6H8

D. C6H10

Q10 Magnetic Effects of Current

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की निकटता की उच्च कोटी (higher degree) क्या दर्शाती है?

A. विद्युत क्षेत्र की उपस्थिति

B. उस क्षेत्र में प्रबल चुंबकीय क्षेत्र ✓

C. क्षेत्र रेखाएँ पार होने वाली हैं

D. उस क्षेत्र में दुर्बल चुंबकीय क्षेत्र

Q11 Mechanics

दूरी-समय के ग्राफ से किसी वस्तु की एकसमान चाल की गणना कैसे की जा सकती है?

A. ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल मापकर

B. केवल कुल समय मापकर

C. ग्राफ की ढलान मापकर ✓

D. केवल कुल दूरी मापकर

Q12 Mechanics

बॉटल ओपनर का उपयोग करके बोतल का ढक्कन खोलते समय, ढक्कन द्वारा उत्पन्न प्रतिरोध, _____ के रूप में कार्य करता है।

A. मशीन

B. आयास

C. ऊर्जा स्रोत

D. भार ✓

Q13 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी किसी मोमबत्ती को उत्तल लेंस की फोकस दूरी से दोगुनी दूरी पर रखती है। वह पर्दे पर बने प्रतिबिंब को देखती है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रतिबिंब की प्रकृति, स्थिति और आकार का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. प्रतिबिंब वास्तविक है, उल्टा है, और फोकस बिंदु तथा फोकस दूरी के दोगुने के बीच बना है, और बिंब से छोटा है। ✓

B. प्रतिबिंब वास्तविक, सीधा, फोकस दूरी के दोगुने से अधिक दूरी पर बना है, और बिंब के आकार के समान है।

C. प्रतिबिंब आभासी, उल्टा, फोकस बिंदु पर बना है, और बिंब के समान आकार का है।

D. प्रतिबिंब आभासी, सीधा, बिंब की ओर ही बना है, और बिंब से बड़ा है।

Q14 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी 12 cm फोकस दूरी वाले अभिसारी लेंस से 18 cm की दूरी पर एक बिंब रखता है। निर्मित प्रतिबिंब वास्तविक है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना है?

A. - 1.5

B. + 2

C. - 2 ✓

D. + 1.5

Q15 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्रण, स्थूलदर्शी स्तर पर विषमांगी मिश्रण को सर्वोत्तम रूप में प्रदर्शित करता है?

A. चीनी और जल

B. लवण और जल

C. रेत और जल ✓

D. नाइट्रोजन और ऑक्सीजन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q16 Nervous System & Brain

मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग मुख्यत: शरीर के संतुलन को बनाए रखने में शामिल होता है?

A. पोंस (Pons)

B. मेडुला (Medulla)

C. प्रमस्तिष्क (Cerebrum)

D. अनुमस्तिष्क (Cerebellum) ✓

Q17 Newton's Laws of Motion

यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान दोगुना कर दिया जाए और अनुप्रयुक्त बल नियत रहे, तो बल के सूत्र के अनुसार उसके त्वरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. त्वरण शून्य हो जाएगा

B. त्वरण अपरिवर्तित रहेगा

C. त्वरण आधा हो जाएगा ✓

D. त्वरण दोगुना हो जाएगा

Q18 Physical & Chemical Properties

एक चमकदार लोहे की कील को कई दिनों तक चार अलग-अलग स्थितियों में छोड़ दिया गया था:

I. शुष्क वायु युक्त एक सीलबंद पात्र में

II. विलीन ऑक्सीजन युक्त जल में

III. उबाले गए जल में डालना और फिर तेल की परत चढ़ाना

IV. आर्द्र वायु में

उपरोक्त में से किस स्थिति में लोहे में जंग लगने की सर्वाधिक संभावना है?

A. केवल I और III

B. केवल II और IV ✓

C. I, II और IV

D. II, III और IV

Q19 Physical & Chemical Properties

कौन-सा कथन, अधातुओं की विद्युत चालकता को उनके शुद्ध रूप में सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

A. अधातुएं, धातुओं की तरह ही विद्युत का चालन करती हैं

B. अधातुएं, विद्युत का दक्षतापूर्वक चालन करती हैं

C. अधातुएं, विद्युत का चालन नहीं करती हैं ✓

D. अधातुओं की विद्युत चालकता उच्च होती है

Q20 Plant Biology

किसी संवेदनशील पादप (sensitive plant) की स्पर्श अनुक्रिया में कौन-सा ऊतक अनुपस्थित होता है?

A. उपकला ऊतक

B. भरण ऊतक

C. तंत्रिका ऊतक ✓

D. संवहनी ऊतक

Q21 Plant Tissues & Transport

पादपों में अंतर्वेशी विभज्योतक सामान्यतः कहाँ स्थित होता है?

A. तने के पार्श्व भागों पर

B. पत्तियों की कोर पर

C. मूलाग्र और प्ररोहाग्र पर

D. पत्तियों या पर्व के आधार पर ✓

Q22 Reproductive System

नौ सप्ताह की गर्भवती महिला जांच के लिए क्लिनिक जाती है। डॉक्टर बताते हैं कि विकसित हो रहे बच्चे को अब 'भ्रूण' कहा जाता है और अंगों का विकास जारी रहेगा। वह वर्तमान में किस त्रिमास में है?

A. तीसरे त्रिमास

B. पहले त्रिमास ✓

C. दूसरे त्रिमास

D. बाद की अवस्था

Q23 Sound

जब आप अपना कान रेलवे ट्रैक पर लगाते हैं, तो आपको आती हुई ट्रेन की आवाज़ क्यों सुनाई देती है?

A. पटरियाँ वायु की तुलना में अधिक जोर से कंपन करती है

B. कंपन केवल पटरियों के पृष्ठ पर यात्रा करते हैं

C. ध्वनि ट्रैक के ऊपर वायु के माध्यम से मूव करती है

D. ध्वनि ठोस स्टील की पटरियों से होकर आपके कान तक आसानी से पहुँचती है ✓

Q24 Work, Energy & Power

निम्नलिखित में से कौन-सा, गतिज ऊर्जा का एक उदाहरण है?

A. एक खड़ी हुई साइकिल

B. शेल्फ पर रखी एक पुस्तक

C. आकाश में उड़ता हुआ एक पक्षी ✓

D. वृक्ष से लटकता हुआ एक सेब

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 pH Scale & Indicators

किसी विलयन में H+ आयनों की उच्चतर सांद्रता, _____ के अनुरूप होती है।

A. उच्चतर pH मान

B. उदासीन pH

C. निम्नतर pH मान ✓

D. नियत pH

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Animal Kingdom (Phyla Overview)

केंचुए और केकड़े दोनों के शरीर खंडित होते हैं, लेकिन केवल एक का बाहरी आवरण कठोर होता है। स्थलीय वातावरण में यह बाहरी आवरण क्या लाभ प्रदान करता है?

A. अधिक नम्य संचलन की सुविधा देता है

B. पाचन के लिए एकल द्वार को सुगम बनाता है

C. शिकार को पकड़ने के लिए स्पर्शक प्रदान करता है

D. जल हानि को रोकता है और सुरक्षा प्रदान करता है ✓

Q2 Atomic Structure & Models

न्यूट्रॉन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. न्यूट्रॉन ऋणावेशित होते हैं और बाह्यतम कक्षा में पाए जाते हैं

B. न्यूट्रॉन में कोई आवेश नहीं होता और वे परमाणु के नाभिक में पाए जाते हैं ✓

C. न्यूट्रॉन नाभिक में पाए जाने वाले धनात्मक आवेशित कण होते हैं

D. न्यूट्रॉन इलेक्ट्रॉनों की तरह नाभिक के चारों ओर घूमते हैं

Q3 Atoms & Molecules

तीन तत्वों के परमाण्विक द्रव्यमान इस प्रकार हैं: C = 12 u, O = 16 u और H = 1 u, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प CO_2 और H_2O के आण्विक द्रव्यमानों को सटीक रूप से निरूपित करता है?

A. CO2= 46 u ; H2O = 20 u

B. CO2= 44 u ; H2O = 18 u ✓

C. CO2= 44 u ; H2O = 16 u

D. CO2= 32 u ; H2O = 18 u

Q4 Basic Organic Chemistry

नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लीजिए तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: एथेनॉइक अम्ल, क्षार के साथ अभिक्रिया करके लवण और जल का निर्माण करता है।
कथन B: इस अभिक्रिया को ऑक्सीकरण अभिक्रिया के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

A. कथन A और B दोनों गलत हैं

B. कथन A और B दोनों सही हैं

C. कथन A गलत है लेकिन B सही है

D. कथन A सही है लेकिन B गलत है ✓

Q5 Basic Organic Chemistry

एथेनॉइक अम्ल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. यह जल में विलीन नहीं होता है

B. यह नीले लिटमस को लाल कर देता है और कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके CO2उत्पन्न करता है ✓

C. इसका उपयोग इसके शर्करा अंश के कारण खाद्य को मीठा करने के लिए किया जाता है

D. यह साबुन जैसा लगता है और इसका स्वाद कड़वा होता है

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

हृदय द्वारा शरीर में पंप किए गए रक्त में कौन-सी गैस सबसे प्रचुर मात्रा में होती है?

A. ऑक्सीजन ✓

B. हीलियम

C. हाइड्रोजन

D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक इलेक्ट्रिक हीटर का अनुमतांक 2000 W है और इसका उपयोग 2 घंटे के लिए किया जाता है। जूल में कितनी ऊर्जा उपभुक्त होगी?

A. 7,200,000 जूल

B. 720,000 जूल

C. 3,600,000 जूल

D. 14,400,000 जूल ✓

Q8 Extraction & Metallurgy

आयरन धातु जो सक्रियता श्रेणी (activity series) के मध्य में आती है, के उसके अयस्क से निष्कर्षण के लिए प्रायः किस प्रक्रम का उपयोग किया जाता है?

A. ऊष्मीय अपघटन

B. हाइड्रोजन के साथ अपचयन

C. कार्बन (कोक) के साथ अपचयन ✓

D. विद्युत-अपघटनी अपचयन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Important Salts & Their Uses

अग्निशामकों में सोडियम कार्बोनेट की तुलना में बेकिंग सोडा को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?

A. क्योंकि यह अविलेय अवशेष बनाता है

B. क्योंकि यह तीव्रता से अभिक्रिया करके ऊष्मा का उत्पादन करता है

C. क्योंकि यह शीघ्रता से हाइड्रोजन गैस का उत्पादन करता है

D. क्योंकि यह अम्ल के साथ आसानी से कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त करता है ✓

Q10 Mechanics

एक साइकिल चालक 30 किलोमीटर की दूरी 1.5 घंटे में तय करता है। साइकिल चालक की औसत चाल कितनी है?

A. 20 किलोमीटर प्रति घंटा ✓

B. 15 किलोमीटर प्रति घंटा

C. 2 किलोमीटर प्रति घंटा

D. 45 किलोमीटर प्रति घंटा

Q11 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एकसमान वृत्तीय गति को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. स्थिर वेग और शून्य त्वरण के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति

B. परिवर्ती चाल, परंतु स्थिर वेग के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति

C. स्थिर चाल और वेग की परिवर्ती दिशा के साथ वृत्तीय पथ के अनुदिश गति ✓

D. स्थिर चाल और स्थिर वेग के साथ सरल पथ के अनुदिश गति

Q12 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी देखता है कि किसी अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र से परे रखी वस्तु को फोकस की ओर ले जाने पर प्रतिबिंब में परिवर्तन होता है। क्या परिवर्तन देखा जाता है?

A. प्रतिबिंब छोटा हो जाता है और दर्पण की ओर गति करता है

B. प्रतिबिंब छोटा हो जाता है और दर्पण से दूर चला जाता है

C. प्रतिबिंब बड़ा हो जाता है और दर्पण से दूर चला जाता है ✓

D. प्रतिबिंब का आकार और स्थिति वही रहती है

Q13 Mixtures, Solutions, Colloids

एक विद्यार्थी बीकर में तेल और जल मिलाता है और दो पृथक परतें देखता है। इस अवलोकन के लिए कौन-सी व्याख्या सबसे उपयुक्त है?

A. तेल और जल रासायनिक रूप से अभिक्रिया करके एक नया यौगिक बनाते हैं।

B. तेल और जल एक विषमांगी मिश्रण बनाते हैं क्योंकि उनके घटक समान रूप से वितरित नहीं होते हैं। ✓

C. तेल, जल में पूरी तरह घुल जाता है और एक समान विलयन बनाता है।

D. तेल और जल एक ही अवस्था वाला समांगी मिश्रण बनाते हैं।

Q14 Oxidation & Reduction (Redox)

एक विद्यार्थी, वायु में कॉपर पाउडर को गर्म करने पर निम्नलिखित अभिक्रिया देखता है:

$2Cu + O_2 \rightarrow 2CuO$

बाद में, हाइड्रोजन गैस को काले कॉपर ऑक्साइड पर प्रवाहित किया जाता है और लाल-भूरा कॉपर प्राप्त होता है।

$CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$

कौन-सा पदार्थ, पहली अभिक्रिया में ऑक्सीकृत होता है और दूसरी अभिक्रिया में अपचयित होता है?

A. पहली अभिक्रिया में ऑक्सीजन और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड

B. पहली अभिक्रिया में हाइड्रोजन और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड

C. पहली अभिक्रिया में कॉपर और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड ✓

D. पहली अभिक्रिया में कॉपर ऑक्साइड और दूसरी अभिक्रिया में कॉपर

Q15 Photosynthesis

प्रकाश संश्लेषण के दौरान जल अणुओं के विपाटन से क्या उत्पन्न होता है?

A. नाइट्रोजन और ऑक्सीजन

B. नाइट्रोजन और कार्बन

C. ऑक्सीजन और कार्बन

D. हाइड्रोजन और ऑक्सीजन ✓

Q16 Physical & Chemical Properties

विद्युत पारेषण लाइन (electrical transmission lines) के लिए कौन-सी सामग्री सबसे अच्छा विकल्प होगी?

A. एल्यूमीनियम ✓

B. टंगस्टन

C. रबड़

D. शीशा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Plant Tissues & Transport

किसी वृक्ष के तने की चौड़ाई या परिधि (girth) बढ़ाने के लिए, कोशिकाओं को तने के चारों ओर वलयाकार रूप में विभाजित होना चाहिए। यह कार्य कौन-सा ऊतक करता है?

- A. पार्श्व विभज्योतक (Lateral meristem) ✓
- B. अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary meristem)
- C. शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem)
- D. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

Q18 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट से संबंधित मुख्य पर्यावरणीय सरोकार क्या है?

- A. यह मृदा उर्वरता में सुधार करता है
- B. यह प्रकृति में आसानी से विघटित हो जाता है
- C. यह जीवों द्वारा शीघ्र पुनर्चक्रित हो जाता है
- D. यह संचित हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण होता है ✓

Q19 Reflection & Refraction

एक विद्यार्थी देखता है कि स्विमिंग पूल अपनी वास्तविक गहराई से कम गहरा दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा इस प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करती है?

- A. जल अणुओं द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन
- B. जल में प्रकाश का आंतरिक परावर्तन
- C. पूल फर्श से प्रकाश का परावर्तन
- D. जल-वायु सीमा पर प्रकाश का अपवर्तन ✓

Q20 Reflection & Refraction

एक पेंसिल जल में आंशिक रूप से डुबाने पर मुड़ी हुई दिखाई देती है। अपवर्तन को समझना बेहतर एक्वेरियम डिस्प्ले डिजाइन करने में किस प्रकार सहायता कर सकता है, इसे समझाने में कौन-सा परिदृश्य सर्वाधिक उपयुक्त है?

- A. एक्वेरियम की द्युति बढ़ाने के लिए दर्पणों का उपयोग करना
- B. अपवर्तन को ध्यान में रखते हुए प्रकाश की स्थिति निर्धारित करने से मछलियां दर्शकों को उनकी वास्तविक स्थितियों पर दिखाई दे सकती हैं ✓
- C. प्रकाश के बंकन को कम करने के लिए जल का तापमान बदलना
- D. वस्तुओं को विशिष्ट रूप से दिखाने के लिए रंगीन पृष्ठभूमियों का उपयोग करना

Q21 Reproductive System

निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, पुरुष प्रजनन तंत्र से संबंधित **नहीं** हैं?

- A. शिश्न
- B. डिंबवाहिनी नली ✓
- C. शुक्रवाहिका
- D. वृषणकोश

Q22 Respiratory System

जंतु कोशिकाओं में कोशिकीय श्वसन के दौरान निर्मुक्त ऊर्जा का उपयोग करके कौन-सा अणु तत्काल संश्लेषित होता है?

- A. ऐडेनोसिन डाइफॉस्फेट (ADP)
- B. निकोटिनैमाइड ऐडेनीन डाइन्यूक्लिओटाइड (NAD)
- C. ऐडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP) ✓
- D. ग्वानोसीन डाइफॉस्फेट (GDP)

Q23 Theory of Evolution

एक पक्षी विज्ञानी देखता है कि पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों की वक्ष पेशियां, वनों में पाए जाने वाले पक्षियों की तुलना में अधिक मजबूत होती हैं और उनके पंख बड़े होते हैं। यहाँ कौन-सा संरचनात्मक अनुकूलन प्रदर्शित हो रहा है?

- A. विरल वायु में निरंतर उड़ान को सुगम बनाना ✓
- B. छद्मावरण में सुधार
- C. घोंसला बनाने की क्षमता बढ़ाना
- D. अंडे के उत्पादन में वृद्धि

Q24 Work, Energy & Power

एक विद्यार्थी क्षैतिज से किसी कोण पर एक बॉक्स पर नियत बल अनुप्रयुक्त करता है और बॉक्स रूक्ष पृष्ठ पर एक सीधी क्षैतिज रेखा में गति करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बॉक्स पर अनुप्रयुक्त बल द्वारा किए गए कार्य का सही वर्णन करता है?

- A. अनुप्रयुक्त बल का केवल ऊर्ध्वाधर घटक, जिसे ऊर्ध्वाधर रूप से स्थानांतरित की गई दूरी से गुणा किया जाता है।
- B. बल के क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर घटकों का योग, तय की गई कुल दूरी से गुणा किया जाता है।
- C. अनुप्रयुक्त बल के केवल क्षैतिज घटक को उसी दिशा में स्थानांतरित दूरी से गुणा करने पर किया गया कार्य प्राप्त होता है। ✓
- D. अनुप्रयुक्त बल, जिसमें क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों घटक शामिल हैं, को स्थानांतरित दूरी से गुणा किया जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

m द्रव्यमान की वस्तु को पृथ्वी की सतह के समीप h ऊँचाई तक ऊर्ध्वाधर उठाया जाता है। इसकी गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा क्या है?

A. hg/m

B. mh/g

C. mg/h

D. mgh ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

रदरफोर्ड के मॉडल के अनुसार, कौन-सा कथन नाभिक का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- A. नाभिक लघु, सघन और धनावेशित होता है ✓
- B. नाभिक खोखला और उदासीन होता है
- C. नाभिक बड़ा, हल्का और ऋणावेशित होता है
- D. नाभिक फैला हुआ और अनावेशित होता है

Q2 Basic Organic Chemistry

एथेनॉल के एक मोल के पूर्ण ऑक्सीकरण से CO_2 के कितने मोल मुक्त होते हैं?

- A. दो ✓
- B. चार
- C. एक
- D. तीन

Q3 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

जब कोई अधातु इलेक्ट्रॉनों की लब्धि करती है, तो वह _____ है।

- A. प्रोटॉन बनाती है
- B. उदासीन हो जाती है
- C. ऋणायन बनाती है ✓
- D. धनायन बनाती है

Q4 Circulatory System (Heart, Blood)

एक रोगी के फेफड़ों का आयतन सामान्य होने के बावजूद, ऑक्सीजन संतृप्ति कम है। कौन-सी स्थिति इसकी सर्वोत्तम व्याख्या करती है?

- A. केशिका घनत्व में वृद्धि
- B. सांस लेने की दर में वृद्धि
- C. हीमोग्लोबिन सांद्रता में कमी ✓
- D. वायु कूपिका की संख्या में कमी

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

सादृश्य को पूरा कीजिए।

बिम्बाणु : स्कंदन :: श्वेत रुधिर कोशिकाएं : _____।

- A. खनिजों का भंडारण
- B. जोड़ों को जोड़ना
- C. शोथ से लड़ना ✓
- D. ऑक्सीजन परिवहन

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

हृदय के संकुचन के दौरान कौन-सी संरचना रक्त के पश्च प्रवाह को रोकती है?

- A. पेशियां (Muscles)
- B. सेप्टा (Septa)
- C. धमनियां (Arteries)
- D. कपाट (Valves) ✓

Q7 Ecosystem & Food Chain

खाद्य श्रृंखलाओं की तुलना में खाद्य जालों को अधिक स्थायी क्यों माना जाता है?

- A. ये पोषी स्तरों के बीच ऊर्जा अंतरण नहीं दर्शाते हैं
- B. इनमें कोई मांसाहारी नहीं होते हैं
- C. इनमें उत्पादकों की संख्या अधिक होती है
- D. ये कई खाद्य संभावनाएं प्रदर्शित करते हैं ✓

Q8 Electromagnetic Induction

जब कोई चालक चुंबकीय क्षेत्र से होकर गुजरता है, तो क्या होता है?

- A. चालक में प्रकाश उत्पन्न होता है।
- B. चालक गर्म हो जाता है।
- C. इसके सिरों पर एक विभवांतर प्रेरित होता है। ✓
- D. चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता बढ़ जाती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Global Warming & Climate Change

अत्यधिक वायुमंडलीय CO_2 महासागरीय जल में इसके विघटन को बढ़ाता है। इससे समुद्री जल अधिक _____ हो जाता है।

A. ऑक्सीजनित
B. उदासीन
C. अम्लीय ✓
D. क्षारीय

Q10 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

अभिकथन (A) और कारण (R) नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): असंतृप्त हाइड्रोकार्बन काले धूम के साथ पीली ज्वाला प्रदान करते हैं।

कारण (R): ऑक्सीजन की कमी होने पर ये पूर्ण रूप से जल जाते हैं।

A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है। ✓
B. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है।

Q11 Light & Optics

यदि पहले प्रिज्म के बाद एक दूसरे समरूप प्रिज्म को उल्टी स्थिति में रखा जाए, तो स्पेक्ट्रम में रंगों के प्रसार पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. रंगों का प्रसार पुनः संयोजित होकर श्वेत प्रकाश बनाता है ✓
B. रंग और दूर तक प्रसारित हो जाते हैं
C. केवल लाल और वायलेट रंग का विलय होता है
D. स्पेक्ट्रम एक तरफ विस्थापित हो जाता है

Q12 Magnetic Effects of Current

एक डिवाइस विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरित करने के लिए धारावाही चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र के सिद्धांत का उपयोग करता है। कौन-सा डिवाइस इस सिद्धांत पर कार्य करता है?

A. विद्युत मोटर ✓
B. सौर सेल
C. ट्रांसफॉर्मर
D. गैल्वेनोमीटर

Q13 Mechanics

किसी गतिमान पिंड के विस्थापन का पूर्ण वर्णन करने के लिए क्या आवश्यक है?

A. परिमाण और दिशा दोनों ✓
B. केवल दिशा
C. केवल परिमाण
D. मूल बिंदु पर स्थिति

Q14 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी 15 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस से 25 cm की दूरी पर एक मोमबत्ती रखता है और एक वास्तविक प्रतिबिंब प्राप्त करता है। निर्मित प्रतिबिंब का आवर्धन कितना होगा?

A. -2.5
B. - 1.5 ✓
C. 1.67
D. 0.4

Q15 Mixtures, Solutions, Colloids

एक शिक्षक तीन मिश्रण तैयार करता है।

1. जल में विलीन शर्करा
2. जल में विलीन लवण
3. जल और बालू का मिश्रण

निम्नलिखित में से कौन-सा, **निलंबन (suspension)** है?

A. केवल शर्करा और जल का मिश्रण
B. लवण और जल का मिश्रण
C. शर्करा-जल का मिश्रण और बालू-जल का मिश्रण दोनों
D. केवल बालू और जल का मिश्रण ✓

Q16 Nervous System & Brain

तंत्रिकाकोशिका (neuron) का कौन-सा भाग, तंत्रिका आवेगों को कोशिका-काय से दूर ले जाता है?

A. मूल रोम (Root hair)
B. अक्षतंतु (Axon) ✓
C. कशाभ (Flagellum)
D. सिलिया (Cilia)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Newton's Laws of Motion

दो आइस स्केटर घर्षणरहित पृष्ठ पर एक-दूसरे को धक्का देते हैं। उनकी गति के संदर्भ में क्या प्रेक्षित होगा?

A. एक स्केटर गति करता है, जबकि दूसरा स्केटर स्थिर रहता है।

B. दोनों स्केटर समान एवं विपरीत बलों के साथ विपरीत दिशाओं में एक-दूसरे से दूर गति करते हैं। ✓

C. दोनों स्केटर एक-दूसरे के परितः वृत्तों में गति करते हैं।

D. दोनों स्केटर एक साथ एक ही दिशा में गति करते हैं।

Q18 Physical & Chemical Properties

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि किसी अन्य धातु का त्याग करके संक्षारण को रोकती है?

A. गैल्वनाइजेशन (Galvanisation) ✓

B. पेंटिंग (Painting)

C. मिश्रात्वन (Alloying)

D. ऐनोडीकरण (Anodising)

Q19 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक यौगिक, मुख्यतः उपरि वायुमंडल में ओजोन अवक्षय के लिए उत्तरदायी है?

A. मेथेन

B. सल्फर डाइऑक्साइड

C. क्लोरोफ्लोरोकार्बन ✓

D. नाइट्रोजन के ऑक्साइड

Q20 Properties & Tests

जब एक तनु अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सी गैस निर्मुक्त होती है?

A. कार्बन डाइऑक्साइड गैस निर्मुक्त होती है ✓

B. ऑक्सीजन गैस निर्मुक्त होती है।

C. हाइड्रोजन गैस निर्मुक्त होती है।

D. नाइट्रोजन गैस निर्मुक्त होती है।

Q21 Skeletal & Muscular System

एक बच्चे में जन्मजात कशेरुकदंड की अनुपस्थिति है। कौन-सा मुख्य देह तंत्र मुख्यतः प्रभावित होगा?

A. श्वसन गैसों का विनिमय

B. त्वचीय श्वसन

C. बाह्य पाचन

D. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की सुरक्षा ✓

Q22 Sound

ध्वनि के संचरण में माध्यम की क्या भूमिका होती है?

A. माध्यम ऐसे कण प्रदान करता है जो ध्वनि कंपनों को वहन करते हैं ✓

B. माध्यम गमन के लिए ध्वनि को प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित करता है

C. माध्यम ध्वनि को अंतरालों के बीच गति करने से रोकता करता है

D. ध्वनि के एक बिंदु से दूसरे बिंदु पर गति करने के लिए माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है

Q23 Types (Combination, Decomposition, etc.)

एक अभिक्रिया तब होती है जब दो जलीय लवण विलयनों को निश्रित किया जाता है, और एक अघुलनशील ठोस बनता है जबकि शेष आयन विलयन में विलीन रहते हैं। यह किस प्रकार की अभिक्रिया को दर्शाता है?

A. ऊर्जा निवेश की आवश्यकता वाली अपघटन अभिक्रिया

B. एकल उत्पाद बनाने वाली संयोजन अभिक्रिया

C. धातु विनिमय से संबंधित विस्थापन अभिक्रिया

D. द्वि विस्थापन अवक्षेपण अभिक्रिया ✓

Q24 Work, Energy & Power

किए जाने वाले कार्य के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक **नहीं** है?

A. ऊर्जा संग्रहीत होनी चाहिए ✓

B. बल कार्य करना चाहिए

C. बल और विस्थापन दोनों उपस्थित होने चाहिए

D. विस्थापन होना चाहिए

Q25 Work, Energy & Power

500 kg द्रव्यमान की पानी की एक टंकी धरातल से 20 m ऊपर एक इमारत की छत पर रखी गई है। गुरुत्वीय त्वरण g = 10 m/s^2 है। यदि टंकी को दूसरी इमारत की छत पर ले जाया जाता है, जिसकी ऊंचाई पहली इमारत की ऊंचाई की दोगुनी है, जबकि इसका द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है, तो उसकी नई गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा कितनी होगी?

A. 200,000 J ✓

B. 100,000 J

C. 50,000 J

D. 400,000 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

एक तत्व X से एक आयन X^{2+} बनता है। यदि X के उदासीन परमाणु में 20 इलेक्ट्रॉन हैं, तो आयन में कितने इलेक्ट्रॉन उपस्थित हैं?

- A. 18 ✓
- B. 24
- C. 20
- D. 22

Q2 Atomic Structure & Models

किसी तत्व की संयोजकता क्या दर्शाती है?

- A. किसी परमाणु में उपस्थित इलेक्ट्रॉन कोशों की कुल संख्या
- B. नाभिक में उपस्थित न्यूट्रॉनों की कुल संख्या
- C. रासायनिक अभिक्रियाओं में किसी परमाणु की संयोजन क्षमता ✓
- D. परमाण्विक द्रव्यमान मात्रकों में मापा गया परमाणु का द्रव्यमान

Q3 Balancing Chemical Equations

एक विद्यार्थी, जिंक की नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया के लिए ढाँचागत समीकरण लिखता है:

$Zn + HNO_3 \rightarrow Zn(NO_3)_2 + H_2$

समीकरण को **सबसे छोटी पूर्ण संख्या गुणांकों** के साथ संतुलित करने के बाद, संतुलित समीकरण में **सभी गुणांकों का योगफल** कितना होगा?

- A. 7
- B. 5 ✓
- C. 6
- D. 8

Q4 Classification of Organisms

एक जनजातीय समुदाय खाद्य और औषधि के लिए वन्य मशरूमों (wild mushrooms) की पहचान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, उनके पोषण और औषधीय मूल्य के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक है?

- A. जैवसक्रिय यौगिकों की उच्च मात्रा ✓
- B. रंगीन कैप पैटर्न उपस्थिति
- C. शीघ्रता से स्पोर उत्पादन क्षमता
- D. पादपों से संरचनात्मक समानता

Q5 Classification of Organisms

प्रयोगशाला में कवक संवर्धन को गर्म और आर्द्र ऊष्मायित्र में रखने पर उसमें उत्तम वृद्धि प्रेक्षित की जाती है। इन स्थितियों से उसकी जैविकी का कौन-सा पहलू प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है?

- A. वर्णक उत्पादन में वृद्धि
- B. इष्टतम बीजाणु अंकुरण और वृद्धि ✓
- C. कोशिका विभाजन की अधिकतम दर
- D. रसधानियों में उच्च ऊर्जा भंडारण

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

धातु तंतु बल्ब से विद्युत धारा प्रवाहित होने पर वह दीप्त क्यों होता है?

- A. तंतु में रासायनिक अभिक्रिया से प्रकाश उत्पन्न होता है
- B. तंतु धारा द्वारा चुम्बकित हो जाता है
- C. तंतु प्रतिरोध प्रदान करके विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा और प्रकाश में परिवर्तित करता है ✓
- D. तंतु शून्य प्रतिरोध के साथ धारा का चालन करता है

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक विज्ञान प्रोजेक्ट में परिपथ में विद्युत धारा को नियंत्रित करने के लिए एक परिवर्ती प्रतिरोधक की आवश्यकता होती है। इस घटक को निरूपित करने के लिए व्यवस्थित आरेख (schematic diagram) में किस प्रतीक का उपयोग किया जाना चाहिए?

- A. समानांतर लंबी और छोटी रेखाएं
- B. एक जिग-जैग रेखा जिस पर एक तीर का निशान हो ✓
- C. एक सरल जिग-जैग रेखा
- D. एक सीधी रेखा जिसमें एक अंतराल और एक सेतु हो

Q8 Digestive System

आमाशय ग्रंथियों द्वारा स्रावित कौन-सा एंजाइम आमाशय में प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है?

- A. लाइपेज
- B. ऐमिलेज
- C. पेप्सिन ✓
- D. माल्टेस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 Digestive System

मानव आमाशय में पाचन एंजाइमों के लिए एक विशिष्ट pH बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. आमाशय के अतिरिक्त अम्ल को उदासीन करने के लिए

B. हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकने के लिए

C. जल को अधिक कुशलता से अवशोषित करने के लिए

D. पेप्सिन जैसे एंजाइमों के सही आकार और गतिविधि को सुनिश्चित करने के लिए ✓

Q10 Ecosystem & Food Chain

यदि एक अजैव-निम्नीकरणीय रसायन जल में 0.02 ppm की सांद्रता से खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, तो समय के साथ क्या होगा?

A. यह पारिस्थितिकी तंत्र से पूर्णत: लुप्त हो जाएगा

B. यह केवल उत्पादकों तक ही सीमित रहेगा

C. यह उच्चतम पोषी स्तरों पर अधिकतम संचयन दर्शाएगा ✓

D. उच्चतम पोषी स्तरों पर इसकी सांद्रता कम हो जाएगी

Q11 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

किन स्थितियों के संयोजन से समुद्री अवसादों से पेट्रोलियम का निर्माण होने की सर्वाधिक संभावना है?

A. उच्च ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां

B. उच्च दाब, उच्च ताप, अवायवीय स्थितियां ✓

C. निम्न दाब, उच्च ताप, वायवीय स्थितियां

D. निम्न ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां

Q12 Matter & Its Properties

कौन-सा कथन सही ढंग से दर्शाता है कि रासायनिक परिवर्तन भौतिक परिवर्तन से भिन्न है?

A. रासायनिक परिवर्तन से नया पदार्थ बनता है, जबकि भौतिक परिवर्तन में नहीं। ✓

B. रासायनिक परिवर्तन केवल आकार और रूप को प्रभावित करता है, जबकि भौतिक परिवर्तन संरचना को प्रभावित करता है।

C. रासायनिक परिवर्तन केवल रूप बदलते हैं, जबकि भौतिक परिवर्तन नए पदार्थ बनाते हैं।

D. रासायनिक परिवर्तन हमेशा प्रतिवर्ती होता है, जबकि भौतिक परिवर्तन कभी भी प्रतिवर्ती नहीं होता है।

Q13 Mechanics

एक-विमीय गति में निम्नलिखित में से कौन-सी राशि कभी भी ऋणात्मक नहीं हो सकती है?

A. विस्थापन

B. स्थिति में परिवर्तन

C. वेग

D. पथ की लंबाई ✓

Q14 Mechanics

जब _____, तो एक उत्तोलक 1 से अधिक यांत्रिक लाभ प्रदान करता है।

A. भार भुजा, आयास-भुजा से लंबी होती है

B. आयास-भुजा, भार भुजा से लंबी होती है ✓

C. आलंब अनुपस्थित होता है

D. दोनों भुजाएं बराबर होती हैं

Q15 Mirrors & Lenses

एक भौतिकी शिक्षक ने विद्यार्थियों से एक ऐसा परिदृश्य बनाने को कहा जिसमें शेविंग के लिए अवतल दर्पण का उपयोग करके चेहरे का बड़ा और सीधी प्रतिबिंब प्राप्त किया जा सके। इस परिणाम के लिए दर्पण के सापेक्ष चेहरा कहां होना चाहिए?

A. दर्पण के वक्रता केंद्र पर

B. दर्पण के वक्रता केंद्र से परे

C. दर्पण के फोकस पर

D. ध्रुव और दर्पण के फोकस के बीच ✓

Q16 Newton's Laws of Motion

न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म को सही से निरूपित **नहीं** करता है?

A. बल्ले से गेंद को मारना और गेंद का बल्ले पर वापस धक्का लगाना

B. चलते समय पैरों द्वारा धरातल को धकेलना और धरातल द्वारा वापस पैरों को धकेलना

C. रॉकेट की निकास गैसों का पीछे की ओर धकेलना और वायु का रॉकेट को आगे की ओर धकेलना

D. टेबल पर नीचे की ओर दाब लगाने वाली पुस्तक और पुस्तक को नीचे खींचने वाला गुरुत्व ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Plant Biology

उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया में वृद्धि के कारण किस प्रकार का पादप संचलन होता है?

- A. दिशात्मक वृद्धि ✓
- B. तीव्र संकुचन
- C. यादृच्छिक वृद्धि
- D. वृत्तीय वृद्धि

Q18 Plant Tissues & Transport

पौधों में, विभाजक ऊतकों की उपस्थिति के कारण वृद्धि विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित रहती है, जिन्हें _____ के नाम से भी जाना जाता है।

- A. स्थायी ऊतक
- B. विभज्योतक ऊतक ✓
- C. सहायक ऊतक
- D. संवहनी ऊतक

Q19 Reactivity Series

जब जस्ते की स्ट्रिप को लौह (II) सल्फेट के विलयन में डुबोया जाएगा, तो क्या होगा?

- A. जस्ता पर लोहे का जमाव होता है और हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित होती है।
- B. कोई अभिक्रिया नहीं होती है।
- C. जस्ते पर लौह ऑक्साइड की परत चढ़ जाती है।
- D. जस्ता विलयन से लोहे को विस्थापित करता है। ✓

Q20 Reflection & Refraction

जब प्रकाश की कोई किरण किसी त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म से होकर गुजरती है, तो निर्गत किरण सामान्यतः आपतित किरण के समानांतर नहीं होती है। इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या निम्नलिखित में से क्या है?

- A. प्रिज्म के समानांतर फलक समान अपवर्तन करते हैं जो एक-दूसरे को निरस्त कर देते हैं।
- B. प्रकाश किरण बिना किसी दिशा परिवर्तन के प्रिज्म से एकसमान रूप से गुजरती है।
- C. प्रिज्म के दो अपवर्तक फलक एक-दूसरे की ओर आनत होते हैं, जिससे प्रकाश किरण का समग्र विचलन होता है। ✓
- D. प्रकाश किरण प्रिज्म के दोनों फलकों पर पूर्ण परावर्तन से गुजरती है।

Q21 Reproductive System

एक महिला को मासिक धर्म में अत्यधिक और दीर्घावधि तक रक्तस्राव होता है। उसके डॉक्टर को अंतर्गर्भाशय-कला (endometrium) से संबंधित समस्या होने का संदेह है। इस लक्षण का कारण बनने वाली कौन-सी शरीरक्रियात्मक प्रक्रिया सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है?

- A. रक्त वाहिका निर्माण में कमी
- B. डिंब-ग्रंथि हार्मोन के उत्पादन में कमी
- C. अन्तर्गर्भाशयकला ऊतक का अत्यधिक झड़ना ✓
- D. डिंब के स्राव में विलंब

Q22 Respiratory System

जंतुओं में, अवायवीय श्वसन के परिणामस्वरूप मुख्य रूप से _____ का निर्माण होता है।

- A. कार्बन डाइऑक्साइड
- B. जल
- C. ग्लूकोज
- D. लैक्टिक अम्ल ✓

Q23 Soaps & Detergents

वह मुख्य क्रियाविधि क्या है जिसके द्वारा साबुन कपड़ों से तैलीय गंदगी हटाता है?

- A. साबुन के अणु पृष्ठ तनाव को कम करते हैं और गंदगी को फँसाने वाले (trapping) मिसेल्स बनाते हैं ✓
- B. साबुन जल की मात्रा को वाष्पित कर देता है और उर्ध्वपातन के माध्यम से गंदगी को अलग कर देता है
- C. साबुन चिपचिपापन बढ़ाता है और अशुद्धियों को सीधे पानी में घोल देता है
- D. साबुन तेल के साथ रासायनिक अभिक्रिया करके उसे घुलनशील अल्कोहल में परिवर्तित कर देता है

Q24 Ultrasound & Applications

धातु के ब्लॉक में दोषों का पता लगाने के लिए पराध्वनि (ultrasound) का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

- A. ब्लॉक के भीतर दृश्य संचलन का अवलोकन करके
- B. आंतरिक दरारों पर तरंगों के परावर्तन का मापन करके ✓
- C. धातु के रंग का मापन करके
- D. ब्लॉक को पराध्वनि के साथ गर्म करके

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

एक बच्चा झूले पर झूल रहा है। ऊर्जा संरक्षण नियम के आधार पर, किस बिंदु पर बच्चे की गतिज ऊर्जा सबसे अधिक होती है?

A. झूले के उच्चतम बिंदु पर

B. गतिज ऊर्जा सभी बिंदुओं पर बराबर होती है

C. उच्चतम और निम्नतम बिंदुओं के बीच में

D. झूले के निम्नतम बिंदु पर ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Animal Kingdom (Phyla Overview)

दो जलीय जीव: एक में जल के प्रवाह के लिए छिद्र होते हैं, दूसरा शिकार पकड़ने के लिए स्पर्शकों का उपयोग करता है। कौन-सा मुख्य संरचनात्मक अंतर उनकी संभरण (feeding) रणनीतियों की व्याख्या करता है?

A. दोनों जीवों में खंडीभवन

B. छिद्र-युक्त जीव में द्विपार्श्व सममिति

C. स्पर्शकों वाले जीव में ऊतकों की उपस्थिति ✓

D. स्पर्शकों वाले जीव में कठोर कंकाल की उपस्थिति

Q2 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी यौगिक के अणु का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. विभिन्न तत्वों के एक निश्चित अनुपात में रासायनिक संयोजन से बनने वाला अणु ✓

B. एक ही तत्व के परमाणुओं का समूह

C. परमाणुओं का भौतिक मिश्रण

D. परमाणुओं द्वारा किसी भी परिवर्ती अनुपात में बनने वाला अणु

Q3 Atoms & Molecules

नीचे दी गई तालिका के यौगिक को उसके संबंधित तत्वों के द्रव्यमान अनुपात से मिलान कीजिए।

यौगिक	तत्वों द्वारा द्रव्यमान अनुपात
1. जल (H_2O)	A. 1 : 8
2. कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2)	B. 14 : 3
3. अमोनिया (NH_3)	C. 3 : 8
4. सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2)	D. 1 : 1

A. 1 → C, 2 → A, 3 → B, 4 → D

B. 1 → A, 2 → D, 3 → B, 4 → C

C. 1 → A, 2 → C, 3 → B, 4 → D ✓

D. 1 → A, 2 → C, 3 → D, 4 → B

Q4 Carbon & Its Compounds

निम्नलिखित में से कौन-सा, चतुष्फलकीय संरचना वाला कार्बन अपररूप है?

A. ग्रेफाइट

B. हीरा ✓

C. फुलेरीन

D. ग्राफीन

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

मनुष्यों में, ऑक्सीजन का वहन करने वाला श्वसन वर्णक, _____ है।

A. मायोसिन

B. क्लोरोफिल

C. हीमोग्लोबिन ✓

D. इंसुलिन

Q6 Extraction & Metallurgy

निम्नलिखित में से कौन-सा, आयरन का सबसे शुद्ध रूप है?

A. कठोर इस्पात

B. स्टेनलेस इस्पात

C. पिटवा लोहा ✓

D. लिमोनाइट

Q7 Food Preservation (Chemical)

निम्नलिखित में से किसका उपयोग अचार में परिरक्षक के रूप में किया जाता है?

A. जल में ऐसीटिक अम्ल का 5-8% विलयन ✓

B. जल में एथेनॉल का 5-8% विलयन

C. जल में सिनेमिक का 5-8% विलयन

D. जल में ऐसीटिक ऐनहाइड्राइड का 5-8% विलयन

Q8 Food Preservation (Chemical)

खाद्य तेलों और वसा में भंडारण की कौन-सी स्थिति, विकृतगंधिता को सबसे प्रभावी ढंग से कम कर देती है?

A. भोजन को बार-बार गर्म करना

B. वायुरोधी कंटेनरों में भंडारण करना ✓

C. भोजन में जल मिश्रित करना

D. धूप में रखना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Household Wiring & Safety

फ्यूज तार का कोषस्थीकरण (encasing) करने वाले कार्ट्रिज (जैसे पॉर्सिलेन) का क्या कार्य होता है?

A. फ्यूज के लिए ऊष्मा अभिगम के रूप में कार्य करना

B. फ्यूज के माध्यम से धारा प्रवाह को बढ़ाना

C. पिघले हुए फ्यूज तार को सुरक्षित रूप से रखना और खतरों से रक्षा करना ✓

D. फ्यूज के विद्युत चालन में सुधार करना

Q10 Human Eye & Defects

अभिनेत्र लेन्स की नम्यता (flexibility) में कमी होने के कारण निकट की वस्तुओं पर फोकस करने की उसकी क्षमता में ह्रास होने पर कौन-सा दोष उत्पन्न होता है?

A. लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप जरादूरदृष्टि दोष होता है। ✓

B. लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप अबिन्दुकता होता है।

C. लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप निकट दृष्टि दोष होता है।

D. लेन्स की नम्यता में कमी के परिणामस्वरूप दीर्घदृष्टि दोष होता है।

Q11 Light & Optics

जब श्वेत प्रकाश कांच के प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो क्या होता है?

A. यह सात रंगों के एक बैंड में विभक्त हो जाता है ✓

B. इसका एक ही रंग में परिवर्तन हो जाता है

C. यह पुनः संयुक्त होकर श्वेत प्रकाश में बदल जाता है

D. यह अदृश्य हो जाता है

Q12 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, गति और बल के संदर्भ में एकसमान वृत्तीय गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. कोई वस्तु किसी वृत्त में नियत चाल और नियत दिशा दोनों के साथ चलती है

B. कोई वस्तु किसी सीधी रेखा में परिवर्ती चाल से चलती है

C. कोई वस्तु किसी वृत्त में परिवर्ती चाल और नियत दिशा में चलती है

D. कोई वस्तु किसी वृत्त में नियत चाल से चलती है, लेकिन दिशा में परिवर्तन के कारण इसका वेग बदल जाता है ✓

Q13 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा उस दर का वर्णन करता है जिस पर कोई वस्तु अपना वेग बदलती है?

A. दूरी

B. त्वरण ✓

C. विस्थापन

D. चाल

Q14 Mixtures, Solutions, Colloids

यदि 25 g लवण को 175 g जल में विलीन किया जाता है, तो द्रव्यमान प्रतिशत में विलयन की सांद्रता क्या होगी?

A. 18%

B. 12.5% ✓

C. 15%

D. 10%

Q15 Photosynthesis

चूंकि पादप सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके अपना भोजन स्वयं बनाते हैं, इसलिए उन्हें आमाशय जैसे पाचन अंग की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, उनमें _____के लिए विशेष ऊतक होते हैं।

A. चिंतन

B. प्रकाश संश्लेषण ✓

C. दौड़नें

D. पाचन

Q16 Plant Kingdom (Divisions)

हाल ही में सूखे से प्रभावित किसी पर्यावास में, कौन-सी विशेषता अनावृतबीजी (gymnosperms) को तब जीवित रखने में सर्वाधिक सहायक होगी जब अन्य पादप नष्ट हो जाते हैं?

A. पुष्प विविध परागकों को आकर्षित करते हैं

B. फल जल में बीज प्रकीर्णन में सुधार करते हैं

C. सुई जैसी पत्तियां जल हानि को रोकती हैं ✓

D. जलीय निषेचन जीवित रहना सुनिश्चित करता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Plant Tissues & Transport

सादृश्य को पूरा कीजिए।

जाइलम : जल परिवहन :: फ्लोएम : _____।

A. सूक्ष्मजीवों से सुरक्षा

B. खाद्य परिवहन ✓

C. यांत्रिक सामर्थ्य

D. गैस विनिमय

Q18 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट की तुलना में अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट को अधिक संकटपूर्ण क्यों माना जाता है?

A. वे सूक्ष्मजीव गतिविधि को बढ़ाते हैं

B. वे ऑक्सीजन मुक्त करते हैं

C. वे तेजी से विघटित होते हैं

D. वे पर्यावरण में बने रहते हैं ✓

Q19 Properties & Tests

यदि हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl), सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) के साथ अभिक्रिया करता है, तो जल बनाने में प्रत्येक अभिक्रियक के कौन-से आयन भाग लेते हैं?

A. HCl से Cl-(aq) और NaOH से Na+(aq)

B. HCl से H+(aq) और NaOH से OH-(aq) ✓

C. NaOH से H+(aq) और HCl से OH-(aq)

D. NaOH से Na+(aq) और HCl से Cl-(aq)

Q20 Reflection & Refraction

प्रकाश की एक किरण वायु से एक आयताकार काँच पट्टिका में अभिलंब के साथ 40 डिग्री का कोण बनाते हुए प्रवेश करती है। यदि वायु के संदर्भ में काँच का अपवर्तनांक 1.5 है और वायु में प्रकाश की चाल 3 x 10^8 m/s है, तो काँच पट्टिका के अंदर प्रकाश की चाल ज्ञात कीजिए।

A. 2 × 108m/s ✓

B. 2.25 × 108m/s

C. 2.5 × 108m/s

D. 1.5 × 108m/s

Q21 Respiratory System

जंतुओं में वायवीय श्वसन के लिए कौन-सी गैस आवश्यक है?

A. कार्बन डाइऑक्साइड

B. नाइट्रोजन

C. हाइड्रोजन

D. ऑक्सीजन ✓

Q22 Work, Energy & Power

कार्य-ऊर्जा प्रमेय के अनुसार, यदि किसी वस्तु पर किया गया नेट कार्य शून्य है, तो उसकी गतिज ऊर्जा _____।

A. निरंतर घटती है

B. अपरिवर्तित रहती है ✓

C. शून्य हो जाती है

D. निरंतर बढ़ती है

Q23 Work, Energy & Power

1000 kg द्रव्यमान वाली एक कार 25 m/s की चाल से गतिमान है। यदि चालक ब्रेक लगाकर कार को रोक देता है, तो इस प्रक्रिया के दौरान कितनी गतिज ऊर्जा नष्ट होती है?

A. 12500 J

B. मैक्सवेल के कॉर्कस्क्रू नियम ✓

C. ओम के नियम

D. फैराडे के नियम

Q10 Mechanics

विद्यार्थियों का एक समूह अपने विद्यालय प्रवेश द्वार के लिए व्हीलचेयर रैंप डिजाइन कर रहा है। सरल मशीन की अवधारणा के अनुसार, कौन-सा संशोधन व्हीलचेयर को समान ऊंचाई तक धकेलना सुगम बना देगा?

A. समान ऊंचाई के लिए रैंप की लंबाई को कम करके उसे अतिप्रवण बनाना

B. रैंप पृष्ठ पर घर्षण पदार्थ को जोड़कर गति को मंद करना

C. समान ऊंचाई तक पहुंचने के लिए रैंप की जगह सीढ़ियां जोड़ना

D. रैंप की ऊंचाई को नियत रखते हुए उसकी लंबाई में वृद्धि करना ✓

Q11 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा, लोड (load) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. स्थानांतरित या उठाई जाने वाली वस्तु ✓

B. अधोमुखी अनुप्रयुक्त बल

C. उत्थापनकार्य के लिए प्रयुक्त मशीन

D. किसी प्रणाली में संग्रहीत ऊर्जा

Q12 Mirrors & Lenses

अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र से होकर गुजरने वाली किरण दर्पण से टकराती है। परावर्तित किरण का पथ क्या है?

A. यह अपने मूल पथ पर वापस लौट आती है ✓

B. यह मुख्य अक्ष से अपसरित होती है

C. यह अक्ष के समांतर हो जाती है

D. यह फोकस से होकर गुजरती है

Q13 Mixtures, Solutions, Colloids

तीन मिश्रण दिए गए हैं: पंकिल जल, शर्करा विलयन और दूध। इनमें से कौन-सा एक निलंबन है?

A. शर्करा विलयन

B. दूध

C. पंकिल शर्करा

D. पंकिल जल ✓

Q14 Newton's Laws of Motion

विरामावस्था में रखी किसी वस्तु पर असंतुलित बलों का क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह वस्तु के द्रव्यमान को सदैव बढ़ाता है

B. इससे वस्तु गतिमान हो जाती है ✓

C. यह वस्तु का रंग परिवर्तित कर देता है

D. यह वस्तु को विरामावस्था में रखता है

Q15 Newton's Laws of Motion

निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य किसी वस्तु पर कार्यरत असंतुलित बल को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

A. किक मारने के पश्चात सॉकर बॉल का लुढ़कना प्रारंभ करना ✓

B. गैराज में विराम अवस्था में खड़ी एक कार

C. डेस्क पर रखा हुआ स्थिर कप

D. दीवार पर टंगी हुई स्थिर तस्वीर

Q16 Non-communicable (Diabetes, Cancer, etc.)

गुटखा के उपयोग के कारण भारत में कैंसर का कौन-सा रूप अधिक पाया जाता है?

A. प्रोस्टेट कैन्सर (Prostate cancer)

B. मुख कैन्सर (Oral cancer) ✓

C. हड्डी का कैन्सर (Bone cancer)

D. त्वचा कैन्सर (Skin cancer)

Q17 Photosynthesis

प्रकाश संश्लेषण के दौरान पौधों की पत्तियों में रंध्र (stomata) का प्राथमिक कार्य क्या होता है?

A. गैसीय विनिमय की अनुमति देना ✓

B. ऑक्सीजन का अवशोषण

C. CO_2के प्रवेश को रोकना

D. पत्ती का तापमान स्थिर रखना

Q18 Plant Tissues & Transport

यदि कोई विद्यार्थी पौधे के तने या जड़ की लंबाई बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से विभाजित हो रही कोशिकाओं का अवलोकन करना चाहता है, तो उसे सूक्ष्मदर्शी के तहत किस विशिष्ट ऊतक की जांच करनी चाहिए?

A. स्थायी ऊतक (Permanent tissue)

B. पार्श्विक विभज्योतक (Lateral meristem)

C. शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem) ✓

D. अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary meristem)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Properties & Tests

सोडियम हाइड्रॉक्साइड को जल में घोलने पर किस प्रकार के आयन मुख्य रूप से विलयन को क्षारीय बनाने के लिए उत्तरदायी होते हैं?

A. कार्बोनेट आयन (CO32-)

B. हाइड्रोजन आयन (H+)

C. सोडियम आयन (Na+)

D. हाइड्रॉक्साइड आयन (OH-) ✓

Q20 Reflection & Refraction

एक शिक्षक दो समरूप प्रिज़्मों को विपरीत अभिविन्यास में रखकर उनके माध्यम से श्वेत प्रकाश की किरण-पुंज को गुज़ारता है। दूसरे प्रिज़्म के बाद रखे पर्दे पर क्या परिणाम प्राप्त होगा?

A. किरणपुंज के अंत में एक काला क्षेत्र दिखाई देता है

B. मूल रंगों से परे रंगों का एक नया समूह उभरता है

C. पर्दे पर एक एकल श्वेत धब्बा दिखाई देता है ✓

D. विपरीत रंग क्रम वाला एक स्पेक्ट्रम बनता है

Q21 Reflection & Refraction

जल के भीतर खड़े व्यक्ति द्वारा तट पर ऊपर की ओर स्थित एक वृक्ष को देखने पर, वृक्ष अपने मूल स्थान से भिन्न स्थिति में प्रतीत होता है। इस स्थिति में आभासी विस्थापन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत उत्तरदायी है?

A. जल-वायु अंतरापृष्ठ पर वृक्ष से प्रकाश किरणें अपवर्तन के कारण बंकित हो जाती हैं। ✓

B. जल के पृष्ठ पर विवर्तन के कारण वृक्ष का प्रतिबिंब निर्मित होता है।

C. वृक्ष से प्रकाश किरणें जल के पृष्ठ पर परावर्तित होती हैं।

D. जल, वृक्ष से प्रकाश को विभिन्न रंगों में परिक्षेपित कर देता है।

Q22 Reproductive System

एक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रयोगशाला डिश में विकसित मानव युग्मज में गुणसूत्रों की संख्या सही हो। इस युग्मनज में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होनी चाहिए?

A. 69

B. 46 ✓

C. 92

D. 23

Q23 Soaps & Detergents

साबुन विलयन का धुंधला (cloudy) दिखना, _____ के कारण होता है।

A. आयनों द्वारा प्रकाश के अपवर्तन

B. तेल द्वारा प्रकाश के अवशोषण

C. मिसेल द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन ✓

D. बुलबुले द्वारा प्रकाश के परावर्तन

Q24 Theory of Evolution

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, ऊंट के कूबड़ (hump) में वसा संचयन के प्राथमिक विकासवादी महत्व का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यह चरम वातावरण में जीवित रहने में सहायता करने वाला एक संरचनात्मक निचय (structural reserve) प्रदान करता है। ✓

B. यह संतानों (offspring) के भरण हेतु दूध उत्पादन का प्रत्यक्ष विकल्प प्रदान करता है।

C. यह वर्गिकीय (taxonomic) वर्गीकरण को परिवर्तित करने हेतु शारीरीय अभिलक्षण में परिवर्तन करता है।

D. यह रेगिस्तानी परभक्षी (predator) से शीघ्रता से बचने की सुविधा के लिए शरीर के द्रव्यमान को कम करता है।

Q25 Types (Combination, Decomposition, etc.)

नीचे दिए गए दो कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: वियोजन (अपघटन) अभिक्रिया तब होती है जब एक एकल यौगिक दो या दो से अधिक सरल पदार्थों में टूट जाता है।
कथन B: वियोजन अभिक्रियाओं के लिए सदैव ऑक्सीजन की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

A. कथन A और B दोनों गलत हैं।

B. कथन A सही है लेकिन कथन B गलत है। ✓

C. कथन A गलत है लेकिन कथन B सही है।

D. कथन A और B दोनों सही हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science 25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

थॉमसन का मॉडल _____ की व्याख्या नहीं कर सका।

A. परमाणु की उदासीनता
B. परमाणु के द्रव्यमान
C. इलेक्ट्रॉन की उपस्थिति
D. रदरफोर्ड के प्रयोग के परिणाम ✓

Q2 Basic Organic Chemistry

एक शिक्षक, विद्यार्थियों को ब्यूटेन और आइसोब्यूटेन की संरचना आरेखित करने के लिए कहता है। इन दो अणुओं के बीच मुख्य अंतर क्या है?

A. ब्यूटेन एक सीधी-श्रृंखला है, जबकि आइसोब्यूटेन एक शाखित-श्रृंखला समावयवी है ✓
B. दोनों चक्रीय हाइड्रोकार्बन हैं
C. ब्यूटेन में एक ऐरोमैटिक वलय होता है, जबकि आइसोब्यूटेन में नहीं होता है
D. आइसोब्यूटेन में ब्यूटेन की तुलना में कम कार्बन परमाणु होते हैं

Q3 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

तत्वों के परमाणु इस प्रकार अभिक्रिया करेंगे कि बाह्यतम कोश में _____ विन्यास प्राप्त हो जाए।

A. त्रिक
B. युग्मक
C. अष्टक ✓
D. सप्तक

Q4 Chemical Reactions

किसी विलयन में, कौन-सा प्रेक्षण रासायनिक परिवर्तन होने का संकेत देता है?

A. पदार्थों का एकसमान मिश्रण
B. अवक्षेप का बनना ✓
C. केवल तापमान में वृद्धि
D. ठोस का विलीन होना

Q5 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

10 ओम प्रतिरोध का एक तार 12 V की बैटरी से संयोजित है। यदि इसके समान ही एक अन्य तार को पहले तार के समांतर क्रम में संयोजित किया जाए, तो दोनों तारों द्वारा मिलकर उपभुक्त कुल शक्ति कितनी होगी?

A. 14.4 W
B. 28.8 W ✓
C. 120 W
D. 1.44 W

Q6 Ecosystem & Food Chain

पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. पारिस्थितिकी तंत्र में अधिकांश ऊर्जा जैवभार निर्माण के लिए उपयोग होती है
B. पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों द्वारा ऊर्जा का पुनर्चक्रण किया जाता है
C. पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा प्रवाह एक दिशीय होता है ✓
D. पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा स्थिर रहती है

Q7 Ecosystem & Food Chain

घास स्थल के खाद्य जाल में, घास को खरगोश और कीट खाते हैं। मेंढक, कीटों को खाते हैं, जबकि लोमड़ियां, खरगोशों को खाती है। यदि कीटों की संख्या में तीव्र गिरावट आती है, तो सबसे संभावित प्रभाव क्या हो सकता है?

A. लोमड़ियों की संख्या तीव्रता से बढ़ेगी
B. घास समष्टि नष्ट हो जाएगी
C. मेंढकों की संख्या एकाएक कम हो जाएगी ✓
D. खरगोशों की संख्या में ह्रास होगा

Q8 Electromagnetic Induction

किस सेटअप से कुंडली में अधिक प्रेरित धारा उत्पन्न होने की संभावना सर्वाधिक है?

A. कुंडली में तार के कम फेरों का उपयोग करना
B. छोटे चुंबक का उपयोग करना
C. चुंबक को अधिक धीमी गति से गतिमान करना
D. कुंडली में तार के अधिक फेरों का उपयोग करना ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Five Kingdom Classification

वर्गीकरण प्रणालियों की समीक्षा करते समय, एक जीव विज्ञानी, द्विजगत वर्गीकरण पद्धति (two-kingdom system) में अमीबा को रखने में असमंजस महसूस करता है। किस प्रमुख लक्षण के कारण यह असमंजस उत्पन्न हुआ?

A. अमीबा में कोशिका भित्ति नहीं होती और यह स्थिर रहता है

B. अमीबा, प्रकाशसंश्लेषी और बहुकोशिकीय होता है

C. अमीबा एककोशिकीय होता है, गतिमान होता है और परपोषी होता है ✓

D. अमीबा में एक वास्तविक केंद्रक होता है और यह स्वपोषी होता है

Q10 Mechanics

किस भौतिक राशि को समय के सापेक्ष वेग में परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित किया गया है?

A. त्वरण ✓

B. चाल

C. विस्थापन

D. तय की गई दूरी

Q11 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सी राशि उस कारक को इंगित करती है जिसके द्वारा सरल मशीन अनुप्रयुक्त बल को कई गुना बढ़ाती है?

A. दक्षता

B. वेग अनुपात

C. इनपुट कार्य

D. यांत्रिक लाभ ✓

Q12 Mirrors & Lenses

एक उत्तल लेंस बिंब (वस्तु) से तीन गुना बड़ा एक वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। यदि वस्तु को लेंस से 30 cm की दूरी पर रखा जाए, तो लेंस की क्षमता का निकटतम अनुमानित मान क्या होगा?

A. +2 D

B. +1 D

C. +3.2 D

D. +4.44 D ✓

Q13 Newton's Laws of Motion

गति के प्रथम नियम के अनुसार, यदि किसी चिकने, क्षैतिज पृष्ठ पर लुढ़कती हुई गेंद पर कोई बाह्य बल कार्य नहीं कर रहा है, तो उस पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. गेंद समान दिशा में नियत गति पर लुढ़कती रहेगी। ✓

B. गेंद धीरे-धीरे धीमी हो जाएगी और अपने आप रुक जाएगी।

C. गेंद अपने आप तेज हो जाएगी।

D. गेंद स्वतः अपनी दिशा बदल लेगी।

Q14 Physical & Chemical Properties

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु वायु में गर्म करने पर अपने पृष्ठ पर रक्षी ऑक्साइड परत बनाती है, जो आगे ऑक्सीकरण को रोकती है?

A. सोडियम

B. एल्यूमीनियम ✓

C. आयरन

D. कॉपर

Q15 Physical & Chemical Properties

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण, धातु के संक्षारण को सही ढंग से दर्शाता है?

A. कॉपर के तार का अत्यधिक तापन करने पर पिघल जाता है

B. चांदी जल में पूरी तरह घुल जाती है

C. ऐलुमिनियम यांत्रिक लोड के कारण टूट जाता है

D. आयरन पर लाल-भूरे रंग की पृष्ठ परत बन जाती है ✓

Q16 Plant Biology

संचलन (movement) के दौरान पादप कोशिकाओं की आकृति में परिवर्तन का क्या कारण है?

A. जलांश (Water content) ✓

B. तापमान (Temperature)

C. विशेष प्रोटीन (Special proteins)

D. प्रकाश ऊर्जा (Light energy)

Q17 Properties & Tests

विभिन्न अम्लों के रासायनिक गुण समान होते हैं क्योंकि वे सभी जलीय विलयन में निम्नलिखित में से कौन-से आयन उत्पन्न करते हैं?

A. हाइड्रोजन आयन ✓

B. हाइड्रॉक्साइड आयन

C. क्लोरीन आयन

D. सोडियम आयन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Reflection & Refraction

प्रिज्म के संदर्भ में, आपतित और निर्गत किरण के बीच के कोण को क्या कहा जाता है?

A. आपतन कोण

B. अपवर्तन कोण

C. विचलन कोण ✓

D. निर्गमन कोण

Q19 Reproductive System

एक महिला IVF से गुजरती है और निषेचित अंडे को उसके गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। इस परिदृश्य में, निम्न में से कौन-सा उसकी गर्भावस्था की नैदानिक शुरुआत को चिह्नित करता है?

A. प्रयोगशाला में मैन्युअल निषेचन

B. अंडे का प्राकृतिक अंडोत्सर्ग

C. निषेचित अंडे का प्रत्यारोपण ✓

D. युग्मनज का प्रारंभिक विभाजन

Q20 Reproductive System

मनुष्यों में, कौन-सी जनन कोशिका में एक पूंछ (tail) होती है जो उसे अंडे की ओर तैरने में मदद करती है?

A. युग्मज

B. शुक्राणु ✓

C. भ्रूण

D. अंडा

Q21 Respiratory System

मानव फेफड़ों में सबसे छोटी नलिकाओं के अंत में स्थित गुब्बारे जैसी छोटी संरचनाओं को क्या कहा जाता है?

A. श्वसनी (Bronchi)

B. वायु कूपिका (Alveoli) ✓

C. विल्ली (Villi)

D. श्वसनिका (Bronchioles)

Q22 Soaps & Detergents

अपमार्जकों की निर्मलन क्रिया (cleaning action) _____ में अत्यधिक प्रभावी होती है।

A. अत्यधिक अम्लीय माध्यम

B. अम्लीय माध्यम

C. उदासीन माध्यम

D. क्षारीय माध्यम ✓

Q23 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

यदि कोई वाद्ययंत्र 200 Hz की आवृत्ति वाली ध्वनि उत्पन्न करता है, तो निम्नलिखित में से किस आवृत्ति के कारण इस वाद्ययंत्र की तुलना में उच्चतर तारत्व वाली ध्वनि उत्पन्न होगी?

A. 150 Hz

B. 350 Hz ✓

C. 120 Hz

D. 180 Hz

Q24 Winds & Pressure Belts

एक पहाड़ी गांव में यह देखता है कि पर्वत की तलहटी के निकट मौजूद बेडरूम, रात्रि में अधिक ठंडे महसूस होते हैं। कौन-सी वायुमंडलीय प्रक्रिया इस प्रेक्षण को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करती है?

A. शीतल वायु का स्थलीय समीर के रूप में संचलन

B. गर्म वायु का घाटी समीर के रूप में ऊपर उठना

C. शीतल वायु का पर्वत समीर के रूप में अवरोहण ✓

D. आर्द्र वायु का समुद्री समीर के रूप में प्रवाह

Q25 Work, Energy & Power

M द्रव्यमान का एक वाहन V वेग से यात्रा करता है। यदि इसकी गतिज ऊर्जा 9 गुना बढ़ जाती है, तो इसके वेग में कितना परिवर्तन होगा?

A. वेग तीन गुना हो जाता है ✓

B. वेग दोगुना हो जाता है

C. वेग चार गुना हो जाता है

D. वेग नौ गुना बढ़ जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

वह पथ जिसके अनुदिश एक इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर परिक्रमण करता है, उसे क्या कहा जाता है?

- A. कक्षा ✓
- B. न्यूट्रॉन
- C. अणु
- D. प्रोटॉन

Q2 Atoms & Molecules

यौगिकों के अणु, _____ बनते हैं।

- A. यादृच्छिक परमाणु संयोजनों द्वारा
- B. परमाणुओं के भौतिक मिश्रण से
- C. केवल समान परमाणुओं से
- D. निश्चित अनुपात में विभिन्न तत्वों से ✓

Q3 Basic Organic Chemistry

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि एथेनॉल, द्रव होने तथा ध्रुवीय O–H आबंध होने के बावजूद विद्युत का अल्प चालन क्यों करता है?

- A. यह एक दुर्बल क्षार है जो प्रोटॉनों को ग्रहण करता है
- B. यह जल में CO2और H2O में अपघटित हो जाता है
- C. यह एक सहसंयोजक यौगिक है और विलयन में आयनित नहीं होता है ✓
- D. यह जल में पूरी तरह से आयनों में विघटित हो जाता है

Q4 Basic Organic Chemistry

जब एथेनॉल की सोडियम धातु के साथ अभिक्रिया होती है, तो अभिक्रिया के परिणामस्वरूप कौन-सी गैस मुक्त होती है?

- A. नाइट्रोजन गैस
- B. हाइड्रोजन गैस ✓
- C. कार्बन डाइऑक्साइड
- D. ऑक्सीजन गैस

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

एक शोधकर्ता तीन-कक्षीय हृदय वाले एक जंतु तथा उसके ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त के कुछ मिश्रण का अवलोकन करता है। संदर्भ के अनुसार यह जंतु संभवतः कौन-सा ऊर्जा अनुकूलन प्रदर्शित करता है?

- A. यह नियत ऊर्जा का उपयोग करके अपने शरीर के तापमान को नहीं बनाए रखता है ✓
- B. इसकी ऑक्सीजन आपूर्ति अत्यधिक दक्ष होती है
- C. इसमें मिश्रण रहित दोहरा परिसंचरण होता है
- D. यह नियत ऊर्जा का उपयोग करके शरीर के तापमान को बनाए रखता है

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक विद्युत परिपथ में, आवेश के प्रवाह के लिए आवश्यक विभवांतर कौन उत्पन्न करता है?

- A. दो बिंदुओं के बीच केवल तारों का संयोजन
- B. इलेक्ट्रॉनों पर गुरूत्वीय कर्षण
- C. धारा के प्रति तार का प्रतिरोध
- D. एक या अधिक इलेक्ट्रिक सेल से बनी बैटरी ✓

Q7 Digestive System

खाना खाते समय भोजन को छोटे-छोटे टुकड़ों में संदलित करने में कौन-सा अंग सहायता करता है?

- A. आमाशय
- B. जिह्वा
- C. लार ग्रंथि
- D. दांत ✓

Q8 Digestive System

अमीबा में कौन-सी संरचना मुख्य रूप से खाद्य कणों के परिग्रहण (engulfing) के लिए उत्तरदायी है?

- A. कोशिका पृष्ठ को आच्छादित करने वाली सिलिया
- B. अस्थायी पादाभ ✓
- C. जीव के चारों ओर की कोशिका भित्ति
- D. कोशिका झिल्ली के भीतर कोशिका द्रव्य

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Ecosystem & Food Chain

किसी घास के मैदान के पारिस्थितिकी तंत्र में, किस जीव की संख्या सर्वाधिक होगी?

A. मेंढक

B. घास ✓

C. सर्प

D. बाज

Q10 Extraction & Metallurgy

उस विकल्प का चयन कीजिए, जो अभिकथन (A) और कारण (R) नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य है।

अभिकथन (A): सोडियम और पोटेशियम जैसी धातुओं को विद्युत-अपघटन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।
कारण (R): ये धातुएं अत्यधिक अभिक्रियाशील होती हैं और इन्हें कार्बन के साथ अपचयन द्वारा प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

A. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है

C. A सत्य है, लेकिन R असत्य है

D. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है ✓

Q11 Global Warming & Climate Change

कौन-सी मानवीय गतिविधि, कार्बन चक्र में विछिन्नता को कम करने में सहायता करती है?

A. वनोन्मूलन

B. सौर ऊर्जा को अपनाना ✓

C. जीवाश्म ईंधन के उपयोग में वृद्धि

D. उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग

Q12 Magnetic Effects of Current

यदि किसी सीधे चालक में धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो परिवेशी चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा भी उत्क्रमित हो जाएगी ✓

B. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं दुर्बल हो जाएंगी

C. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं अधिक प्रबल हो जाएंगी

D. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा अपरिवर्तित रहेंगी

Q13 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-से विषमांगी मिश्रण का उदाहरण हैं?

a) कोलॉइडी विलयन
b) निलंबन
c) विलयन

A. केवल (b)

B. केवल (a)

C. (a) और (b) ✓

D. केवल (c)

Q14 Newton's Laws of Motion

निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण इंगित करता है कि किसी वस्तु पर कार्य करने वाले बल संतुलित हैं?

A. शेल्फ पर गतिहीन रखी एक पुस्तक ✓

B. भूमि पर गिरती हुई गेंद

C. एक गेंद विरामावस्था से गति करना शुरू कर देती है

D. सड़क पर नीचे की ओर त्वरित एक कार

Q15 Newton's Laws of Motion

गति के प्रथम नियम के अनुसार, किसी भारी बॉक्स को विराम से धकेलना क्यों कठिन होता है?

A. क्योंकि बॉक्स में लुढ़कने के लिए कोई पहिया नहीं होता है

B. क्योंकि बॉक्स को गुरुत्व द्वारा पीछे खींचा जाता है

C. क्योंकि बॉक्स, जड़त्व के कारण अपनी स्थिति में परिवर्तन का विरोध करता है ✓

D. क्योंकि बॉक्स, फर्श पर चिपक जाता है।

Q16 Properties & Tests

जलीय विलयन में अम्ल और क्षारक दोनों ही विद्युत का चालन करते हैं क्योंकि _____।

A. वे सहसंयोजी आबंध का निर्माण करते हैं।

B. वे जल में आयनों को उत्पादित करते हैं। ✓

C. उनमें मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं।

D. वे ऑक्सीजन गैस निर्मुक्त करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Reflection & Refraction

जब प्रकाश किरण वायु से जल में प्रवेश करती है, तो वायु के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक इन दोनों माध्यमों में प्रकाश की चाल से किस प्रकार संबंधित होता है?

A. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, जल में प्रकाश की चाल और वायु में प्रकाश की चाल का का अनुपात होता है

B. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु में प्रकाश की चाल और जल में प्रकाश की चाल का अनुपात होता है ✓

C. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु और जल में चालों का अंतर होता है

D. वायु के अपवर्तनांक के सापेक्ष जल का अपवर्तनांक, वायु और जल में चालों का योगफल होता है

Q18 Reproductive System

मनुष्यों में, प्राय: प्रत्येक माह किसी एक अंडाशय से एक परिपक्व अंडा मोचित होता है; इस प्रक्रिया को _____ कहते हैं।

A. यौवनारंभ

B. अंडोत्सर्ग ✓

C. रजोनिवृत्ति

D. शुक्राणुजनन

Q19 Skeletal & Muscular System

सूक्ष्मदर्शी से देखने पर कंकाल की मांसपेशियों में वैकल्पिक रूप से हल्की और गहरी धारियाँ दिखाई देती हैं। इस ऊतक की कोशिकाएँ लंबी, बेलनाकार, अशाखित और _____ होती हैं।

A. तर्क्वाकार

B. मृत

C. एककेंद्रकी

D. बहुकेंद्रकी ✓

Q20 Theory of Evolution

वैज्ञानिकों का एक समूह किसी क्षेत्र में घनिष्ठता से संबंधित प्रजातियों के बीच विकासवादी संबंधों और सामान्य वंशावली को निर्धारित करना चाहता है। वर्गीकरण का कौन-सा मानदंड सबसे विश्वसनीय प्रमाण प्रदान करेगा?

A. गतिविधि के पैटर्न को ट्रैक करना

B. आनुवंशिक कूट में समानता ✓

C. केवल बाह्य लक्षण

D. आहार स्वभाव प्रोफाइल

Q21 Types (Combination, Decomposition, etc.)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संयोजन अभिक्रिया और ऊर्जा के बीच संबंध को सही ढंग से वर्णित करता है?

A. कई संयोजन अभिक्रियाएँ ऊष्माक्षेपी होती हैं, हालाँकि कुछ ऊष्माशोषी भी हो सकती हैं। ✓

B. संयोजन अभिक्रियाएँ न तो ऊर्जा निर्मुक्त करती हैं और न ही अवशोषित करती हैं।

C. सभी संयोजन अभिक्रियाओं को ऊष्मा अवशोषित करनी चाहिए।

D. सभी संयोजन अभिक्रियाएँ ऊष्मा निर्मुक्त करती हैं।

Q22 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

यदि दो स्वर (notes), जिनमें से एक को 300 Hz पर और दूसरे को 600 Hz पर बजाया जाए, तो उनके तारत्व की तुलना कैसे की जा सकती है?

A. दोनों स्वरों का तारत्व समान होगा

B. 600 Hz वाले स्वर का तारत्व अधिक होगा ✓

C. 300 Hz वाले स्वर का तारत्व अधिक होगा

D. 300 Hz वाला स्वर, 600 Hz वाले स्वर से अधिक प्रबल होगा

Q23 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, अनुदैर्ध्य ध्वनि तरंगों के लिए अद्वितीय है?

A. ये माध्यम में अगल-बगल के स्पंदों के रूप में गमन करते हैं

B. ये संपीडन और विरलन क्षेत्रों का निर्माण करते हैं ✓

C. ये माध्यम में केवल ऊपर और नीचे कंपन करते हैं

D. ये माध्यम से शृंग और गर्त के रूप में गति करते हैं

Q24 Work, Energy & Power

3 kg के पत्थर को 8 m/s की चाल से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है। फेंकने वाले के हाथ से छूटते समय उसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

A. 96 J ✓

B. 24 J

C. 72 J

D. 48 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

किसी गतिशील वस्तु की गतिज ऊर्जा की गणना करने के लिए किस भौतिक राशि का ज्ञात होना आवश्यक है?

A. द्रव्यमान और वेग ✓

B. केवल वेग

C. केवल द्रव्यमान

D. द्रव्यमान और समय

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

समस्थानिकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. समस्थानिकों में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है।

B. समस्थानिकों में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है लेकिन न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है। ✓

C. समस्थानिकों में समान परमाणु क्रमांक वाले भिन्न-भिन्न तत्व होते हैं

D. समस्थानिकों के परमाणु क्रमांक भिन्न-भिन्न होते हैं, लेकिन द्रव्यमान संख्या समान होती है।

Q2 Atoms & Molecules

कैल्सियम क्लोराइड ($CaCl_2$) का सूत्र इकाई द्रव्यमान कितना है?

A. 65 u

B. 71 u

C. 111 u ✓

D. 46 u

Q3 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

सहसंयोजक यौगिकों का गलनांक सामान्यतः निम्न क्यों होता है?

A. क्योंकि अणुओं के भीतर उनके आबंध दुर्बल होते हैं

B. क्योंकि वे धातुओं से बने होते हैं

C. क्योंकि उनके अंतराआण्विक बल दुर्बल होते हैं ✓

D. क्योंकि उनके अणु बड़े होते हैं

Q4 Chemistry

अभिकथन (A) और कारण (R) से चिह्नित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): कोयला और पेट्रोलियम को जीवाश्म ईंधन कहा जाता है।
कारण (R): इनका निर्माण प्राचीन पौधों और जंतुओं के अवशेषों से हुआ था।

A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है। ✓

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

एक डॉक्टर, सूक्ष्मदर्शी से मोटी और लचीली भित्ति वाली रक्त वाहिका का अवलोकन करता है। यह किस प्रकार की वाहिका हो सकती है?

A. धमनी ✓

B. लसीका वाहिका

C. शिरा

D. केशिका

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक विद्यार्थी धारा को परिवर्तित किए बिना किसी डिवाइस द्वारा खपत की गई शक्ति को कम करना चाहता है। किस क्रिया द्वारा यह प्राप्त होगा?

A. परिपथ में प्रतिरोध घटाना ✓

B. परिपथ में प्रतिरोध बढ़ाना

C. प्रयुक्त वोल्टता बढ़ाना

D. परिपथ में तापमान बढ़ाना

Q7 Electromagnetic Induction

तार की एक कुंडली को शीघ्रता से एक प्रबल चुंबकीय क्षेत्र वाले क्षेत्र में घुमाया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन कुंडली में प्रेरित धारा के परिमाण को संभवतः बढ़ाएगा?

A. कुंडली के लिए मोटे तार का उपयोग करना

B. कुंडली को क्षेत्र में समान चाल से घूर्णन कराना

C. कुंडली के चुंबकीय क्षेत्र में प्रवेश करने की चाल को बढ़ाना ✓

D. कुंडली को क्षेत्र में स्थिर रखना

Q8 Five Kingdom Classification

जलजनित प्रकोप से पता चलता है कि रोगकारक एकल-कोशिकीय, केंद्रक-रहित जीव हैं जो वाहित मल और जंतुओं की आंत्र में पनपते हैं। ये जीव संभवतः किस समूह से संबंधित हैं?

A. मोनेरा जगत ✓

B. प्रोटिस्टा जगत

C. पादप जगत

D. कवक जगत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Mechanics

यदि कोई वस्तु तल में बिंदु (0, 0) से बिंदु (4, -3) तक गति करती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सदिश, विस्थापन को सही प्रकार से निरूपित करता है?

A. (-4, 3)

B. (4, -3) ✓

C. (-3, 4)

D. (3, -4)

Q10 Mirrors & Lenses

मुख्य अक्ष के समांतर एक किरण अवतल दर्पण से टकराती है। परावर्तन के बाद, यह किस बिंदु से गुजरती है?

A. दर्पण के फोकस ✓

B. दर्पण के ध्रुव

C. वक्रता केंद्र

D. दर्पण के शीर्ष

Q11 Mixtures, Solutions, Colloids

निलंबन, विलयन और कोलॉइड में कणों के आमाप का सही घटता क्रम क्या है?

A. निलंबन > विलयन > कोलॉइड

B. निलंबन > कोलॉइड > विलयन ✓

C. कोलॉइड > निलंबन > विलयन

D. विलयन > कोलॉइड > निलंबन

Q12 Nervous System & Brain

तंत्रिका तंत्र में न्यूरॉन्स की भूमिका के लिए उनकी संरचना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. एंजाइमों का उत्पादन करने के लिए

B. ऊतकों की मरम्मत के लिए

C. पोषकों का भंडारण करने के लिए

D. सिग्नल का संचरण होने के लिए ✓

Q13 Newton's Laws of Motion

यदि कोई वस्तु समान दिशा में समान चाल से निरंतर गति करती है, तो उस पर कार्य करने वाले बलों के संबंध में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

A. बल असंतुलित होते हैं

B. सभी बल गति की दिशा के समान दिशा में होते हैं

C. बल संतुलित होते हैं ✓

D. बल सदैव गुरुत्वाकर्षण को निरस्त करते हैं

Q14 Oxidation & Reduction (Redox)

निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:

$ZnO(s) + C(s) \rightarrow Zn(s) + CO(g)$

इस अभिक्रिया में उस पदार्थ की सही पहचान कीजिए जिसका अपचयन होता है?

A. ऑक्सीकरण के दौरान CO उत्पन्न होती है

B. ZnO, ऑक्सीजन का त्यागकर Zn बनाता है ✓

C. ZnO, जिंक धातु में परिवर्तित होता है

D. कार्बन, ऑक्सीजन ग्रहण करके CO बनाता है

Q15 Plant Tissues & Transport

उत्परिवर्तन किसी पादप में परिवहन तंत्र को बाधित करता है, जिससे पर्ण कोशिकाओं में ऑक्सीजन और अपशिष्ट पदार्थों का संचय होता है। परिणामस्वरूप कौन-से दो जैव प्रक्रम प्रत्यक्ष रूप से सबसे अधिक बाधित होते हैं?

A. श्वसन और उत्सर्जन ✓

B. पोषण और श्वसन

C. पोषण और वृद्धि

D. वृद्धि और उत्सर्जन

Q16 Properties & Tests

अम्लों को सावधानीपूर्वक तनुकृत क्यों करना चाहिए?

A. अभिक्रिया को तीव्र करने के लिए

B. छींटों से बचने के लिए ✓

C. सांद्रता कम करने के लिए

D. अम्लता बढ़ाने के लिए

Q17 Reactivity Series

यदि एक धातु को दूसरी धातु के लवण विलयन में रखे जाने पर अभिक्रिया होती है, तो यह इन दोनों धातुओं के बारे में क्या निर्दिष्ट करता है?

A. दोनों धातुएं समान रूप से अभिक्रियाशील हैं

B. विलयन में धातु की तुलना में ठोस धातु अधिक अभिक्रियाशील है ✓

C. अभिक्रियाशीलता के बारे में कोई जानकारी निर्धारित नहीं की जा सकती है

D. विलयन में धातु अधिक अभिक्रियाशील है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Reproductive System

निम्नलिखित में से किस एक को **छोड़कर** शेष सभी, मानव मादा जनन तंत्र के भाग हैं?

A. गर्भाशय (Uterus)

B. अंडवाहिनी (Oviducts)

C. योनि (Vagina)

D. शुक्रवाहिका (Vas deferens) ✓

Q19 Reproductive System

शुक्राणु कोशिका के _____ में निषेचन के लिए आवश्यक आनुवंशिक पदार्थ होता है।

A. शीर्ष (Head) ✓

B. पूँछ (Tail)

C. तरल (Fluid)

D. झिल्ली (Membrane)

Q20 Respiratory System

धूम्रपान शुरू करने के बाद एक रोगी को बार-बार खांसी और श्वसन संक्रमण होने लगता है। कौन-सा शरीरक्रियात्मक परिवर्तन इसकी सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है?

A. मुख गुहा में अत्यधिक लार स्रावण

B. पूरे फेफड़ों में श्वसनियों का संकीर्णन

C. ऊपरी श्वसन पथ में सिलिया कार्य का ह्रास ✓

D. रक्तचाप और हृद स्पंद का तेजी से बढ़ना

Q21 Theory of Evolution

एक शोधकर्ता यह अध्ययन कर रहा है कि पीढ़ी दर पीढ़ी व्यक्तियों के बीच लघु अंतर किस प्रकार नए जीव रूपों के उद्भव में योगदान करते हैं। यह परिदृश्य किस प्रक्रम को निरूपित करता है?

A. आनुवंशिक विचलन (Genetic drift)

B. जैव विविधता का विकास (Evolution of biodiversity) ✓

C. वर्गिकीय वर्गीकरण (Taxonomic classification)

D. पारिस्थितिक अनुक्रम (Ecological succession)

Q22 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

समान आयाम लेकिन विभिन्न आवृत्ति वाली दो ध्वनियों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

A. उनकी प्रबलता समान होती है लेकिन तारत्व विभिन्न होता है ✓

B. वे समान माध्यम में भिन्न गति से गमन करती हैं

C. उनकी आवृत्ति समान होती है लेकिन आयाम भिन्न होते हैं

D. उनका तारत्व समान होता है लेकिन प्रबलता भिन्न होती है

Q23 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से इसका वर्णन करता है कि ध्वनि, विभिन्न पदार्थों के माध्यम से कैसे गमन करती है?

A. ध्वनि, गैसों में सबसे तेज और ठोसों में सबसे धीमी गति से गमन करती है

B. ध्वनि, द्रवों में सबसे तेज और गैसों में सबसे धीमी गति से गमन करती है

C. ध्वनि सभी पदार्थों में समान चाल से गमन करती है

D. ध्वनि, द्रवों और गैसों की तुलना में ठोसों में तेजी से गमन करती है ✓

Q24 Work, Energy & Power

एक पर्वतारोही परिवर्ती ढलानों वाले पहाड़ पर बैग लेकर चढ़ रहा है। चढ़ाई के दौरान किस बिंदु पर बैग की स्थितिज ऊर्जा अधिकतम होगी, यह मानते हुए कि ऊर्जा का ह्रास नहीं होता है और द्रव्यमान नियत रहता है?

A. चढ़ाई की सबसे खड़ी ढलान पर

B. पहाड़ पर चढ़ते हुए आधे रास्ते पर

C. पहाड़ के आधार पर आरंभिक स्थिति पर

D. चढ़ाई के दौरान उच्चतम ऊंचाई पर ✓

Q25 Work, Energy & Power

एक साइकिल चालक गतिमान साइकिल को रोकने के लिए ब्रेक लगाता है। ब्रेकन बल द्वारा साइकिल पर किया गया कार्य _____ होता है।

A. केवल ऋणात्मक ✓

B. केवल धनात्मक

C. शून्य

D. धनात्मक और ऋणात्मक दोनों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Animal Kingdom (Phyla Overview)

एक वन्यजीव पशु चिकित्सक ने देखा कि एक विशेष प्राणी शरीर का बड़ा आकार बनाए रख सकता है और जटिल व्यवहार प्रदर्शित कर सकता है। इन लक्षणों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी संरचनात्मक विशेषता सबसे महत्वपूर्ण है?

A. सुरक्षात्मक दृढ़ बाह्य आवरण

B. संचलन के लिए बाह्य स्पर्शक

C. सपोर्ट के लिए कशेरुक दंड ✓

D. सरल एक कोशिकीय संरचना

Q2 Atomic Structure & Models

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

A. परमाणु संख्या, न्यूक्लिऑन की संख्या के बराबर होती है।

B. कार्बन के दो समस्थानिकों की द्रव्यमान संख्या समान होती है।

C. किसी तत्व के लिए, द्रव्यमान संख्या, परमाणु संख्या की दुगुनी होती है।

D. हाइड्रोजन के तीनों समस्थानिकों - प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्राइटियम में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है। ✓

Q3 Atoms & Molecules

रासायनिक प्रतीकों को लिखने का कौन-सा नियम सही है?

A. केवल दूसरा अक्षर कैपिटल में

B. अक्षरों को इटैलिक में लिखा जाना

C. केवल प्रथम अक्षर कैपिटल में ✓

D. दोनों अक्षर कैपिटल अक्षरों में

Q4 Basic Organic Chemistry

निम्नलिखित में से किस यौगिक में अमीन (amine) और कार्बोक्सिल (carboxyl) दोनों कार्यात्मक समूह मौजूद होते हैं?

A. एथेनॉल (Ethanol)

B. ग्लाइसिन (Glycine) ✓

C. एथेनल (Ethanal)

D. प्रोपेनोन (Propanone)

Q5 Basic Organic Chemistry

A. ब्यूटेन-2-अल

B. ब्यूटेन-2-ओल

C. ब्यूटेन-2-ऑन ✓

D. ब्यूटेन-2-ओइक अम्ल

Q6 Basic Organic Chemistry

निम्नलिखित में से किस पदार्थ के रासायनिक संघटन में कार्बन **नहीं** होता है?

A. कार्बोहाइड्रेट

B. प्रोटीन

C. DNA

D. जल ✓

Q7 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी तरह से बताता है कि सोडियम क्लोराइड कक्ष तापमान पर ठोस क्यों होता है?

A. इसमें परमाणुओं के बीच धात्विक आबंधन होता है।

B. यह सहसंयोजक बंधों द्वारा जुड़े अणुओं का निर्माण करता है।

C. यह कमजोर वैन डेर वाल्स बलों द्वारा एक साथ आबंधित होता है

D. इसमें आयनों के बीच प्रबल विद्युतस्थैतिक आकर्षण होता है। ✓

Q8 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक इलेक्ट्रिक केतली का प्रतिरोध 10 ओम है और यह 220 V की आपूर्ति से जुड़ी है। प्रचालन के 5 मिनट के दौरान, इसके माध्यम से कितना आवेश प्रवाहित होगा?

A. 2200 C

B. 13200 C

C. 6600 C ✓

D. 1100 C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Echo, Resonance, Doppler Effect

ध्वनि के संचरण और परावर्तन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रतिध्वनि का सटीक वर्णन करता है?

- A. प्रतिध्वनि परावर्तित ध्वनि है जो मूल ध्वनि के बाद स्पष्ट रूप से सुनाई देती है ✓
- B. प्रतिध्वनि स्रोत से दूरी के कारण ध्वनि की पिच में होने वाला परिवर्तन है
- C. प्रतिध्वनि कंपन करने वाली वस्तु द्वारा उत्पन्न निरंतर ध्वनि है
- D. यदि ध्वनि दीवार से परावर्तित होती है, तो प्रतिध्वनि वह ध्वनि है जो अधिक जोर से उत्पन्न होती है

Q10 Ecosystem & Food Chain

किसी खाद्य श्रृंखला में, अजैवनिम्नीकरणीय प्रदूषकों की अधिकतम सांद्रता निम्नलिखित में से किसमें पाई जाती है?

- A. अपघटक
- B. शीर्ष मांसाहारी ✓
- C. उत्पादक
- D. शाकाहारी

Q11 Ecosystem & Food Chain

खाद्य जाल में, शाकाहारी सामान्यतः _____ होते हैं।

- A. द्वितीयक उपभोक्ता
- B. प्राथमिक उपभोक्ता ✓
- C. उत्पादक
- D. अपघटक

Q12 Magnetic Effects of Current

एक विद्यार्थी एक सीधे धारावाही चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य को बढ़ाना चाहता है। परिवर्तनों के किस संयोजन द्वारा यह सबसे प्रभावी रूप से प्राप्त होगा?

- A. धारा को नियत रखते हुए प्रेक्षण बिंदु को किसी भी स्थान पर बदलना
- B. धारा को कम करते हुए प्रेक्षण बिंदु को चालक से दूर ले जाना
- C. धारा को बढ़ाते हुए प्रेक्षण बिंदु को चालक के निकट लाना ✓
- D. प्रेक्षण बिंदु को दूर ले जाते हुए धारा को बढ़ाना

Q13 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन इस बात का सबसे प्रबल साक्ष्य (प्रमाण) प्रदान करेगा कि कोई मशीन एक स्थिर घिरनी (fixed pulley) है?

- A. मशीन को उठाने के दौरान वह ऊर्जा संचित करती है।
- B. अनुप्रयुक्त बल, लोड से कम है।
- C. आयास और लोड विपरीत दिशाओं में गति करते हैं। ✓
- D. लोड को उठाने के दौरान वह हल्का हो जाता है।

Q14 Mechanics

दो वस्तुएँ, वस्तु P और वस्तु Q, एक सीधी सड़क पर गति कर रही हैं। वस्तु P प्रत्येक 2 सेकंड में 20 मीटर की यात्रा करती है, जबकि वस्तु Q पहले 2 सेकंड में 20 मीटर और अगले 2 सेकंड में 30 मीटर की दूरी तय करती है। उनकी गतियों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

- A. दोनों वस्तुएँ एकसमान गति में हैं।
- B. दोनों वस्तुएँ असमान गति में हैं।
- C. वस्तु P एकसमान गति में है, जबकि वस्तु Q असमान गति में है। ✓
- D. वस्तु P असमान गति में है, जबकि वस्तु Q एकसमान गति में है।

Q15 Minerals (Iron, Calcium, etc.)

थाइरॉइड ग्रंथि द्वारा थाइरॉक्सिन हार्मोन बनाने के लिए _____ आवश्यक है।

- A. विटामिन D
- B. कैल्सियम
- C. आयोडीन ✓
- D. आयरन

Q16 Mirrors & Lenses

जब किसी वस्तु (बिंब) को उत्तल लेंस के फोकस बिंदु और प्रकाशिक केंद्र के बीच रखा जाता है, तो लेंस द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब का सबसे सही वर्णन कौन-सा कथन करता है?

- A. प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और वस्तु से छोटा होता है।
- B. प्रतिबिंब वास्तविक, सीधा और वस्तु से बड़ा होता है।
- C. प्रतिबिंब आभासी, उलटा और वस्तु से छोटा होता है।
- D. प्रतिबिंब आभासी, सीधा और वस्तु से बड़ा होता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, जल में मिलाने पर एक समांगी मिश्रण बनाता है?

A. लौह रेतन और सल्फर

B. चीनी और रेत

C. तेल और जल

D. लवण और जल ✓

Q18 Newton's Laws of Motion

कोई विद्यार्थी एक भारी और एक हल्की गाड़ी को समान बल के साथ धक्का देता है। न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार, उनके त्वरणों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. दोनों गाड़ियां समान रूप से त्वरित होंगी

B. भारी गाड़ी शून्य त्वरण के साथ गति करेगी

C. भारी गाड़ी की तुलना में हल्की गाड़ी अधिक त्वरित होगी ✓

D. हल्की गाड़ी की तुलना में भारी गाड़ी अधिक त्वरित होगी

Q19 Oxidation & Reduction (Redox)

निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन, किसी रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थ के ऑक्सीकरण को सर्वोत्तम रूप से इंगित करता है?

A. केवल हाइड्रोजन का लाभ

B. भौतिक अवस्था में परिवर्तन

C. ऑक्सीजन का लाभ या हाइड्रोजन की हानि ✓

D. केवल इलेक्ट्रॉनों की हानि

Q20 Properties & Tests

प्रयोगशाला जांच से पता चलता है कि मैग्नीशियम क्षारों के साथ अभिक्रिया करके एक गैस मुक्त करता है। उत्पन्न गैस की सबसे संभावित पहचान क्या है?

A. क्लोरीन

B. हाइड्रोजन ✓

C. ऑक्सीजन

D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q21 Reproductive System

मनुष्यों में, जहाँ पुरुष लाखों शुक्राणु उत्पन्न करते हैं, वहीं महिलाएँ सामान्यतः प्रत्येक माह _____।

A. केवल एक परिपक्व अंडा उत्पन्न करती हैं ✓

B. कुछ सौ परिपक्व अंडे उत्पन्न करती हैं

C. एक भी परिपक्व अंडा उत्पन्न नहीं करती हैं

D. हजारों परिपक्व अंडे उत्पन्न करती हैं

Q22 Reproductive System

13 वर्षीय एक बालिका के मासिक धर्म शुरू होता है, लेकिन पहले वर्ष में अनियमित चक्र होते हैं। जननीय परिपक्वता के अनुसार, इस पैटर्न में संभवतः कौन-सा अंतर्निहित कारक सर्वाधिक योगदान देता है?

A. पूर्णतः परिपक्व अंडाशय

B. निरंतर अंड का मोचन

C. पूर्णतः विकसित गर्भाशय

D. अपरिपक्व हार्मोनल विनियमन ✓

Q23 Respiratory System

मनुष्यों में अंतःश्वसन के दौरान निम्नलिखित में से क्या **नहीं** होता है?

A. वायु फेफड़ों में प्रवेश करती है

B. डायाफ्राम नीचे की ओर सपाट हो जाता है

C. रक्त ऑक्सीजन निर्मुक्त करता है ✓

D. वक्ष गुहा में प्रसार होता है

Q24 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

एक निश्चित ध्वनि तरंग की आवृत्ति 400 Hz है। इस तरंग का आवर्तकाल कितना होगा?

A. 0.025 सेकंड

B. 0.05 सेकंड

C. 0.25 सेकंड

D. 0.0025 सेकंड ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, भौतिकी में कार्य की वैज्ञानिक परिभाषा को सर्वोत्तम रूप से दर्शाती है?

A. वह व्यक्ति, जो फर्श से किसी बॉक्स को उठाकर मेज पर रखता है ✓

B. वह व्यक्ति, जो दीवार को धक्का देता है लेकिन दीवार हिलती नहीं है

C. वह व्यक्ति, जो किसी बैकपैक के साथ नियत चाल से चलता है

D. वह व्यक्ति, जो अपने सिर पर किसी किताब को स्थिर रूप से पकड़े हुए है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

बोर के परमाणु मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित वृत्तीय पथों में घूमते हैं जिन्हें ऊर्जा स्तर या कोश कहा जाता है।
2. किसी विशेष कक्षा में घूमने के दौरान इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा निरंतर बदलती रहती है।
3. ऊर्जा तभी अवशोषित या उत्सर्जित होती है जब एक इलेक्ट्रॉन एक ऊर्जा स्तर से दूसरे ऊर्जा स्तर पर जाता है।

A. केवल 1 और 3 सही हैं ✓

B. केवल 1 और 2 सही हैं

C. केवल 2 और 3 सही हैं

D. सभी कथन सही हैं

Q2 Atomic Structure & Models

परमाणु के भीतर प्रोटॉन कहाँ स्थित होते हैं?

A. परमाणु के नाभिक में ✓

B. परमाणु के बाहर

C. परमाणु कोश में

D. इलेक्ट्रॉन अभ्र में

Q3 Basic Organic Chemistry

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, संतृप्त कार्बन यौगिक का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक द्वि-आबंध होता है।

B. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक त्रि-आबंध होता है।

C. एक संतृप्त कार्बन यौगिक में कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल आबंध होते हैं। ✓

D. एक संतृप्त कार्बन यौगिक की संरचना में एक बेन्जीन वलय होता है।

Q4 Basic Organic Chemistry

एक विद्यार्थी एथेनॉल को क्षारीय पोटेशियम परमैंगनेट के साथ गर्म करता है। कौन सा अवलोकन इस बात की पुष्टि करता है कि ऑक्सीकरण प्रक्रिया हुई?

A. एक मीठी सुगंध वाले एस्टर का निर्माण

B. जलने की गंध वाली गैस का उत्सर्जन

C. रंग या गंध में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

D. $KMnO_4$ का बैंगनी रंग फीका पड़ जाता है और एक तीखी गंध वाला तरल पदार्थ बन जाता है। ✓

Q5 Chemical Reactions

निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन है और भौतिक परिवर्तन **नहीं** है?

A. जल में शर्करा विलय

B. जल का क्वथन

C. बर्फ का पिघलना

D. लौहे पर जंग लगना ✓

Q6 Classification of Organisms

एक वैज्ञानिक वन जीवों को पहले उनकी आहार आदतों के अनुसार और फिर उनके पर्यावास के अनुसार वर्गीकृत करता है। इस बहु-मानदंड वर्गीकरण उपागम का मुख्य लाभ क्या है?

A. यह कार्यात्मक संबंधों को प्रकट करता है ✓

B. यह आनुवंशिक समरूपता पर केंद्रित है

C. यह समूहों की संख्या को कम करता है

D. यह वर्गिकी को सरल बनाता है

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

यदि किसी तार में धारा और वोल्टता दोनों की समान गुणक (same factor) से वृद्धि की जाए, तो उस तार के प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. प्रतिरोध कम हो जाएगा

B. प्रतिरोध, गुणक में वृद्धि पर निर्भर करेगा

C. प्रतिरोध अपरिवर्तित रहेगा ✓

D. प्रतिरोध में वृद्धि होगी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q8 Echo, Resonance, Doppler Effect

एक विद्यार्थी 176 मीटर दूर स्थित ऊंची इमारत की ओर अभिमुख होकर चिल्लाता है और उसे 1 सेकंड बाद प्रतिध्वनि सुनाई देती है। इस प्रेक्षण के आधार पर वायु में ध्वनि की चाल कितनी होगी?

- A. 352 m/s ✓
- B. 400 m/s
- C. 176 m/s
- D. 330 m/s

Q9 Extraction & Metallurgy

अभिकथन (A) और कारण (R) के दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A): कॉपर ऑक्साइड को कार्बन के साथ गर्म करके कॉपर प्राप्त किया जा सकता है।
(R): कॉपर सक्रियता सीरीज़ में कम होता है और इसे साधारण तापन द्वारा अपचयित किया जा सकता है।

- A. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
- B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है। ✓

Q10 Important Salts & Their Uses

सोडियम कार्बोनेट (वाशिंग सोडा) का उपयोग निम्नलिखित में से किस उद्योग में किया जाता है?
a. कांच
b. साबुन
c. कागज

- A. केवल a और b
- B. केवल b और c
- C. a, b और c ✓
- D. केवल a और c

Q11 Magnetic Effects of Current

किसी परिनालिका का उपयोग उसके अंदर रखे मृदु लोहे के टुकड़े को चुंबकित करने के लिए क्यों किया जा सकता है?

- A. क्योंकि परिनालिका उसके अंदर प्रबल और एकसमान चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है ✓
- B. क्योंकि परिनालिका चुंबकीय क्षेत्रों को मृदु लोहे में प्रवेश करने से रोकती है
- C. क्योंकि परिनालिका केवल उसके बाहर असमान क्षेत्र उत्पन्न करती है
- D. क्योंकि परिनालिका उसके अंदर दुर्बल और प्रकीर्ण चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है

Q12 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, स्थिति-समय ग्राफ पर शून्य रैखिक वेग वाली वस्तु को दर्शाती है?

- A. मूल-बिंदु से अधोमुखी-प्रवणता वाली एक सीधी रेखा
- B. बाईं ओर से दाईं ओर बढ़ती हुई एक वक्रित रेखा
- C. समय अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज सीधी रेखा ✓
- D. मूल-बिंदु से उर्ध्वमुखी-प्रवणता वाली एक सीधी रेखा

Q13 Mechanics

एक श्रमिक एक भारी कंक्रीट ब्लॉक को उठाने के लिए चार उत्तोलकों (levers) में से किसी एक का चयन कर रहा है। आवश्यक आयास को यथासंभव कम करने के लिए, श्रमिक को किस उत्तोलक का चयन करना चाहिए?

- A. आयास भुजा = 20 cm, लोड भुजा = 20 cm
- B. आयास भुजा = 50 cm, लोड भुजा = 25 cm
- C. आयास भुजा = 30 cm, लोड भुजा = 15 cm
- D. आयास भुजा = 40 cm, लोड भुजा = 10 cm ✓

Q14 Nervous System & Brain

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, पादपों और जंतुओं में सूचना चालन की सही तुलना करता है?

- A. पादपों में विशिष्टीकृत ऊतकों का अभाव होता है ✓
- B. जंतुओं में चालन का अभाव होता है
- C. पादप तंत्रिकाओं का उपयोग करते है
- D. दोनों समान ऊतक का उपयोग करते है

Q15 Newton's Laws of Motion

गति का प्रथम नियम प्राथमिक रूप से वस्तु के किस गुणधर्म का वर्णन करता है?

- A. त्वरण
- B. ऊर्जा
- C. जड़त्व ✓
- D. संवेग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q16 Non-communicable (Diabetes, Cancer, etc.)

एक रोगी जो प्रायः तंबाकू उत्पादों को चबाता है, उसे निगलने में कठिनाई होती है और लगातार मुंह में छाले (mouth sores) होने लगते हैं। यह किस स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का सबसे संभावित संकेत है?

A. दमा
B. हेपेटाइटिस
C. मुंह का कैंसर ✓
D. मधुमेह

Q17 Oxidation & Reduction (Redox)

कौन-सा रासायनिक प्रक्रम, मुख्यत: तैलीय खाद्य पदार्थों में अप्रिय गंध और स्वाद का कारण बनता है?

A. वसा और तेलों का ऑक्सीकरण ✓
B. शर्करा का किण्वन
C. एंजाइमों की क्रिया
D. जल का वाष्पीकरण

Q18 Plant Hormones

उद्दीपन के बाद पादप के तत्काल संचलन में कौन-सा कारक योगदान **नहीं** करता है?

A. सिग्नल अंतरण
B. आकृति परिवर्तन
C. जल प्रवाह
D. पेशियों का संकुचन ✓

Q19 Plant Kingdom (Divisions)

एक नए भू-पादप में संवहनी ऊतक होते हैं, लेकिन कोई फूल या बीज नहीं होता है। यह किस समूह से संबंधित है, और इस समूह को किस महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ता है?

A. ब्रायोफाइटा; परिवहन के लिए संवहनी ऊतकों की कमी
B. एंजियोस्पर्म; बीज वातावरण के संपर्क में होते हैं
C. जिम्नोस्पर्म; निषेचन के लिए जल पर निर्भरता
D. टेरिडोफाइटा; बीजों की अनुपस्थिति प्रजनन सफलता को सीमित करती है ✓

Q20 Plant Tissues & Transport

एक वनस्पति विज्ञानी शहर की एक इमारत के लिए जल-दक्ष ऊर्ध्वाधर उद्यान डिजाइन कर रहा है। पवन का सामना करने के लिए आलम्ब और लचीलापन प्रदान करने हेतु मुख्यत: किस सरल स्थायी ऊतक का उपयोग किया जाना चाहिए?

A. बाह्यत्वचीय ऊतक (Epidermal tissue)
B. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma) ✓
C. दृढ़ ऊतक (Sclerenchyma)
D. मृदूतक (Parenchyma)

Q21 Reflection & Refraction

प्रिज्म से गुजरने के बाद सूर्य के प्रकाश के सात रंग पृथक-पृथक रूप से क्यों निर्गत होते हैं?

A. क्योंकि कांच में विभिन्न रंग, विभिन्न चाल से गमन करते हैं ✓
B. क्योंकि रंग, विभिन्न दरों पर अवशोषित होते हैं
C. क्योंकि कांच में सभी रंग, समान चाल से गति करते हैं
D. क्योंकि प्रिज्म की आकृति कुछ रंगों को अवरुद्ध करती है

Q22 Reproductive System

एक दंपति भविष्य में सगर्भता से बचने के लिए स्थायी सर्जिकल गर्भनिरोध पर विचार कर रहा है। यौन संचारित रोगों के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या इस उपगमन की सीमा है?

A. हार्मोनल दुष्प्रभावों को बढ़ाता है
B. मौखिक गोलियों द्वारा प्रतिवर्ती किया जा सकता है
C. गर्भाशय क्षोभ का कारण बनता है
D. संक्रमण को रोकता नहीं है ✓

Q23 Respiratory System

जंतुओं में वायवीय श्वसन के दौरान, तीन-कार्बन वाले पाइरूवेट अणु के विघटन से कार्बन डाइऑक्साइड और _____ उत्पन्न होता है।

A. एथेनॉल
B. लैक्टिक अम्ल
C. जल ✓
D. ग्लूकोज

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह व्याख्या करता है कि वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल में किस प्रकार परिवर्तन होता है?

A. जल में ध्वनि की चाल, वायु की तुलना में धीमी होती है

B. वायु और जल दोनों में ध्वनि की चाल समान रहती है

C. वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल बढ़ जाती है ✓

D. वायु से जल में प्रवेश करने पर ध्वनि की चाल कम हो जाती है

Q25 Work, Energy & Power

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऊर्जा संरक्षण के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. ऊर्जा को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन उत्पन्न नहीं किया जा सकता है।

B. ऊर्जा भौतिक प्रक्रियाओं के दौरान उपयोग की जाती है और लुप्त हो जाती है।

C. ऊर्जा को न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट; यह केवल अपना रूप परिवर्तित करती है। ✓

D. किसी संवृत निकाय में ऊर्जा सदैव बढ़ती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

प्रकृति में क्लोरीन-35 और क्लोरीन-37, क्लोरीन के दो समस्थानिक पाए जाते हैं। कौन-सा कथन उनके रासायनिक व्यवहार की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

- A. वे समरूप यौगिक बनाते हैं। ✓
- B. वे सोडियम के साथ अलग तरह से अभिक्रिया करते हैं।
- C. वे हाइड्रोजन के साथ आबंधन नहीं बना सकते हैं।
- D. उनकी संयोजकताएँ भिन्न-भिन्न होती है।

Q2 Atomic Structure & Models

बोर के मॉडल के अनुसार, इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर _____ में घूमते हैं।

- A. यादृच्छिक वृत्ताकार मार्ग
- B. स्थिर वृत्ताकार कक्षाओं ✓
- C. दीर्घवृत्तीय ऊर्जा बादलों
- D. सर्पिल प्रक्षेपपथ

Q3 Balancing Chemical Equations

एक विद्यार्थी समीकरण $Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$ को संतुलित करने का प्रयास करता है और निम्नलिखित चरण लिखता है:

$Fe + H_2O_4 \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$

कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है कि यह चरण **गलत** क्यों है?

- A. यह द्रव्यमान संरक्षण के नियम को बनाए रखता है
- B. यह ऑक्सीजन परमाणुओं को प्रत्यक्ष रूप से संतुलित करता है
- C. यह जल के संघटन को परिवर्तित करता है ✓
- D. यह ऑक्सीजन परमाणुओं में सही ढंग से वृद्धि करता है

Q4 Basic Organic Chemistry

ऑक्सीजन में कार्बन के जलने पर क्या बनता है?

- A. ऊष्मा और प्रकाश के साथ मेथेन गैस मुक्त होती है
- B. ऊष्मा और प्रकाश के साथ हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है
- C. ऊष्मा और प्रकाश के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड मुक्त होती है
- D. ऊष्मा और प्रकाश के साथ कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त होती है ✓

Q5 Classification of Organisms

एक प्राणीविज्ञानी को दो ऐसे जीव मिलते हैं जिनका गण (order) समान है परंतु कुल (family) भिन्न हैं। यह उनके वर्गीकरण के बारे में किस निष्कर्ष को इंगित करता है?

- A. वे गण तक के सभी उच्च स्तरों को साझा करते हैं ✓
- B. वे वंश (genus) साझा करते हैं लेकिन कुल नहीं
- C. वे कुल साझा करते हैं लेकिन वर्ग नहीं
- D. वे प्रजाति (species) साझा करते हैं लेकिन गण नहीं

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

यदि किसी बल्ब द्वारा खपत की गई विद्युत-शक्ति 60 W है और उस पर वोल्टता 120 V है, तो बल्ब का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

- A. 2 Ω
- B. 0.5 Ω
- C. 60 Ω
- D. 240 Ω ✓

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक विद्यार्थी 12 V की बैटरी और 6 ओम तथा 4 ओम के दो प्रतिरोधकों को श्रेणीक्रम में जोड़कर एक परिपथ बनाता है। ओम के नियम के अनुसार, परिपथ में प्रवाहित होने वाली कुल विद्युत-धारा का मान कितना होगा?

- A. 2.0 A
- B. 1.2 A ✓
- C. 0.6 A
- D. 1.0 A

Q8 Digestive System

स्वादिष्ट भोजन को देखने या सोचने से हमारे मुंह में "पानी" क्यों आ जाता है?

- A. आमाशय अम्ल तेजी से बढ़ता है
- B. लार ग्रंथियां लार का स्राव करती हैं ✓
- C. पाचक एंजाइम मुक्त होते हैं
- D. स्वाद कलिकाएं तेजी से गति करना शुरू कर देती हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Digestive System

छोटी आंत मानव शरीर के भीतर एक सघन स्थान में क्यों फिट हो जाती है?

A. मोटी दीवारें

B. विस्तृत कुंडलन ✓

C. बड़ा व्यास

D. कठोर अस्तर

Q10 Extraction & Metallurgy

मध्यम अभिक्रियाशील धातुएँ सामान्यतः किन यौगिकों के रूप में पाई जाती हैं?

A. परॉक्साइड, हाइड्राइड या सायनाइड

B. ऑक्साइड, सल्फाइड या कार्बोनेट ✓

C. नाइट्राइड, फ्लोराइड या ब्रोमाइड

D. क्लोराइड, सिलिकेट या फॉस्फेट

Q11 Human Eye & Defects

मानव नेत्र का कौन-सा भाग, नेत्र में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करता है?

A. आइरिस (Iris) ✓

B. कॉर्निया (Cornea)

C. रेटिना (Retina)

D. दृक् तंत्रिका (Optic Nerve)

Q12 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

निम्नलिखित कथनों का संदर्भ लीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: योगात्मक अभिक्रियाएं तब होती हैं जब दो या दो से अधिक अभिकारक मिलकर एकल उत्पाद बनाते हैं।

कथन B: एल्कीन और एल्काइन सामान्यतः योगात्मक अभिक्रियाओं से गुजरते हैं।

A. कथन A और B दोनों गलत हैं।

B. कथन A गलत है लेकिन B सही है।

C. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

D. कथन A और B दोनों सही हैं। ✓

Q13 Mechanics

वेग–समय ग्राफ में, किस प्रकार की रेखा, वेग में कोई परिवर्तन न होने वाली गति को निरूपित करती है?

A. तिर्यक् सीधी रेखा

B. क्षैतिज सीधी रेखा ✓

C. परवलय

D. वक्रित रेखा

Q14 Mechanics

एकसमान गति से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ निम्नलिखित में से किस विशेषता द्वारा अभिलक्षित किया जाता है?

A. ऋणात्मक ढाल वाली सरल रेखा द्वारा

B. परिवर्ती ढाल वाली वक्रित रेखा द्वारा

C. क्षैतिज सरल रेखा द्वारा

D. स्थिर धनात्मक ढाल वाली सरल रेखा द्वारा ✓

Q15 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी ध्यान देता है कि एक लेंस द्वारा बनने वाला प्रतिबिंब आभासी, सीधा और वस्तु से बड़ा है। इस प्रेक्षण के लिए कौन-सा लेंस और वस्तु की स्थिति उत्तरदायी है?

A. अवतल लेंस, जिसमें वस्तु फोकस दूरी से दोगुनी दूरी के परे हो

B. अवतल लेंस, जिसमें वस्तु किसी भी स्थिति में हो

C. उत्तल लेंस, वस्तु लेंस के प्रकाशिक केंद्र और फोकस बिंदु के बीच हो ✓

D. उत्तल लेंस, जिसमें वस्तु फोकस दूरी से दोगुनी दूरी पर हो

Q16 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 20 cm की दूरी पर एक वस्तु रखता है, जिसमें गोलीय दर्पणों के लिए चिह्न परिपाटी का उपयोग किया गया है। प्रतिबिंब की दूरी के लिए सही मान और चिह्न क्या है?

A. +20 cm

B. +10 cm

C. -10 cm

D. -20 cm ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्रण समांगी **नहीं** है?

A. सिरका

Q1 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, फॉस्फोरस द्वारा प्रदर्शित संयोजकता का सही वर्णन करता है?

A. फॉस्फोरस केवल संयोजकता दो प्रदर्शित करता है

B. फॉस्फोरस संयोजकता तीन या पाँच प्रदर्शित कर सकता है ✓

C. फॉस्फोरस केवल संयोजकता तीन प्रदर्शित करता है

D. फॉस्फोरस केवल संयोजकता पाँच प्रदर्शित करता है

Q2 Basic Organic Chemistry

यौगिक $CH_3 - CH_2 - C(CH_3)_2 - CH_2 - CH_3$ का IUPAC नाम क्या है?

A. 2,2-डाइमेथिलपेन्टेन (2,2-dimethylpentane)

B. 3-एथिलपेन्टेन (3-ethylpentane)

C. 3,3-डाइमेथिलपेन्टेन (3,3-dimethylpentane) ✓

D. 2-डाइमेथिलहेक्सेन (2-methylhexane)

Q3 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

तत्वों के निम्नलिखित में से किस युग्म द्वारा आयनिक आबंध बनाने की सर्वाधिक संभावना है?

A. मैग्नीशियम और क्लोरीन ✓

B. नाइट्रोजन और ऑक्सीजन

C. कॉपर और आयरन

D. हाइड्रोजन और कार्बन

Q4 Circulatory System (Heart, Blood)

रक्त एक संयोजी ऊतक है, क्योंकि यह शरीर के विभिन्न तंत्रों को जोड़ता है। वह तरल मैट्रिक्स क्या है जिसमें रक्त कोशिकाएं निलंबित रहती हैं?

A. प्लेटलेट्स

B. साइटोप्लाज्म

C. प्लाज्मा ✓

D. हीमोग्लोबिन

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

ऐसे परिदृश्य में जहां अतिरिक्त कोशिकाबाह्य तरल वापस रूधिर में नहीं जाता है, किस तंत्र की खराबी सर्वाधिक उत्तरदायी है?

A. लसीका तंत्र (Lymphatic system) ✓

B. तंत्रिका तंत्र (Nervous system)

C. पाचन तंत्र (Digestive system)

D. परिसंचरण तंत्र (Circulatory system)

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता को ऐसे पदार्थ के चालक द्वारा प्रदत्त प्रतिरोध के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसकी _____।

A. लंबाई दोगुनी और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल इकाई हो

B. लंबाई आधी और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल दोगुना हो

C. लंबाई और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल इकाई हो ✓

D. लंबाई इकाई हो और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल आधा हो

Q7 Echo, Resonance, Doppler Effect

प्रतिध्वनि को स्पष्ट रूप से सुनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति आवश्यक है?

A. श्रोता को गतिमान होना चाहिए

B. समय-अंतराल कम से कम 0.1 s होना चाहिए ✓

C. ध्वनि का स्रोत बहुत प्रबल होना चाहिए।

D. परावर्तक पृष्ठ मृदु होना चाहिए

Q8 Electromagnetic Spectrum

पृथ्वी की सतह को गर्म करने और ग्रीनहाउस प्रभाव में योगदान देने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी तरंगदैर्ध्य रेंज उत्तरदायी है?

A. अवरक्त विकिरण ✓

B. दृश्य प्रकाश

C. पराबैंगनी विकिरण

D. रेडियो तरंग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Extraction & Metallurgy

वैद्युतअपघटनी परिष्करण के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

a. तांबा, जस्ता और निकल का परिष्करण वैद्युतअपघटन विधि से किया जाता है।
b. इस विधि में शुद्ध धातु की एक पतली पट्टी को कैथोड के रूप में उपयोग किया जाता है।
c. ऐनोड की अधस्तल में जमी हुई अघुलनशील अशुद्धियों को ऐनोड पंक के रूप में जाना जाता है।

A. केवल b और c
B. सभी a, b और c ✓
C. केवल a और b
D. केवल a और c

Q10 Five Kingdom Classification

विज्ञान के एक शिक्षक विद्यार्थियों से सूक्ष्मदर्शी के नीचे एक जीव को पहचानने के लिए कहते हैं। वह जीव एककोशिकीय है और उसकी कोशिका भित्ति दृढ़ है और वह प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। संभवतः निम्नलिखित में से कौन-सा जीव अवलोकित किया जा रहा है?

A. अमीबा
B. पैरामीशियम
C. यूग्लीना
D. सायनोबैक्टीरियम ✓

Q11 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

यदि ऐल्केन में कार्बन शृंखला की लंबाई में वृद्धि होती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक प्रभावित होता है?

A. विद्युत चालकता
B. ज्वलनशीलता
C. रंग
D. क्वथनांक ✓

Q12 Magnetic Effects of Current

एक प्रयोग में सीधे धारावाही चालक तार के पास एक दिक्सूचक का उपयोग किया जाता है। दिक्सूचक की सुई क्या संकेत करती है?

A. दिक्सूचक की सुई अरीय रूप से तार से दूर इंगित करती है।
B. दिक्सूचक की सुई कोई गति नहीं दिखाती है
C. दिक्सूचक की सुई तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र वृत्त के स्पर्शरेखीय संरेखित होती है। ✓
D. दिक्सूचक की सुई तार के समानांतर संरेखित होती है।

Q13 Mirrors & Lenses

यदि किसी बिंब का प्रतिबिंब, बिंब के आकार का तीन गुना और उल्टा बनता है, तो 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सापेक्ष बिंब की संभावित स्थिति क्या है?

A. बिंब दर्पण से 13.3 cm की दूरी पर रखा है ✓
B. बिंब दर्पण से 6.6 cm की दूरी पर रखा है
C. बिंब दर्पण से 10 cm की दूरी पर रखा है
D. बिंब दर्पण से 20 cm की दूरी पर रखा है

Q14 Mixtures, Solutions, Colloids

कोलॉइडी विलयन के दो मुख्य घटक क्या हैं?

A. विलेय प्रावस्था और विलायक माध्यम
B. परिक्षिप्त प्रावस्था और परिक्षेपण माध्यम ✓
C. धातु प्रावस्था और अधातु माध्यम
D. अभिकारक प्रावस्था और उत्पाद माध्यम

Q15 Newton's Laws of Motion

निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति न्यूटन के गति के द्वितीय नियम को निरूपित करती है?

A. एक भारी ट्रक को छोटी कार की तुलना में त्वरित करने के लिए अधिक बल की आवश्यकता होती है ✓
B. एक समतल पृष्ठ पर नियत चाल से लुढ़कती हुई गेंद
C. मेज पर विराम में रखी स्थिर वस्तु
D. एक तैराक पानी को पीछे की ओर धकेलता है और आगे बढ़ता है

Q16 Newton's Laws of Motion

यदि किसी कार को धीरे से धकेल कर उसकी चाल 1 m/s तक कर दी जाती है, तो गति के द्वितीय नियम के अनुसार उसके संवेग में परिवर्तन क्या निर्धारित करता है?

A. परिवर्तन को निर्धारित करने के लिए केवल बल का परिमाण पर्याप्त है।
B. बल का परिमाण और वह समय जब तक बल आरोपित किया जाता है, दोनों संवेग में परिवर्तन निर्धारित करते हैं। ✓
C. केवल गति की दिशा संवेग को परिवर्तित करती है।
D. केवल कार का द्रव्यमान संवेग में परिवर्तन निर्धारित करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Plant Hormones

गुरुत्वानुवर्तन, पादपों में प्रभावी जड़ विकास में किस प्रकार सहायक होता है?

A. यह प्रकाश संश्लेषक ऊतकों को मृदा में निर्देशित करता है

B. यह जड़ों को शाखा बनने से रोकता है

C. यह जड़ों को सूर्य के प्रकाश की ओर बढ़ाता है

D. यह जड़ों को नीचे की ओर बढ़ने के लिए निर्देशित करता है, जिससे पादप स्थिर हो जाता है और उन्हें नमी एवं पोषकों तक पहुँचने में सहायता करता है ✓

Q18 Plant Tissues & Transport

निम्नलिखित में से किसका गमन (परिवहन) जाइलम में होता है?

A. ग्लूकोज

B. जल और खनिज ✓

C. अमीनो अम्ल

D. प्रोटीन

Q19 Plant Tissues & Transport

मृदा से जल और खनिजों को अवशोषित करने के प्रक्रम में मूल रोम, पौधों की किस प्रकार सहायता करते हैं?

A. वे यांत्रिक सहारा प्रदान करते हैं।

B. वे अवशोषण के पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि करते हैं। ✓

C. वे पत्तियों तक खाद्य का परिवहन करते हैं।

D. वे खाद्य का संश्लेषण करते हैं।

Q20 Properties & Tests

यदि कोई विद्यार्थी, ऐसीटिक अम्ल को सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ मिश्रित करता है तथा बुदबुदाहट (bubbling) प्रेक्षित होती है, तो इस प्रेक्षण की क्या व्याख्या हो सकती है?

A. एकमात्र उत्पाद के रूप में जल निर्मित होता है

B. अभिक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है

C. अभिक्रिया बहुत धीमी है

D. कार्बोनेट जैसा संदूषक विद्यमान है ✓

Q21 Skeletal & Muscular System

किसी दुर्लभ आनुवंशिक विकार के कारण एक विशेष प्रकार के संयोजी ऊतक का कठोर मैट्रिक्स कम दृढ़ हो जाता है, जिससे बार-बार अस्थिभंग होता है। इस अवलोकन की सबसे संभावित व्याख्या क्या है?

A. अस्थि मैट्रिक्स में कैल्शियम और फॉस्फोरस यौगिकों में कमी

B. COL1A1 या COL1A2 जीन में उत्परिवर्तन के कारण टाइप I कोलैजन में दोष ✓

C. उपास्थि मैट्रिक्स में प्रोटीन और शर्करा की हानि

D. रक्त मैट्रिक्स में प्लाज्मा प्रोटीन की कमी

Q22 Types (Combination, Decomposition, etc.)

निम्नलिखित अभिक्रिया किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया को निरूपित करती है:

$CaO(s) + H_2O(l) \rightarrow Ca(OH)_2(aq)$ + ऊष्मा

A. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया

B. विस्थापन अभिक्रिया

C. वियोजन (अपघटन) अभिक्रिया

D. संयोजन अभिक्रिया ✓

Q23 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

जब स्वरित्र द्विभुज (tuning fork) कंपन करता है और ध्वनि उत्पन्न करता है, तो परिवेशी वायु में किस प्रकार की तरंगें उत्पन्न होती हैं?

A. संपीडन और विरलन वाली एक अनुदैर्ध्य तरंग ✓

B. वृत्तों में गतिमान एक पृष्ठीय तरंग

C. श्रृंग और गर्त वाली एक अनुप्रस्थ तरंग

D. एक ऐसी तरंग जिसमें ऊर्जा गति करती है लेकिन कण नहीं करते हैं

Q24 Work, Energy & Power

एक वस्तु पूर्व की ओर गतिमान है। निम्नलिखित में से कौन-सा बल निश्चित रूप से उस पर ऋणात्मक कार्य करेगा?

A. पश्चिम की ओर आरोपित बल ✓

B. पूर्व की ओर आरोपित बल

C. उपरिमुखी आरोपित बल

D. अधोमुखी आरोपित बल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

एक वस्तु को भूमि से एक निश्चित ऊँचाई पर रखा जाता है। अपनी स्थिति के कारण इसमें किस प्रकार की ऊर्जा निहित होती है?

A. स्थितिज ऊर्जा ✓

B. ऊष्मीय ऊर्जा

C. गतिज ऊर्जा

D. रासायनिक ऊर्जा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

थॉमसन के परमाणु के प्लम-पुडिंग मॉडल (plum-pudding model) में रेज़िन क्या दर्शाते हैं?

A. पूरे परमाणु में फैले न्यूट्रॉन

B. धनावेशित गोले में उपस्थित इलेक्ट्रॉन ✓

C. परमाणु में विद्यमान प्रोटॉन और न्यूट्रॉन

D. परमाणु की विभिन्न कक्षाओं में विद्यमान इलेक्ट्रॉन

Q2 Basic Organic Chemistry

निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सामान्यतः कार्बन के अधिकांश सहसंयोजी यौगिकों से संबंधित **नहीं** है?

A. वे विद्युत के सुचालक होते हैं ✓

B. उनके क्वथनांक निम्न होते हैं

C. उनके गलनांक निम्न होते हैं

D. कार्बन अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ सहसंयोजी आबंध बनाता है

Q3 Basic Organic Chemistry

जब एथेनॉइक अम्ल, एक अम्ल उत्प्रेरक की उपस्थिति में एथेनॉल के साथ अभिक्रिया करता है, तो किस प्रकार की अभिक्रिया होती है?

A. उदासीनीकरण अभिक्रिया

B. दहन अभिक्रिया

C. एस्टरीकरण अभिक्रिया ✓

D. साबुनीकरण अभिक्रिया

Q4 Cell Biology

निम्नलिखित में से किस युग्म में, ग्रीक मूल अपने अर्थ से **सुमेलित** है?

A. कैरियोन (Karyon) - भित्ति

B. ल्यूकोस (Leukos) - श्वेत ✓

C. क्रोमा (Chroma) - हरा

D. प्रो (Pro) - सत्य

Q5 Cell Structure & Organelles

केंद्रक और लवकों के अतिरिक्त, निम्नलिखित में से किस अंगक (organelle) में स्वंय का DNA होता है?

A. लाइसोसोम

B. गॉल्जी उपकरण

C. माइटोकॉन्ड्रिया ✓

D. राइबोसोम

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

शरीर के ऊतकों के साथ गैसों और पोषक तत्वों के तीव्र विनिमय के लिए किस प्रकार की रुधिर वाहिका सबसे उपयुक्त है?

A. लसीका वाहिकाएं

B. केशिकाएं ✓

C. शिराएं

D. धमनियां

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म, श्रेणीक्रम में संयोजित प्रतिरोधकों की तुलना में, समांतर क्रम में संयोजित प्रतिरोधकों के लिए विशिष्ट है?

A. प्रत्येक प्रतिरोधक को समान वोल्टता प्राप्त होती है ✓

B. कुल प्रतिरोध, प्रतिरोधकों के योग के बराबर होता है

C. प्रत्येक प्रतिरोधक से समान विद्युत धारा प्रवाहित होती है

D. सभी प्रतिरोधक सर्वसम होने चाहिए

Q8 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक परिपथ आरेख में, एकाधिक एकांतर लंबी और छोटी रेखाओं वाले प्रतीक द्वारा निम्नलिखित में से किस घटक को सर्वोत्तम रूप से दर्शाया जाता है?

A. प्रतिरोध R वाला एक प्रतिरोधक

B. एक बैटरी या सेलों का संयोजन ✓

C. विद्युत बल्ब

D. एक विद्युत सेल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Ecosystem & Food Chain

खाद्य जाल, पारिस्थितिकी तंत्र के स्थायित्व को बनाए रखने में सहायता करते हैं क्योंकि वे _____।

A. प्रतिस्पर्धा में वृद्धि करते हैं

B. ऊर्जा प्रवाह को रोकते हैं

C. वैकल्पिक खाद्य स्रोत प्रदान करते हैं ✓

D. उपभोक्ताओं की संख्या में कमी करते हैं

Q10 Ecosystem & Food Chain

खाद्य श्रृंखला में, जैविक आवर्धन से शीर्ष-स्तरीय उपभोक्ता सर्वाधिक प्रभावित क्यों होते हैं?

A. वे खाद्य श्रृंखला के माध्यम से उच्चतम सांद्रता में आविष संचित करते हैं ✓

B. वे अन्यों की तुलना में अल्प मात्रा में खाद्य ग्रहण करते हैं

C. पारिस्थितिकी तंत्र में इनका जीवनकाल सबसे कम होता है

D. वे प्राथमिक उत्पादक हैं और इस प्रकार आविष के संपर्क में आने वाले प्रथम होते हैं

Q11 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

जब किसी उत्प्रेरक की उपस्थिति में ऐल्कीन में हाइड्रोजन (H_2) का योग किया जाता है, तो क्या होता है?

A. ऐल्कीन प्रतिस्थापन से होकर गुजरता है

B. ऐल्कीन, ऐल्कोहॉल का निर्माण करता है

C. ऐल्कीन विघटित हो जाता है

D. ऐल्कीन, ऐल्केन में रूपांतरित हो जाता है ✓

Q12 Important Salts & Their Uses

बेकिंग सोडा का उपयोग सामान्यतः अग्निशामक यंत्रों में किया जाता है क्योंकि यह गर्म होने पर एक विशिष्ट गैस मोचित करता है। कौन-सी गैस मोचित होती है और आग बुझाने में यह किस प्रकर सहायता करता है?

A. यह सल्फर डाइऑक्साइड मोचित करता है, जो ज्वाला के साथ अभिक्रिया करता है।

B. यह कार्बन डाइऑक्साइड मोचित करता है, जो ऑक्सीजन को विस्थापित करता है और दहन को रोकता है। ✓

C. यह नाइट्रोजन मोचित करता है, जो जलती हुई पदार्थ को ठंडा करता है।

D. यह ऑक्सीजन मोचित करता है, जो आग को बुझा देता है और इसे फैलने से रोकता है।

Q13 Light & Optics

एक विद्यार्थी से पूछा जाता है कि प्रातः काल के दौरान सौर पैनल कम दक्ष क्यों होते हैं। कौन-सा विद्युत चुम्बकीय गुणधर्म इस प्रेक्षण की व्याख्या करता है?

A. वायु में प्रकाश की चाल कम हो जाती है

B. पृथ्वी के घूर्णन से तीव्रता में वृद्धि होती है

C. निम्न कोण पर सूर्य का प्रकाश कम तीव्र होता है ✓

D. तरंगदैर्ध्य वितरण परिवर्तित हो जाता है

Q14 Mechanics

यदि किसी सरल रेखा दूरी-समय ग्राफ पर दो बिंदुओं के बीच की दूरी 120 मीटर है और संगत काल अंतराल 4 सेकंड है, तो एकसमान चाल कितनी है?

A. 15 m/s

B. 24 m/s

C. 30 m/s ✓

D. 60 m/s

Q15 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एकसमान वृत्तीय गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. वृत्तीय पथ पर विरामावस्था एक वस्तु

B. एक सरल रेखा में नियत चाल से गतिमान एक वस्तु

C. एक वक्रित पथ के अनुदिश परिवर्ती चाल से गतिमान एक वस्तु

D. एक वृत्तीय पथ के अनुदिश नियत चाल से गतिमान एक वस्तु ✓

Q16 Mirrors & Lenses

एक विज्ञान मेला परियोजना में गलियारे की निगरानी के लिए उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति दर्पण से विभिन्न दूरियों पर खड़ा है, तो उसकी स्थिति की उपेक्षा करते हुए, बनने वाले प्रतिबिंबों के संदर्भ में क्या नियत रहता है?

A. प्रतिबिंब सदैव आवर्धित और दर्पण के पीछे होते हैं

B. प्रतिबिंब सदैव छोटे और आभासी होते हैं ✓

C. प्रतिबिंब सदैव वास्तविक और उल्टे होते हैं

D. प्रतिबिंब सदैव विवर्धित और वास्तविक होते हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mirrors & Lenses

एक विद्यार्थी देखता है कि लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का आकार वस्तु के आकार का दोगुना है और वास्तविक है। लेंस के सापेक्ष वस्तु कहाँ रखी गई है?

A. 2F और अनंत के बीच
B. F और 2F के बीच ✓
C. F पर
D. 2F पर

Q18 Mirrors & Lenses

गोलीय लेंसों के लिए चिह्न-परिपाटी में वस्तु की दूरी किस प्रकार मापी जाती है?

A. इसे प्रकाशिक केंद्र से वस्तु की स्थिति की ओर मापा जाता है ✓
B. इसे फोकस बिंदु से वस्तु की स्थिति की ओर मापा जाता है
C. इसे फोकस बिंदु से प्रतिबिंब की स्थिति की ओर मापा जाता है
D. इसे प्रकाशिक केंद्र से प्रतिबिंब की स्थिति की ओर मापा जाता है

Q19 Physical & Chemical Properties

जब कैल्सियम, जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सी गैस विकसित होती है?

A. कार्बन डाइऑक्साइड
B. ऑक्सीजन
C. हाइड्रोजन ✓
D. नाइट्रोजन

Q20 Plant Kingdom (Divisions)

दो नमूने: एक नमूने में जल में रहने वाले अविभेदित काय है, जबकि दूसरे नमूने में वास्तविक जड़ें, तने और पत्तियाँ हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उन्हें उनके वर्गों से सुमेलित करता है?

A. थैलोफाइटा और टेरिडोफाइटा ✓
B. ब्रयोफाइटा और थैलोफाइटा
C. टेरिडोफाइटा और जिम्नोस्पर्म
D. ब्रायोफाइटा और ऐन्जियोस्पर्म

Q21 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, क्रमशः जैवनिम्नीकरणीय और अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थों को सही तरीके से निरूपित करता है?

A. धातु – खाद्य अपशिष्ट
B. प्लास्टिक – कपास
C. कागज – प्लास्टिक ✓
D. कांच – पत्तियां

Q22 Separation Techniques

दो द्रवों के लिए पृथक्कारी कीप (separating funnel) का उपयोग करने से पूर्व किस कारक पर विचार किया जाना चाहिए?

A. द्रवों के रंग भिन्न होने चाहिए
B. द्रवों की गंध तेज होनी चाहिए
C. द्रव अमिश्रणीय होने चाहिए ✓
D. दोनों द्रवों का क्वथनांक उच्च होना चाहिए

Q23 Types (Combination, Decomposition, etc.)

जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड और जल बनाता है, तो मुख्य रूप से किस प्रकार की अभिक्रिया प्रदर्शित होती है?

A. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया ✓
B. रेडॉक्स अभिक्रिया
C. संयोजन अभिक्रिया
D. विस्थापन अभिक्रिया

Q24 Work, Energy & Power

निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक ऊर्जा का एक उदाहरण है?

A. भोजन में संग्रहीत ऊर्जा ✓
B. गतिशील वस्तुओं से प्राप्त ऊर्जा
C. किसी खींचे हुए रबर बैंड से उत्पन्न ऊर्जा
D. घूर्णी पहिए से प्राप्त ऊर्जा

Q25 Work, Energy & Power

0.5 kg द्रव्यमान का एक पत्थर 8 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा _____ होगी।

A. 32 J
B. 64 J
C. 128 J
D. 16 J ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

दिए गए समस्थानिक अनुपात और द्रव्यमान के आधार पर, क्लोरीन परमाणु का औसत परमाणु द्रव्यमान _____ होता है।

A. 37 u
B. 34.5 u
C. 36 u
D. 35.5 u ✓

Q2 Atoms & Molecules

रासायनिक सूत्रों के निर्माण में संयोजकता का महत्व किसमें निहित होता है?

A. केवल आबन्ध कोणों का उपयोग करके आण्विक ज्यामिति की पहचान करने में
B. यह निर्धारित करने में कि तत्वों के परमाणु एक दूसरे के साथ किस प्रकार संयुक्त होते हैं ✓
C. यौगिक निर्माण के दौरान मुक्त ऊर्जा के पूर्वानुमान में
D. गैसीय स्थिति में परमाणुओं की अभिक्रियता दर को मापने में

Q3 Basic Organic Chemistry

ऐल्कोहॉल का कौन-सा गुण इसे वाहनों में वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है?

A. यह स्वच्छ रूप से जलता है, जिससे धुआं और हानिकारक गैसें कम उत्पन्न होती हैं। ✓
B. यह पेट्रोल से भारी होता है।
C. यह एक गैसीय ईंधन है।
D. इसका क्वथनांक जल की तुलना में कम होता है।

Q4 Biodiversity & Conservation

पश्चिमी घाट के एक वन्यजीव रिजर्व में वन आवरण का तीव्रता से ह्रास हो रहा है। कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है कि यह क्षेत्र वैश्विक संरक्षण के लिए प्राथमिकता क्यों है?

A. यह एक शुष्क मरुस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें बहुत कम प्रजातियां पाई जाती हैं
B. यह जैव विविधता का एक अतिक्षेत्र है जिसमें कई स्थानिक प्रजातियां पाई जाती हैं ✓
C. यह प्रवासी पक्षियों द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है
D. यह एक विशाल क्षेत्र है जिसमें केवल व्यापक रूप से वितरित प्रजातियां पाई जाती हैं

Q5 Cell Structure & Organelles

सादृश्य को पूर्ण कीजिए।
राइबोसोम: प्रोटीन संश्लेषण:: माइटोकॉन्ड्रिया: _____

A. अपशिष्ट निष्कासन
B. कोशिका विभाजन
C. ऊर्जा उत्पादन ✓
D. DNA प्रतिकृति

Q6 Cell Structure & Organelles

निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिका संरचना मुख्य रूप से सुकेंद्रकी कोशिकाओं के आकार को बनाए रखने और आलंब प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है?

A. DNA
B. कोशिका रस
C. कोशिका-पंजर ✓
D. केंद्रकाभ

Q7 Classification of Organisms

एक नैदानिक वनस्पतिज्ञ को किसी पादप को उसके कुल (family) से पहचानना आवश्यक है। वर्गीकरण पदानुक्रम में कुल से ठीक उच्चतर निम्नलिखित में से कौन-सा वर्गिकीय रैंक (taxonomic ranks) है?

A. जाति (Species)
B. वंश (Genus)
C. कृषिजोपजाति (Cultivar)
D. गण (Order) ✓

Q8 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

जब किसी तार की लंबाई दोगुनी कर दी जाए जबकि उसका पदार्थ और अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल स्थिर रहे, तो उसके प्रतिरोध पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. प्रतिरोध अपरिवर्तित रहता है
B. प्रतिरोध दोगुना हो जाता है ✓
C. प्रतिरोध आधा हो जाता है
D. प्रतिरोध चार गुना हो जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Digestive System

यदि ग्रासनली (Oesophagus) में पुरःसरण संचलन बाधित हो जाए, तो भोजन के चबाने और निगलने के बाद उसके साथ क्या होने की सबसे अधिक संभावना है?

A. भोजन का पाचन तेजी से होगा।

B. लार में वृद्धि होगी।

C. स्टार्च का विखंडन अधिक शीघ्रता से होगा।

D. भोजन कुशलतापूर्वक आमाशय तक नहीं पहुँच पाएगा। ✓

Q10 Echo, Resonance, Doppler Effect

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, किसी बड़े ऑडिटोरियम में भाषण (speech) के दौरान अत्यधिक अनुरणन के प्रभाव का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यह श्रोताओं को इच्छित अवधि से कम अवधि के लिए ध्वनि सुनने की सुविधा देता है

B. यह बोले गए शब्दों के अतिव्यापन का कारण बनता है और श्रोताओं के लिए अस्पष्ट हो जाता है ✓

C. यह संगीत को तीक्ष्ण और अधिक विशिष्ट बनाकर उसकी गुणवत्ता में सुधार करता है

D. यह उपस्थित सभी लोगों के लिए वक्ता की आवाज की मात्रा को बढ़ाता है

Q11 Ecosystem & Food Chain

जीवों का कौन-सा समूह, भोजन के लिए पूर्णतः और प्रत्यक्ष रूप से उत्पादकों पर निर्भर करता है?

A. मांसाहारी

B. सर्वाहारी

C. अपघटक

D. शाकाहारी ✓

Q12 Electromagnetic Induction

किसी जनित्र में, यदि कुंडली को समान चुंबकीय क्षेत्र में मूल चाल की दोगुनी चाल से घुमाया जाता है, तो परिणाम क्या होगा?

A. धारा की दिशा उत्क्रमित हो जाएगी

B. कुंडली का प्रतिरोध आधा हो जाएगा

C. प्रेरित विभवांतर दोगुना हो जाएगा ✓

D. चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य दोगुना हो जाएगा

Q13 Excretory System (Kidney)

जंतुओं में मूत्र निर्माण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. हानिकारक चयापचय अपशिष्ट को हटाना ✓

B. भोजन को पचाना और अवशोषित करना

C. भविष्य उपयोग के लिए ऊर्जा संग्रहीत करना

D. हार्मोन उत्पादन करना

Q14 General Science

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:

अभिकथन (A): लाखों वर्ष पूर्व से पृथ्वी के नीचे दबे वृक्षों और पादपों से कोयले का निर्माण हुआ है।

कारण (R): समय के साथ ऊष्मा और दाब ने पादपों के अवशेषों को कोयले में परिवर्तित कर दिया।

A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

D. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है। ✓

Q15 Important Salts & Their Uses

एक डॉक्टर अस्थिभंग हुई भुजा के लिए कास्ट तैयार कर रहा है। इस उद्देश्य के लिए सीमेंट या चूने की तुलना में प्लास्टर ऑफ पेरिस को क्यों प्राथमिकता दी जाती है?

A. यह शीघ्रता से सेट हो जाता है और एक कठोर, संबल प्रदान करने वाला ढांचा बनाता है ✓

B. यह सीमेंट से भारी होता है

C. जल के साथ मिलाने पर यह ऊष्मा उत्पन्न करता है

D. यह अधिक रंगीन होता है

Q16 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी वृत्तीय पथ के परितः नियत चाल से चल रही कार की गति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. कार एकसमान वृत्तीय गति से चलती है क्योंकि इसकी चाल नियत रहती है, लेकिन इसकी दिशा निरंतर बदलती रहती है। ✓

B. कार एक सीधी रेखा में नियत चाल से चलती है क्योंकि इसकी दिशा कभी नहीं परिवर्तित होती है।

C. कार एकसमान गति से चल रही है क्योंकि उसका वेग, परिमाण और दिशा दोनों में नियत है।

D. कार असमान गति का अनुभव करती है क्योंकि यह नियत चाल से वक्रित पथ पर गति करती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mechanics

कोई धावक 20 सेकंड में 60 मीटर उत्तर की ओर और फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर गति करती है। उसकी औसत चाल और औसत वेग के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

A. औसत चाल शून्य है

B. औसत चाल, औसत वेग से कम है

C. औसत चाल, औसत वेग से अधिक है ✓

D. औसत चाल, औसत वेग के बराबर है

Q18 Mirrors & Lenses

एक कार चालक पीछे के वाहनों को देखने के लिए पश्च दृश्य दर्पण (rear-view mirror) का उपयोग करता है। यदि इस दर्पण को उसी आकार के अवतल दर्पण से बदल दिया जाए, तो बहुत पीछे की कार के प्रतिबिंब के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम सबसे अधिक संभावित है?

A. प्रतिबिंब सदैव आभासी, सीधा और आवर्धित होगा।

B. प्रतिबिंब सदैव आभासी, उल्टा और छोटा होगा।

C. प्रतिबिंब उल्टा दिखाई देगा और स्थिति के आधार पर दीर्घ या लघु हो सकता है। ✓

D. प्रतिबिंब सदैव आभासी, सीधा और छोटा होगा।

Q19 Mirrors & Lenses

एक बिंब (वस्तु) 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस से 15 cm की दूरी पर रखा है। लेंस द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति तथा स्थिति क्या है?

A. प्रतिबिंब आभासी, उल्टा तथा लेंस से बिंब के विपरीत पक्ष में 12 cm की दूरी पर अवस्थित है।

B. प्रतिबिंब आभासी, सीधा तथा लेंस से बिंब की ओर ही 6 cm की दूरी पर अवस्थित है। ✓

C. प्रतिबिंब वास्तविक, सीधा तथा लेंस से बिंब की ओर ही 8 cm की दूरी पर अवस्थित है।

D. प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा तथा लेंस से बिंब के विपरीत पक्ष में 20 cm की दूरी पर अवस्थित है।

Q20 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा कोलॉइडी विलयन का एक सही गुणधर्म है?

A. विलेय कुछ समय बाद तल पर बैठ जाता है।

B. कण प्रकाश की किरण को प्रकीर्णित करते हैं। ✓

C. विलेय के कण सूक्ष्मदर्शी से दिखाई नहीं देते हैं।

D. विलेय को निस्यंदन विधि द्वारा पृथक किया जा सकता है।

Q21 Oxidation & Reduction (Redox)

रासायनिक परिवर्तनों में ऑक्सीकरण और अपचयन अभिक्रियाएँ सदैव एक साथ क्यों होती हैं?

A. ऊर्जा संरक्षण नियम के कारण

B. अभिक्रिया के संतुलित होने के लिए

C. उत्पादों के उदासीन होने के लिए

D. क्योंकि एक पदार्थ जिसका परित्याग करता है, उसको दूसरा पदार्थ ग्रहण करता है ✓

Q22 Physical & Chemical Properties

जिंक की परत क्षतिग्रस्त होने पर भी यशदलेपन (galvanisation) में लोहा (Iron) जंग से सुरक्षित क्यों रहता है?

A. जिंक, ऑक्सीजन के संपर्क को रोकता है

B. जिंक अधिमानतः संक्षारित होता है ✓

C. जिंक, लोहे की कठोरता बढ़ाता है

D. जिंक, जल के साथ अधिक तेजी से अभिक्रिया करता है

Q23 Plant Tissues & Transport

पौधों को जल और खनिजों के लिए एक विशेषीकृत परिवहन तंत्र की आवश्यकता क्यों होती है?

A. क्योंकि पौधों में विसरण नहीं होता है

B. क्योंकि पौधे गति करते हैं और उन्हें संपूर्ण शरीर में शीघ्रता से परिवहन की आवश्यकता होती है

C. क्योंकि लंबे पौधों में लंबी दूरी के लिए केवल विसरण अपर्याप्त है ✓

D. क्योंकि पौधों को जंतुओं की तरह उच्च ऊर्जा की आवश्यकता होती है

Q24 Work, Energy & Power

एक कारखाना प्रबंधक दो मशीनों की तुलना कर रहा है जो समान कार्य करती हैं। मशीन A को कार्य पूर्ण करने में मशीन B से अधिक समय लगता है। शक्ति की परिभाषा के आधार पर, प्रबंधक को यह निर्धारित करने के लिए किस कारक पर विचार करना चाहिए कि कौन-सी मशीन अधिक शक्तिशाली है?

A. प्रत्येक मशीन द्वारा किया गया कुल कार्य

B. प्रत्येक मशीन का द्रव्यमान

C. प्रत्येक मशीन द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा की मात्रा

D. वह दर जिस पर प्रत्येक मशीन कार्य करती है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

एक वस्तु पर 7 N का बल कार्य करता है, जो इसे बल की दिशा में 8 m विस्थापित करता है। किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

- **A.** 56 J ✓
- **B.** 15 J
- **C.** 1 J
- **D.** 27 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

तत्व Y के एक परमाणु का परमाणु द्रव्यमान 20 u है। यदि Y के दूसरे परमाणु में दो न्यूट्रॉन अधिक हैं, लेकिन प्रोटॉनों की संख्या समान है, तो इसका परमाणु द्रव्यमान कितना होगा?

A. 18 u
B. 20 u
C. 24 u
D. 22 u ✓

Q2 Balancing Chemical Equations

निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन संवृत निकाय में द्रव्यमान संरक्षण के नियम के उल्लंघन को दर्शाता है?

A. विलयनों के मिश्रण के बाद एक श्वेत अवक्षेप बनता है
B. निकाय के तापमान में वृद्धि होती है
C. उत्पादों का द्रव्यमान, अभिकारकों के द्रव्यमान से कम होता है ✓
D. अभिक्रिया के बाद विलयन का रंग परिवर्तित हो जाता है

Q3 Cell Division (Mitosis, Meiosis)

जब कोशिका वृद्धि को नियंत्रित करने वाले नियामक तंत्र विफल हो जाते हैं, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से विभाजित होने लगती हैं, जिससे _____ का निर्माण होता है।

A. अंग तंत्र (Organ systems)
B. अर्बुद (Tumours) ✓
C. रसधानी (Vacuoles)
D. कोशिका अंतरंगक (Cell inclusions)

Q4 Classification of Organisms

जैविक वर्गिकी पदानुक्रम में, नए खोजे गए पादप को वर्गीकृत करते समय कौन-सा वर्गिकी पद (rank) सबसे अंत में निर्धारित किया जाता है?

A. गण (Order)
B. वंश (Genus)
C. कुल (Family)
D. स्पीशीज (Species) ✓

Q5 Ecosystem & Food Chain

खाद्य श्रृंखला और खाद्य जाल के बीच क्या अंतर है?

A. खाद्य श्रृंखलाओं में ऊर्जा स्थानांतरण दक्षता खाद्य जाल की तुलना में उच्च होता है
B. खाद्य श्रृंखलाएँ जलीय पारिस्थितिक तंत्रों में पाई जाती हैं, जबकि खाद्य जाल केवल स्थलीय पारिस्थितिक तंत्रों में पाए जाते हैं
C. खाद्य श्रृंखला में हमेशा अपघटक शामिल होते हैं, जबकि खाद्य जाल में नहीं
D. खाद्य श्रृंखला एक एकल रैखिक मार्ग को दर्शाती है, जबकि खाद्य जाल परस्पर जुड़े हुए आहार संबंधों को दर्शाता है ✓

Q6 Electromagnetic Spectrum

भारत में एक सौर पैनल को स्वच्छ आकाश परिस्थितियों के अंतर्गत सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रखा जाता है। भारत में विद्युत उत्पादन के लिए कौन-सा विद्युतचुंबकीय स्पेक्ट्रम खंड, सौर पैनल को सूर्य की सर्वाधिक ऊर्जा प्रदान करता है?

A. अवरक्त विकिरण
B. गामा किरणें
C. पराबैंगनी प्रकाश
D. दृश्य प्रकाश ✓

Q7 Extraction & Metallurgy

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सक्रियता श्रृंखला में शीर्ष पर होने के कारण विद्युत अपघटन द्वारा निष्कर्षित की जाती है?

A. जस्ता (Zinc)
B. तांबा (Copper)
C. लोहा (Iron)
D. सोडियम (Sodium) ✓

Q8 Human Body & Physiology

उपकला ऊतक पशुओं में आवरण या सुरक्षात्मक परत के रूप में कार्य करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी ऐसी जगह नहीं है जहाँ उपकला ऊतक पाए जाते हैं?

A. अस्थि के अंदर ✓
B. मुख का अस्तरण
C. त्वचा
D. वृक्क की नलिकाओं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

जब ब्रोमीन जल को एथीन में मिलाया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दृश्य परिवर्तन प्रदर्शित होता है?

A. विलयन, योगज अभिक्रिया के बाद नीला हो जाता है

B. योगज अभिक्रिया के बाद जल में एक श्वेत अवक्षेप बनता है

C. ब्रोमीन जल का रंग अभिक्रिया के पश्चात नारंगी बना रहता है

D. ब्रोमीन जल का रंग नारंगी से रंगहीन हो जाता है ✓

Q10 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

मेथेन (CH_4) और एथीन (C_2H_4) की तुलना करने के दौरान, उनके सहसंयोजी आबंधों के संदर्भ में क्या सत्य है?

A. मेथेन में एक द्वि-सहसंयोजी आबंध होता है

B. एथीन में हाइड्रोजन परमाणुओं के बीच द्वि-आबंध होते हैं

C. मेथेन में केवल एकल सहसंयोजी आबंध होते हैं, जबकि एथीन में एक द्वि-आबंध होता है ✓

D. दोनों में केवल गैर-ध्रुवीय सहसंयोजी आबंध होते हैं

Q11 Magnetic Effects of Current

किसी परिनालिका के अंदर क्षेत्र रेखाओं को समानांतर सरल रेखाओं के रूप में क्यों वर्णित किया जाता है?

A. क्योंकि धारा तेजी से दिशा बदलती है

B. क्योंकि समानांतर रेखाएं यह दर्शाती हैं कि क्षेत्र में बहुत अधिक भिन्नता है

C. क्योंकि परिनालिका लंबाई में बहुत छोटी होती है

D. क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र अंदर के सभी बिंदुओं पर समान होता है, जो एकरूपता दर्शाता है ✓

Q12 Magnetic Effects of Current

एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी ऊपर की ओर धारा प्रवाहित कर रहे एक ऊर्ध्वाधर तार पर दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम लागू करता है। तार के ठीक पूर्व में स्थित एक बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा क्या होगी?

A. चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर उत्तर की ओर इंगित होता है ✓

B. चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर पूर्व की ओर इंगित होता है

C. चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर पश्चिम की ओर इंगित होता है

D. चुंबकीय क्षेत्र उसी बिंदु पर दक्षिण की ओर इंगित होता है

Q13 Mechanics

एक कार 3 घंटे में 150 किलोमीटर की दूरी तय करती है। कार की औसत चाल कितनी है और इस राशि के लिए सही मात्रक क्या है?

A. 0.02 किलोमीटर प्रति घंटे

B. 150 किलोमीटर प्रति घंटे

C. 50 किलोमीटर प्रति मिनट

D. 50 किलोमीटर प्रति घंटे ✓

Q14 Mirrors & Lenses

जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस से 10 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो लेंस उसी ओर 15 cm की दूरी पर एक आभासी प्रतिबिंब बनाता है। लेंस की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।

A. −10 cm

B. + 10 cm

C. + 30 cm ✓

D. −30 cm

Q15 Mirrors & Lenses

दो लेंस इस प्रकार हैं कि एक 12 cm फोकस दूरी वाले अभिसारी लेंस और दूसरे −18 cm फोकस दूरी वाले अपसारी लेंस को संपर्क में रखा जाता है, तो इस लेंस निकाय की संयुक्त फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।

A. 36 cm ✓

B. 8 cm

C. 16 cm

D. 7.2 cm

Q16 Mirrors & Lenses

एक व्यक्ति उत्तल लेंस का उपयोग करके एक छोटी वस्तु का आवर्धित वास्तविक प्रतिबिंब स्क्रीन पर प्रदर्शित करना चाहता है। वस्तु को लेंस के सापेक्ष कहाँ रखा जाना चाहिए?

A. लेंस और उसके मुख्य फोकस के बीच

B. लेंस के मुख्य फोकस पर

C. फोकस और लेंस से फोकस दूरी की दोगुनी दूरी के बीच ✓

D. लेंस से फोकस दूरी की दोगुनी दूरी पर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Nervous System & Brain

किसी गर्म वस्तु से हाथ हटाने से पहले सचेत रूप से चिंतन अक्षम (inefficient) क्यों माना जाता है?

A. =क्योंकि मस्तिष्क त्वचा से सीधे भेजे गए आगमी संवेदी संकेतों को प्राप्त नहीं कर सकता है

B. क्योंकि खतरनाक घटनाओं के दौरान मस्तिष्क द्वारा भेजे गए संकेतों के प्रति पेशियाँ अनुक्रिया नहीं कर सकती हैं

C. क्योंकि तंत्रिका आवेग केवल शरीर की पेशियों से सीधे वापस मस्तिष्क तक गमन करते हैं

D. क्योंकि चिंतन में अनेक तंत्रिका आवेगों की समय लेने वाली जटिल अंतःक्रियाएँ शामिल होती हैं ✓

Q18 Newton's Laws of Motion

जब कोई मोटरकार उच्च चाल से तीक्ष्ण मोड़ पर मुड़ती है, तो यात्री एक तरफ़ उछल जाते हैं। इसे निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग करके समझाया जा सकता है?

A. न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का नियम

B. न्यूटन का गति का पहला नियम ✓

C. संवेग संरक्षण का नियम

D. स्थैतिक घर्षण का नियम

Q19 Physical & Chemical Properties

संक्षारण को धात्विक संरचनाओं और मशीनरी के लिए आर्थिक रूप से हानिकारक क्यों माना जाता है?

A. यह धातुओं को दुर्बल बनाता है और चिरस्थायित्व कम करता है ✓

B. यह पृष्ठीय दिखावट में सुधार करता है

C. यह धातु की अभिक्रियाशीलता में वृद्धि करता है

D. यह धातु की चालकता को बढ़ाता है

Q20 Plant Tissues & Transport

निम्नलिखित में से किस प्रक्रम के कारण जल, मिट्टी से मूल रोम की कोशिकाओं में प्रवेश करता है?

A. परासरण ✓

B. वाष्पोत्सर्जन

C. विसरण

D. सक्रिय परिवहन

Q21 Respiratory System

मानव पेशियों में अवायवीय श्वसन के दौरान कौन-सा उत्पाद बनता है?

A. कार्बन डाइऑक्साइड (Carbon dioxide)

B. एथेनॉल (Ethanol)

C. लैक्टिक अम्ल (Lactic acid) ✓

D. जल (Water)

Q22 Separation Techniques

अपकेंद्रण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. प्रयोगशाला में रक्त के घटकों को पृथक करने के लिए अपकेंद्रण अनुप्रयुक्त किया जा सकता है।

B. केवल समान कण आकार वाले ठोस मिश्रणों को अपकेंद्रण के माध्यम से पृथक किया जा सकता है। ✓

C. मिश्रण में भिन्न घनत्व वाले घटकों को पृथक करने के लिए अपकेंद्रण का उपयोग किया जाता है।

D. अपकेंद्रण में मिश्रण के घटकों को पृथक करने के लिए उसे तीव्र गति से घुमाना शामिल है।

Q23 Work, Energy & Power

जब किसी वस्तु को ऊपर की ओर उठाया जाता है, तो गुरुत्व बल द्वारा किया गया कार्य ऋणात्मक माना जाता है क्योंकि _____।

A. गिरती हुई वस्तु पर गुरुत्व बल केवल धनात्मक कार्य करता है

B. वस्तु, गुरुत्व बल के विपरीत ऊपर की ओर विस्थापित होती है ✓

C. वस्तु पर लगने वाला कुल बल शून्य होता है

D. गुरुत्व बल नियत रहता है

Q24 Work, Energy & Power

समान कार्य को करने में, मशीन A द्वारा लिया गया समय मशीन B द्वारा लिए गए समय का आधा है। मशीन A और मशीन B की शक्ति का अनुपात कितना होगा?

A. 1 : 1

B. 2 : 1 ✓

C. 4 : 1

D. 1 : 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 pH Scale & Indicators

किसी क्षारीय विलयन में अम्ल मिलाने पर फीनॉलफ्थेलिन (phenolphthalein) के रंग में परिवर्तन का क्या कारण है?

A. विलयन तनूकृत हो जाता है

B. तापमान में वृद्धि हो जाती है

C. विलयन वाष्पित हो जाता है

D. विलयन उदासीन या अम्लीय हो जाता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

किसी परमाणु के समग्र आवेश में इलेक्ट्रॉनों की क्या भूमिका होती है?

- A. वे प्रोटॉनों के धनावेश को संतुलित करके परमाणुओं को उदासीन बनाते हैं। ✓
- B. वे न्यूट्रॉनों के साथ नाभिक के अंदर उपस्थित होते हैं।
- C. वे परमाणु के सार्थक द्रव्यमान में वृद्धि करते हैं।
- D. वे परमाणु को धनावेशित बनाते हैं।

Q2 Atomic Structure & Models

बोहर के परमाणु मॉडल (Bohr's Atomic Model) के अनुसार, नाभिक के सबसे निकट की कक्षा को क्या कहा जाता है?

- A. L-कोश
- B. M-कोश
- C. K-कोश ✓
- D. N-कोश

Q3 Basic Organic Chemistry

हीरा और ग्रेफाइट जैसे कार्बन-अपररूपों के दहन से _____ उत्पन्न होता है।

- A. केवल कार्बन डाइऑक्साइड
- B. कार्बन डाइऑक्साइड, ऊष्मा और प्रकाश ✓
- C. केवल कार्बन डाइऑक्साइड और प्रकाश
- D. केवल कार्बन डाइऑक्साइड और ऊष्मा

Q4 Cell Division (Mitosis, Meiosis)

जब कोई कोशिका विभाजित होने की तैयारी करती है, तो क्रोमैटिन पदार्थ स्वयं को _____ में व्यवस्थित कर लेता है।

- A. केंद्रकीय छिद्रों
- B. गुणसूत्रों ✓
- C. प्रोटीनों
- D. लाइसोसोम

Q5 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

एक प्रयोगशाला में, कोई विद्यार्थी किसी नए पदार्थ के लिए ओम के नियम को सत्यापित करना चाहता है। कौन-सा प्रायोगिक दृष्टिकोण सबसे परिशुद्ध रूप से यह निर्धारित करेगा कि पदार्थ, ओम के नियम का पालन करता है या नहीं?

- A. एक एकल अनुप्रयुक्त वोल्टता पर उत्पन्न ऊष्मा का अवलोकन करें
- B. कई अनुप्रयुक्त वोल्टताओं के लिए धारा को मापें और वोल्टता बनाम धारा का ग्राफ बनाएं ✓
- C. एक वोल्टता पर प्रतिरोध को मापें और सारणीबद्ध मान से तुलना करें
- D. निश्चित धारा के लिए वोल्टता की गणना करें

Q6 Digestive System

मनुष्यों में, कार्बोहाइड्रेट का पाचन मुख से शुरू होता है और पाचन पथ के किस भाग में पूर्ण होता है?

- A. आमाशय
- B. बड़ी आंत
- C. ग्रासनली
- D. छोटी आंत ✓

Q7 Echo, Resonance, Doppler Effect

एक विद्यार्थी 220 m दूर स्थित एक इमारत की ओर मुख करके चिल्लाता है। यदि ध्वनि की चाल 330 m/s है, तो चिल्लाने के कितने समय बाद प्रतिध्वनि सुनाई देगी?

- A. 0.44 s
- B. 2.20 s
- C. 1.33 s ✓
- D. 0.67 s

Q8 Extraction & Metallurgy

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, किसी धातु के अयस्क से शुद्ध धातु प्राप्त करने के चरणों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

- A. अयस्क का शोधन किया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः समृद्धिकरण किया जाता है
- B. अयस्क का समृद्धिकरण किया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः शोधन किया जाता है ✓
- C. अयस्क को पिघलाया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः समृद्धिकरण किया जाता है
- D. धातु को निष्कर्षित किया जाता है, फिर अयस्क का समृद्धिकरण किया जाता है और अंततः शोधन किया जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Human Eye & Defects

आयु में वृद्धि होने के साथ-साथ, मानव नेत्र की समंजन क्षमता घट जाती है, जिससे आस-पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। इस दोष को _____ के रूप में जाना जाता है।

A. निकट-दृष्टि दोष (Myopia)

B. दीर्घ-दृष्टि दोष (Hypermetropia)

C. अबिंदुकता (Astigmatism)

D. जरा-दूरदृष्टिता (Presbyopia) ✓

Q10 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

एक यौगिक का आण्विक सूत्र C4H10 है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उसकी संरचना का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यह सीधी या शाखायुक्त शृंखलाओं वाले दो अलग-अलग समावयव के रूप में विद्यमान हो सकता है ✓

B. यह केवल एक संभावित संरचना बनाता है

C. इसमें कार्बन-कार्बन द्वि-आबंध होना अनिवार्य है

D. इसकी संरचना चक्रीय है और इसका केवल एक समावयव है

Q11 Indian Scientists

कोई नीति निर्माता भारत में बड़े-पैमाने पर सौर ऊर्जा के परिनियोजन का मूल्यांकन कर रहा है। किस ऐतिहासिक योगदान ने सौर इन्सुलेशन मैपिंग के लिए मूलभूत डेटा प्रदान किया था?

A. NASA सैटेलाइट डेटा संग्रह (NASA satellite data collection)

B. अन्ना मणि का सौर विकिरण मापन (Anna Mani's solar radiation measurements) ✓

C. सरकारी मौसम पूर्वानुमान (Government weather forecasts)

D. विश्वविद्यालय जलवायु मॉडल (University climate models)

Q12 Mechanics

एक साइकिल सवार पहले 10 मिनट में 2 km और अगले 10 मिनट में 3 km की दूरी तय करता है। यह किस प्रकार की चाल है?

A. वृत्तीय गति

B. आवर्ती गति

C. एकसमान गति

D. असमान गति ✓

Q13 Mechanics

एक खिलौना ट्रेन किसी वृत्ताकार ट्रैक पर स्थिर चाल से चलती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उसकी चाल का सही वर्णन करता है?

A. ट्रेन विरामावस्था में रहती है क्योंकि उसकी चाल में कोई परिवर्तन नहीं होती है।

B. ट्रेन वृत्ताकार ट्रैक पर बढ़ती हुई चाल से चलती है।

C. ट्रेन एक सीधी रेखा में नियत चाल से चलती है।

D. ट्रेन नियत चाल से चलते हुए निरंतर रूप से दिशा बदलती है। ✓

Q14 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा एक शुद्ध पदार्थ है?

A. केवल मिश्रण

B. यौगिक और तत्व दोनों ✓

C. केवल तत्व

D. केवल यौगिक

Q15 Plant Kingdom (Divisions)

एक शोधकर्ता मूल जड़ों, तनों और पत्तियों वाले पादपों की खेती करने का प्रयास करता है, लेकिन पाता है कि पुनरूत्पादन केवल जल की उपस्थिति में ही होता है। कौन-सी विशेषता इन पादपों के वितरण को सीमित करती है?

A. फलों में संकोशित बीज

B. वास्तविक मूलों की अनुपस्थिति

C. संवहनी ऊतक का अभाव

D. जल-निर्भर पुनरूपादन ✓

Q16 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) द्वारा ओजोन परत का अवक्षय जीवों के लिए खतरनाक क्यों माना जाता है?

A. इससे अवरक्त विकिरण का उत्पादन होता है

B. यह वायुमंडलीय ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि का कारण बनता है

C. यह वर्षा में कमी का कारण बनता है

D. यह UV किरणों को वायुमंडल में प्रवेश करने देता है ✓

Q17 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

यदि ओजोन परत पतली हो जाए, तो पृथ्वी पर निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?

A. केवल पृथ्वी के वायुमंडल का ठंडा होना

B. पौधों तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश में कमी

C. ऑक्सीजन स्तर में कमी

D. पृथ्वी तक पहुंचने वाले पराबैंगनी विकिरण में वृद्धि ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Properties & Tests

जब किसी अधात्विक ऑक्साइड को क्षारक के माध्यम से बुद्बुद् (bubbled) किया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सामान्य परिवर्तन प्रेक्षित होता है?

A. विलयन का रंग चमकीला लाल हो जाता है

B. विलयन की क्षारीयता में कमी होती है ✓

C. अभिक्रिया के दौरान एक गैस तेजी से मुक्त होती है

D. विलयन का तापमान तेजी से गिरता है

Q19 Reactivity Series

एक विद्यार्थी लेड धातु को आयरन(II) सल्फेट के विलयन में मिलाता है और किसी दृश्यमान परिवर्तन का अवलोकन नहीं करता है। कौन-सा कथन इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

A. लेड, आयरन से कम अभिक्रियाशील है और उसे उसके यौगिक से विस्थापित नहीं कर सकता है ✓

B. लेड, आयरन(II) सल्फेट के साथ प्रबलता से अभिक्रिया करता है और एक नया यौगिक बनाता है

C. अभिक्रिया उत्क्रमणीय है, इसलिए कोई नेट परिवर्तन अवलोकित नहीं किया जाता है

D. लेड, आयरन से अधिक अभिक्रियाशील है और उसे विलयन से विस्थापित कर देता है

Q20 Respiratory System

निम्नलिखित में से कौन-सा, ग्लूकोज के विघटन के दौरान बनने वाला तीन कार्बन अणु है?

A. फ्रक्टोज-6-फॉस्फेट का निर्माण

B. ऐसीटिल-co-A अणु का निर्माण

C. ग्लूकोज-6-फॉस्फेट का निर्माण

D. पाइरूवेट अणु का निर्माण ✓

Q21 Skeletal & Muscular System

अभ्यास के दौरान एक फ़ुटबॉल खिलाड़ी की पेशियों को अस्थियों से जोड़ने वाली संरचना फट जाती है। किस संरचना के क्षतिग्रस्त होने की सर्वाधिक संभावना है?

A. कंडरा (Tendon) ✓

B. तंत्रिका (Nerve)

C. उपास्थि (Cartilage)

D. स्नायु (Ligament)

Q22 Sound

एक कंपमान स्वरित्र द्विभुज (tuning fork) को जल से स्पर्श कराने पर जल में ऊर्मिकाएं (ripples) क्यों उत्पन्न होती हैं?

A. स्वरित्र जल को ऊष्मित करता है और ऊर्मिकाएं बनाता है

B. जल बिना कंपन के ऊर्मिकाएं बनाता है

C. स्वरित्र ध्वनि उत्पन्न करता है परंतु जल को गतिमान नहीं करता है

D. स्वरित्र के कंपन ऊर्जा स्थानांतरित करते हैं, जिससे जल गतिमान होता है ✓

Q23 Work, Energy & Power

जब एक टॉर्च चालू की जाती है, तो ऊर्जा में क्या परिवर्तन होता है?

A. प्रकाश ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है

B. रासायनिक ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है

C. प्रकाश ऊर्जा, रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है

D. रासायनिक ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है ✓

Q24 Work, Energy & Power

एक मशीन 250 N के प्रयास के साथ 1500 N का लोड उठाती है। घर्षण के कारण, बाद में उसी लोड को उठाने के लिए 375 N प्रयास की आवश्यकता होती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. प्रयास में 50% की वृद्धि हुई जबकि लोड अपरिवर्तित रहा ✓

B. प्रयास में 50% की कमी हुई

C. लोड में 50% की वृद्धि हुई

D. लोड और प्रयास, दोनों में 50% की वृद्धि हुई

Q25 Work, Energy & Power

एक डिवाइस 1 घंटे के लिए 1 किलोवाट (kW) शक्ति का उपयोग करती है। यह कितनी ऊर्जा की खपत करती है?

A. 1 किलोवाट घंटा (kWh) ✓

B. 1 वाट घंटा (Wh)

C. 1 किलोवाट (kW)

D. 1 जूल (J)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science 25 Questions • Answer Key

Q1 Atoms & Molecules

अमोनियम सल्फेट, $(NH_4)_2SO_4$ का सूत्र इकाई द्रव्यमान _____ है।

A. 136 u

B. 132 u ✓

C. 118 u

D. 114 u

Q2 Atoms & Molecules

जब कोई अधातु इलेक्ट्रॉन ग्रहण करती है, तो क्या बनता है?

A. उदासीन

B. ऋणायन ✓

C. प्रोटॉन

D. धनायन

Q3 Basic Organic Chemistry

अन्य अधिकांश तत्वों के विपरीत, कार्बन लाखों स्थिर यौगिक बनाता है। गुणों का कौन-सा संयोजन इस प्रकृति की सटीक व्याख्या करता है?

A. उच्च रासायनिक अभिक्रियाशीलता और चतु:संयोजकता एक साथ

B. प्रबल सहसंयोजक आबंध और चतु:संयोजकता एक साथ ✓

C. समस्थानिकों की उपस्थिति और नाभिकीय स्थायित्व

D. निम्न परमाणु-द्रव्यमान और छोटा परमाण्विक आकार

Q4 Circulatory System (Heart, Blood)

गंभीर चोट के बाद, किसी रोगी का रक्तदाब कम हो जाता है और वे व्यापक खरोंच (extensive bruising) में विकसित होने लगती हैं। शरीरक्रियात्मक तंत्रों में कौन-सी दोहरी विफलता इन नैदानिक प्रेक्षणों की सटीक व्याख्या करती है?

A. लसीका प्रवाह में वृद्धि और प्लेटलेट समुच्चयन में वृद्धि

B. प्लाज्मा प्रोटीन संश्लेषण में कमी और लाल रक्त कोशिका गणन में वृद्धि

C. प्लेटलेट प्रकार्य में कमी और बाधित लसीका-अपवाह ✓

D. ऑक्सीजन परिवहन में कमी और ऊतक तरल में वृद्धि

Q5 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

यदि समान लंबाई और क्षेत्रफल वाले तांबे के तार और लोहे के तार की तुलना की जाए, तो किस तार का प्रतिरोध उच्चतर होगा?

A. निर्धारित नहीं किया जा सकता है

B. दोनों में बराबर

C. लोहे का तार ✓

D. तांबे का तार

Q6 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

विभव (potential) के संदर्भ में, एक पूर्णतः क्षैतिज नली में जल क्यों प्रवाहित नहीं होता है?

A. क्योंकि नली प्लास्टिक से बनी है

B. क्योंकि कोई टंकी नहीं जुड़ी है

C. क्योंकि दोनों सिरों के बीच कोई दाबांतर नहीं है ✓

D. क्योंकि गुरुत्वाकर्षण क्षैतिज नली पर कार्य नहीं करता है

Q7 Echo, Resonance, Doppler Effect

इंजीनियरों के एक समूह को अधिकतम वाक् बोधगम्यता के लिए एक व्याख्यान हॉल डिजाइन करने का कार्य सौंपा गया है। अनुरणन को न्यूनतम करने के लिए उन्हें किन विशेषताओं के संयोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए?

A. मृदु दीवार कवरिंग, ध्वानिक सीलिंग टाइल्स और गद्दीदार सीटिंग ✓

B. परावर्ती पैनलों वाली ऊंची सीलिंग

C. गद्दीदार सीटिंग और अनावृत दीवारें और फर्श

D. पॉलिश युक्त पत्थर के फर्श और कांच की दीवारें

Q8 Electromagnetic Spectrum

एक वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहा है कि सूर्य की कुछ निश्चित EM तरंगें पृथ्वी की सतह तक क्यों नहीं पहुंचती हैं। गामा किरणों का कौन-सा गुणधर्म, मुख्य रूप से भूमि के स्तर पर उनकी अनुपस्थिति को स्पष्ट करता है?

A. वे ऊपरी वायुमंडल द्वारा अवशोषित कर ली जाती हैं ✓

B. इनकी तरंगदैर्ध्य लंबी होती है

C. वे पृथ्वी की सतह द्वारा परावर्तित होती हैं

D. वे मेघ द्वारा प्रकीर्णित हो जाती हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Excretory System (Kidney)

कौन-सा अंग मानव रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट को प्रत्यक्ष रूप से फिल्टर करता है?

A. फुप्फुस

B. यकृत

C. वृक्क ✓

D. हृदय

Q10 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

'n' कार्बन परमाणुओं वाले ऐल्केन का सामान्य सूत्र क्या है?

A. CnH2n+2 ✓

B. CnH2n-2

C. CnH2n

D. CnH2n+1

Q11 Important Gases & Uses

मुक्त O_2 के अतिरिक्त, वायु में ऑक्सीजन किस संयुक्त रूप में पाई जाती है?

A. कार्बन डाइऑक्साइड ✓

B. नाइट्रोजन गैस

C. आर्गन

D. मेथेन

Q12 Mechanics

एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी खिलौना गाड़ी को एक ही ऊँचाई तक खींचते हुए एक आदर्श रैंप (ideal ramp) के कोण को धीरे-धीरे कम करता है। विद्यार्थी को क्या प्रेक्षण प्राप्त होना चाहिए?

A. गाड़ी को कम स्थितिज ऊर्जा प्राप्त होती है।

B. आवश्यक बल कम हो जाता है। ✓

C. आवश्यक बल स्थिर रहता है।

D. आवश्यक बल बढ़ता है।

Q13 Mechanics

यदि किसी गतिमान वस्तु के वेग-समय ग्राफ में समय अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा प्रदर्शित होती है, तो वस्तु के त्वरण के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

A. वस्तु का त्वरण शून्य है ✓

B. वस्तु का त्वरण ऋणात्मक है

C. वस्तु का त्वरण एकसमान है

D. वस्तु का त्वरण बदल रहा है

Q14 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन (suspension) का एक अभिलाक्षणिक गुण है?

A. यह एक वास्तविक विलयन है

B. इसके घटकों को पृथक नहीं किया जा सकता है

C. यह केवल नीली ज्वाला के साथ जलता है

D. इसके कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है ✓

Q15 Nervous System & Brain

मनुष्यों में मस्तिष्क से किस प्रकार की तंत्रिकाएं निकलती हैं?

A. प्रेरक तंत्रिकाएं (Motor nerves)

B. कपाल तंत्रिकाएं (Spinal nerves) ✓

C. स्वचालित तंत्रिकाएं (Autonomic nerves)

D. मेरु तंत्रिकाएं (Spinal nerves)

Q16 Newton's Laws of Motion

यदि एक कार और एक ट्रक को समान बल से धकेला जाए, तो न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार कौन अधिक त्वरण प्रदर्शित करेगा?

A. कार अधिक त्वरित होगी ✓

B. दोनों समान रूप से त्वरित होंगे

C. दोनों में से कोई भी त्वरित नहीं होगा

D. ट्रक अधिक त्वरित होगा

Q17 Photosynthesis

एक मरुस्थलीय पौधा रात में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है और प्रकाश संश्लेषण के लिए दिन में इसका उपयोग करता है। यह प्रकाश संश्लेषण के किस गुण को दर्शाता है?

A. मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए जल अनावश्यक होता है

B. मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए कार्बन डाइऑक्साइड की आवश्यकता नहीं होती है

C. मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण केवल रात में होता है

D. प्रकाश संश्लेषण में, बाद में उपयोग के लिए संग्रहीत मध्यवर्ती यौगिक शामिल हो सकते हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Physical & Chemical Properties

निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण, कैल्सियम और ठंडे जल के बीच अभिक्रिया को सही से निरूपित करता है?

A. $2Ca + H_2O \rightarrow 2CaOH + H_2$

B. $Ca + H_2O \rightarrow CaOH_2 + H_2$

C. $Ca + H_2O \rightarrow CaH_2 + O_2$

D. $Ca + 2H_2O \rightarrow Ca(OH)_2 + H_2$ ✓

Q19 Reflection & Refraction

प्रिज्म से निकलने वाली किरण पुंज (beam) एकल श्वेत बैंड के बजाय विभिन्न रंग क्यों दर्शाती है?

A. सभी रंग समानांतर रूप से निकलते हैं

B. कुछ रंग अवशोषित हो जाते हैं

C. प्रत्येक रंग विभिन्न कोणों पर मुड़ते हैं ✓

D. सभी रंग समान कोणों पर मुड़ते हैं

Q20 Reproduction in Plants

किसान कई पादपों को समान उपयोगी विशेषकों के साथ उगाने के लिए कर्तन, कलम बांधना और ऊतक संवर्धन का उपयोग करते हैं। इन विधियों को वरीयता क्यों दी जाती है?

A. क्योंकि वे सदैव नई किस्मों का निर्माण करते हैं

B. क्योंकि वे परागण कीटों पर निर्भर करते हैं

C. क्योंकि वे आनुवंशिक रूप से एकसमान पादप उत्पन्न करते हैं ✓

D. क्योंकि वे पादपों में पुष्पन को रोक देते हैं

Q21 Skeletal & Muscular System

निम्नलिखित में से कौन-सा, पेशीकंकाली तंत्र का भाग **नहीं** है?

A. वृक्काणु (Nephrons) ✓

B. पेशियां (Muscles)

C. अस्थियां (Bones)

D. कंडरा (Tendons)

Q22 Types (Combination, Decomposition, etc.)

निम्नलिखित अभिक्रियाओं पर विचार कीजिए:

(I) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

(II) $AgNO_3(aq) + NaCl(aq) \rightarrow AgCl(s) + NaNO_3(aq)$

(III) $CaCO_3(s) \xrightarrow{Heat} CaO(s) + CO_2(g)$

(IV) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$

उपरोक्त में से कौन-सी अभिक्रियाएं, अवक्षेपण अभिक्रियाएं हैं?

A. केवल III और IV

B. केवल I और III

C. केवल II और IV

D. केवल I और II ✓

Q23 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

किसी शोधकर्ता को ऐसा पादप समूह मिलता है जिसे निषेचन के लिए जल की आवश्यकता नहीं है और इसमें ऐसे बीज हैं जो फलों में बंद नहीं होते हैं। किस पादप समूह का वर्णन किया जा रहा है?

- **A.** अनावृतबीजी (Gymnosperms) ✓
- **B.** टेरिडोफाइट (Pteridophytes)
- **C.** ब्रायोफाइट (Bryophytes)
- **D.** आवृतबीजी (Angiosperms)

Q19 Plant Tissues & Transport

निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएं मृदूतक (parenchyma) की कोशिकाओं के लिए सही हैं?

- **A.** मृत, अंतरकोशिकीय स्थान के बिना शिथिल रूप से व्यवस्थित
- **B.** जीवित, अंतरकोशिकीय स्थान के बिना शिथिल रूप से व्यवस्थित
- **C.** जीवित, दीर्घ अंतरकोशिकीय स्थान के साथ शिथिल रूप से व्यवस्थित ✓
- **D.** मृत, दीर्घ अंतरकोशिकीय (intercellular) स्थान के साथ शिथिल रूप से व्यवस्थित

Q20 Reactivity Series

दिया गया है कि धातु X, $CuSO_4$ के साथ अभिक्रिया करता है लेकिन $FeSO_4$ के साथ अभिक्रिया नहीं करता है और धातु Y, $FeSO_4$ के साथ अभिक्रिया करता है लेकिन $ZnSO_4$ के साथ अभिक्रिया नहीं करता है, तो Zn, Fe, Cu, X, और Y की ह्रासमान अभिक्रियाशीलता (decreasing reactivity) का सही क्रम क्या है?

- **A.** Y > Zn > X > Fe > Cu
- **B.** Zn > Y > Fe > X > Cu ✓
- **C.** Fe > X > Zn > Y > Cu
- **D.** Cu > X > Fe > Y > Zn

Q21 Respiratory System

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मनुष्यों में धूम्रपान से श्वसन तंत्र के प्रभावित होने के कारण की सटीक व्याख्या करता है?

- **A.** धूम में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर ऊतकों तक ऑक्सीजन के परिवहन को कम कर देता है ✓
- **B.** धूम्रपान से एल्वियोली का पृष्ठीय क्षेत्रफल बढ़ जाता है, जिससे ऊतकों में गैसों का बेहतर विनिमय होता है
- **C.** तंबाकू में टार, एल्वियोली की भित्तियों को मजबूत बनाता है
- **D.** निकोटीन विभिन्न ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाने की रक्त की क्षमता को बढ़ाता है

Q22 Types (Combination, Decomposition, etc.)

कौन-सा समीकरण, धातुओं और उनके लवण विलयनों से शामिल विस्थापन अभिक्रिया को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

- **A.** Ag + MgSO4→ AgSO4+ Mg
- **B.** Zn + CuSO4→ ZnSO4+ Cu ✓
- **C.** Au + FeSO4→ AuSO4+ Fe
- **D.** Cu + ZnSO4→ CuSO4+ Zn

Q23 Work, Energy & Power

किसी एक समान कार्य को करने में विद्यार्थी A को 20 सेकंड लगते हैं, जबकि विद्यार्थी B को 40 सेकंड लगते हैं। A और B के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- **A.** विद्यार्थी A की शक्ति विद्यार्थी B की शक्ति से दोगुनी है। ✓
- **B.** विद्यार्थी B ने अधिक कार्य किया है।
- **C.** दोनों विद्यार्थियों के पास समान शक्ति है।
- **D.** विद्यार्थी B की शक्ति विद्यार्थी A की शक्ति से दोगुनी है।

Q24 Work, Energy & Power

एक नियत बल किसी वस्तु पर कार्य करता है और उसे बल की दिशा में गतिमान करता है। बल द्वारा किए गए कार्य की गणना किस प्रकार होगी?

- **A.** कार्य की गणना (बल × विस्थापन) द्वारा होगी ✓
- **B.** कार्य की गणना (बल + विस्थापन) द्वारा होगी
- **C.** कार्य की गणना (बल × समय) द्वारा होगी
- **D.** कार्य की गणना (बल ÷ विस्थापन) द्वारा होगी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 pH Scale & Indicators

एक विद्यार्थी चार द्रवों का pH मापता है: नींबू-रस (2), साबुन विलयन (9), जल (7) और सिरका (3)। इनमें से कौन-सा द्रव सर्वाधिक क्षारकीय होगा?

A. नींबू-रस (2)

B. साबुन विलयन (9) ✓

C. सिरका (3)

D. जल (7)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

निम्नलिखित से किस तत्व के नाभिक के भीतर न्यूट्रॉन नहीं होते हैं?

A. आर्गन
B. निऑन
C. हाइड्रोजन ✓
D. हीलियम

Q2 Atoms & Molecules

किसी पदार्थ का सूत्र एकांक द्रव्यमान (formula unit mass) क्या दर्शाता है?

A. धातु और अधातु परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का अनुपात
B. किसी सूत्र एकांक में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योगफल ✓
C. आण्विक और परमाणु द्रव्यमान के बीच का अंतर
D. किसी अणु में सभी परमाणुओं के परमाणु क्रमांकों का गुणनफल

Q3 Cell Biology

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **गलत** है?

A. भ्रूण — रूपण (shaping) के लिए प्रोगामीकृत कोशिका मृत्यु का उपयोग करता है
B. दुर्दम — ऊतक आक्रमण
C. कैंसर कोशिका — नियंत्रित विभाजन ✓
D. सामान्य कोशिका — निश्चित जीवनकाल

Q4 Cell Biology

कोशिका संवर्धन का अभिप्राय _____ कोशिकाओं के वर्धन की प्रक्रिया से है।

A. काय के अंदर
B. केवल मृदा में
C. काय के बाहर ✓
D. बिना पोषक तत्वों के

Q5 Chemistry

रसायन विज्ञान की कौन-सी शाखा, सजीव कोशिकाओं के भीतर होने वाली अभिक्रियाओं से सबसे अधिक संबंधित है?

A. वैश्लेषिक रसायन विज्ञान
B. भौतिक रसायन विज्ञान
C. जैव रसायन विज्ञान ✓
D. अकार्बनिक रसायन विज्ञान

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

मानव रक्त में ऑक्सीजन का परिवहन मुख्यतः _____ नामक वर्णक के साथ बंधन से होता है।

A. मायोग्लोबिन
B. क्लोरोफिल
C. प्लाज्मा
D. हीमोग्लोबिन ✓

Q7 Circulatory System (Heart, Blood)

द्वि-परिसंचरण में, निम्नलिखित में से कौन-सी वाहिका ऑक्सीजनित रक्त को हृदय तक पहुंचाती है?

A. महाधमनी
B. फुफ्फुसी शिरा ✓
C. फुफ्फुसी धमनी
D. महाशिरा

Q8 Five Kingdom Classification

एक वैज्ञानिक एकल-कोशिकीय यूकेरियोटिक जीव की खोज करता है। पाँच जगतों की प्रणाली में कौन-सी प्रमुख विशेषता इसे मोनेरा से अलग करती है?

A. पोषण की स्वपोषीय विधा
B. काइटिन से बनी कोशिका भित्ति
C. बहुकोशिकीय संगठन
D. झिल्ली-परिबद्ध केंद्रक की उपस्थिति ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Five Kingdom Classification

क्षेत्र अध्ययन के दौरान, एक विद्यार्थी को एक ऐसा जीव मिलता है जो बहुकोशिकीय है, जिसमें कोशिका भित्ति का अभाव है और भोजन के लिए दूसरों पर निर्भर होता है। पांच जगत वर्गीकरण के अनुसार, इस जीव को किस जगत से संबंधित होना चाहिए?

A. कवक
B. मोनेरा
C. प्लांटी
D. ऐनिमेलिया ✓

Q10 Important Salts & Their Uses

जब कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) के साथ अभिक्रिया करती है, तो कौन-सा लवण बनता है?

A. सोडियम नाइट्रेट
B. सोडियम सल्फेट
C. सोडियम कार्बोनेट ✓
D. सोडियम क्लोराइड

Q11 Magnetic Effects of Current

परिनालिका का एक सिरा उत्तरी ध्रुव के रूप में और दूसरा सिरा दक्षिणी ध्रुव के रूप में क्यों व्यवहार करता है?

A. परिनालिका में कोई धारा नहीं होती है
B. क्योंकि धारा एक छड़ चुंबक के समान चुंबकीय प्रभाव उत्पन्न करती है ✓
C. परिनालिका प्राकृतिक रूप से चुंबकीय होती है
D. विद्युतरोधन ध्रुवों को उत्पन्न करता है

Q12 Magnetic Effects of Current

एक विद्यार्थी अवलोकन करता है कि दिक्सूची (compass needle) के धारावाही सीधे चालक से दूर जाने पर उसका विक्षेपण कम हो जाता है। इस अवलोकन का सबसे संभावित कारण क्या है?

A. चालक में विद्युत धारा दूरी के साथ घटती जाती है
B. चालक से दूरी बढ़ने पर चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य कम हो जाता है ✓
C. तार की आकृति केवल निकट दूरियों पर ही क्षेत्र सामर्थ्य को प्रभावित करती है
D. पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र दूरी के साथ प्रबल होता जाता है

Q13 Mechanics

गतिमान वस्तु के लिए वेग-समय ग्राफ की ढाल निम्नलिखित में से किस राशि को निरूपित करती है?

A. त्वरण ✓
B. बल
C. चाल
D. विस्थापन

Q14 Mechanics

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एकसमान वृत्तीय गति में वेग की दिशा का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यह सदैव वृत्त के किसी भी बिंदु पर स्पर्शरेखा होता है ✓
B. यह सदैव वृत्त के तल के लंबवत होता है
C. यह सदैव केंद्र से दूर, त्रिज्या के अनुदिश होता है
D. यह सदैव केंद्र की ओर निर्देशित होता है

Q15 Metals & Non-Metals

एनोडीकरण एक विद्युत्-अपघटनी प्रक्रम के माध्यम से निम्नलिखित में से किस धातु की मोटी ऑक्साइड परत बनाने की प्रक्रिया है?

A. जस्ता
B. एल्यूमीनियम ✓
C. तांबा
D. लोहा

Q16 Mirrors & Lenses

एक छात्र दर्पण का उपयोग करते समय एक ऐसे प्रतिबिंब को देखता है, जो उल्टा और वस्तु (object) से छोटा होता है। किस प्रकार का आवर्धन प्रेक्षित किया जा रहा है?

A. आवर्धन एक से कम और ऋणात्मक है ✓
B. आवर्धक एक से अधिक और ऋणात्मक है
C. आवर्धन एक के बराबर और धनात्मक है
D. अवर्धन एक से अधिक और धनात्मक है

Q17 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, निलंबन (suspensions) के संदर्भ में सत्य है?

A. विलेय के कण स्थिर रहने पर नीचे बैठ जाते हैं। ✓
B. ये पारदर्शी होते हैं।
C. ये प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं करते हैं।
D. विलेय पूर्णतया घुल जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Nervous System & Brain

मानव शरीर में मुख्य रूप से प्रतिवर्त चाप (reflex arcs) कहाँ बनते हैं?

A. हृदय

B. मस्तिष्क

C. मेरुरज्जु ✓

D. फेफड़े

Q19 Plant Hormones

गुरुत्व की अनुक्रिया में पादपों की मूलों की अधोमुखी वृद्धि को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

A. गुरुत्वानुवर्तन ✓

B. जलानुवर्तन

C. प्रकाशानुवर्तन

D. रसानुवर्तन

Q20 Properties & Tests

एक विद्यार्थी सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाता है। कौन-सा प्रेक्षण उदासीनीकरण की पुष्टि करता है?

A. लाल रंग में बदलना

B. अवक्षेप रूप

C. बुदबुदाहट होना ✓

D. तापमान में गिरावट

Q21 Reflection & Refraction

सूर्योदय या सूर्यास्त के समय, पृथ्वी से देखने पर सूर्य की डिस्क सपाट (flattened) क्यों दिखाई देती है?

A. पृथ्वी द्वारा गुरुत्वीय लेंसिंग के कारण

B. वायु द्वारा सूर्य के प्रकाश के अवशोषण के कारण

C. वायुमंडल में सूर्य के प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण

D. वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण सूर्य की डिस्क पर प्रकाश का असमान रूप से मुड़ना ✓

Q22 SI Units & Dimensions

निम्नलिखित में से कौन-सा किए गए कार्य का सही मात्रक **नहीं** है?

A. न्यूटन-मीटर

B. पास्कल ✓

C. जूल

D. वाट-सेकंड

Q23 Separation Techniques

एक औद्योगिक प्रक्रिया में, जब एक हाइड्रोकार्बन का हैलोजनीकरण किया जाता है, तो उत्पादों का मिश्रण प्राप्त होता है। एकल-प्रतिस्थापी उत्पाद को अलग करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जा सकता है?

A. दहन

B. आसवन ✓

C. निस्यंदन

D. अवक्षेपण

Q24 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

15 Hz की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंग को किस रूप में वर्गीकृत किया जाएगा?

A. अतिध्वनिक ध्वनि (Hypersonic sound)

B. अवश्रव्य ध्वनि (Infrasonic sound) ✓

C. श्रव्य ध्वनि (Audible sound)

D. पराश्रव्य ध्वनि (Ultrasonic sound)

Q25 Mechanics

एक आदर्श आनत तल 20 m लंबा है और एक लोड को 4 m की ऊर्ध्वाधर ऊँचाई के माध्यम से उठाता है। लोड को सीधे ऊपर उठाने की तुलना में, लोड को तल पर ऊपर ले जाने के लिए आवश्यक आयास _____ होता है।

A. लोड के बराबर

B. लोड का एक-चौथाई

C. लोड का आधा

D. लोड का $\frac{1}{5}$वां भाग ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

यदि समान तत्व के दो परमाणुओं की द्रव्यमान संख्या विभिन्न है, लेकिन प्रोटॉनों की संख्या समान है, तो इस अंतर के लिए कौन-सा अवपरमाण्विक कण उत्तरदायी है?

- A. न्यूट्रॉन ✓
- B. पोजीट्रान
- C. प्रोटॉन
- D. इलेक्ट्रॉन

Q2 Atomic Structure & Models

निम्नलिखित में से कौन-सा विन्यास (arrangement), सोडियम (परमाणु क्रमांक 11) तत्व की कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनों के वितरण को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

- A. 2,8,1 ✓
- B. 2,9
- C. 3,9
- D. 1,8,2

Q3 Basic Organic Chemistry

कार्बन की बहुआयामिता (versatility) को ध्यान में रखते हुए, कौन-सा परिदृश्य पर्यावरण विज्ञान में इसकी भूमिका को सर्वोत्तम तरीके से दर्शाता है?

- A. श्वसन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड का बनना ✓
- B. जल में सोडियम कार्बोनेट का बनना
- C. चट्टानों में मैग्नीशियम ऑक्साइड का बनना
- D. अस्थियों में कैल्शियम कार्बोनेट का उपयोग

Q4 Cell Biology

भ्रूणीय विकास के दौरान अलग-अलग उंगलियों के निर्माण में सहायता करने वाली चयनात्मक कोशिका विनाश की प्रक्रिया का नाम बताइए।

- A. प्रोगामीकृत कोशिका मृत्यु (Programmed cell death) ✓
- B. समसूत्रण (Mitosis)
- C. अर्धसूत्रण (Meiosis)
- D. जीवद्रव्य कुंचन (Plasmolysis)

Q5 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

सोडियम क्लोराइड जैसे आयनिक यौगिकों में सर्वाधिक कौन-सा गुणधर्म पाया जाता है?

- A. उच्च गलनांक और क्वथनांक ✓
- B. गलित अवस्था में दुर्बल विद्युत चालकता
- C. निम्न गलनांक और क्वथनांक
- D. ठोस अवस्था में उच्च विद्युत चालकता

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

परिपक्व RBC में केंद्रक की अनुपस्थिति _____ के लिए अधिक स्थान प्रदान करती है, जो शरीर में ऑक्सीजन का वहन करता है।

- A. DNA
- B. हीमोग्लोबिन ✓
- C. क्लोरोफिल
- D. लाइसोसोम

Q7 Echo, Resonance, Doppler Effect

एक स्टेथोस्कोप, ध्वनि के परावर्तन के सिद्धांत का उपयोग किस प्रकार करता है?

- A. ध्वनि को बाहर की ओर निर्देशित करके
- B. आवृत्ति द्वारा ध्वनि निस्यंदन करके
- C. अपने ट्यूब के भीतर बहु परावर्तन के माध्यम से हृद्-स्पंद की ध्वनियों को ट्रांसमिट करके ✓
- D. ध्वनि तरंगों को अवशोषित करके

Q8 Ecosystem & Food Chain

यदि किसी खाद्य श्रृंखला के सभी सर्प लुप्त हो जाते हैं, तो खाद्य श्रृंखला पर तत्कालिक प्रभाव क्या होगा?

- A. बाघों की समष्टि में वृद्धि होगी
- B. घास की समष्टि में कमी होगी
- C. वृक्षों की समष्टि में कमी होगी
- D. मेंढकों की समष्टि में वृद्धि होगी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Excretory System (Kidney)

कॉलम A में दिए गए उत्सर्जी उत्पाद को **कॉलम B** में दिए गए उसके निष्कासित करने वाले अंग से सुमेलित कीजिए।

कॉलम A (उत्सर्जी उत्पाद)	कॉलम B (अंग)
(a) यूरिया	(i) यकृत
(b) कार्बन डाइऑक्साइड	(ii) फुफ्फुस
(c) अतिरिक्त लवण	(iii) त्वचा
(d) पित्त लवण	(iv) वृक्क

A. a–iii, b–iv, c–ii, d–i

B. a–iv, b–ii, c–iii, d–i ✓

C. a–ii, b–i, c–iv, d–iii

D. a–iv, b–iii, c–i, d–ii

Q10 Five Kingdom Classification

किसी नैदानिक जांच में एक ऐसे एककोशिकीय, गतिशील, यूकेरियोटिक जीव की पहचान की गई है जो भोजन के लिए जीवाणुओं का अंतर्ग्रहण करता है। पांच जगत प्रणाली में इस जीव की सर्वोत्तम स्थिति क्या है?

A. ऐनिमेलिया

B. कवक

C. मोनेरा

D. प्रोटिस्टा ✓

Q11 Important Salts & Their Uses

निम्नलिखित में से क्या, विरंजक चूर्ण का एक उपयोग **नहीं** है?

A. जल की कठोरता को दूर करना ✓

B. क्लोरोफॉर्म का विनिर्माण

C. कपास और लिनेन को विरंजित करना

D. पेय जल को विसंक्रमित करना

Q12 Magnetic Effects of Current

किसी वृत्ताकार धारा वाही परिपथ के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने के लिए किस नियम का उपयोग किया जाता है?

A. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम

B. दाहिने हाथ के अंगूठे का नियम ✓

C. जूल का ताप का नियम

D. ओम का नियम

Q13 Magnetic Effects of Current

एक तकनीशियन, तार की सामग्री या परिवेश को बदले बिना किसी धारावाही तार के परितः चुंबकीय प्रभाव को कम करना चाहता है। इसके लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाना चाहिए?

A. धारा को परिवर्तित किए बिना तार को पतला बनाना

B. उपयोग किए गए तार की लंबाई बढ़ाना

C. तार से प्रवाहित होने वाली धारा की मात्रा को कम करना ✓

D. तार के पथ को सरल रेखा में परिवर्तित करना

Q14 Mechanics

एक साइकिल चालक 20 सेकंड में 60 मीटर उत्तर और फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर जाता है। उसके औसत वेग का परिमाण क्या है?

A. एक मीटर प्रति सेकंड ✓

B. शून्य मीटर प्रति सेकंड

C. पांच मीटर प्रति सेकंड

D. सात मीटर प्रति सेकंड

Q15 Mirrors & Lenses

जब किसी वस्तु को दर्पण से 60 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो एक वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब एक अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर बनता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दर्पण की फोकस दूरी का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. दर्पण की फोकस दूरी -30 cm है

B. दर्पण की फोकस दूरी + 10 cm है

C. दर्पण की फोकस दूरी + 15 cm है

D. दर्पण की फोकस दूरी -20 cm है ✓

Q16 Mirrors & Lenses

यदि कोई लेंस, बिंब की ऊंचाई से दोगुनी ऊंचाई का प्रतिबिंब बनाता है, तो लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन क्या होगा?

A. 0.5

B. 2 ✓

C. -2

D. 1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा निलंबन का एक गुणधर्म है?

- A. कण 1 nm से छोटे होते हैं
- B. समांगी मिश्रण होता है
- C. निस्यंदन द्वारा उन्हें पृथक किया जा सकता है ✓
- D. कण नीचे नहीं बैठते हैं

Q18 Newton's Laws of Motion

कारों में सीट बेल्ट यात्रियों को अचानक ब्रेक लगाने या टक्कर होने पर _____ के कारण सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगाई जाती हैं।

- A. गति के जड़त्व ✓
- B. घर्षण
- C. विरामावस्था के जड़त्व
- D. दिशा के जड़त्व

Q19 Properties & Tests

पूर्ण उदासीनीकरण रासायनिक अभिक्रिया के दौरान सदैव कौन-से उत्पाद बनते हैं?

- A. लवण और जल ✓
- B. गैस और लवण
- C. अम्ल और क्षारक
- D. धातु और गैस

Q20 Respiratory System

यीस्ट कोशिकाओं में अवायवीय श्वसन के दौरान निर्मित अंतिम उत्पाद कौन-से हैं?

- A. एथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड ✓
- B. लैक्टिक अम्ल और जल
- C. जल और ऑक्सीजन
- D. ग्लूकोज और ऑक्सीजन

Q21 Respiratory System

एक क्षेत्र पारिस्थितिकीविज्ञ, निम्न ऑक्सीजन वाली उच्च-तुंगता पर स्थित झील में मछलियों का अध्ययन करता है। गिल (gills) में कौन-सा संरचनात्मक अनुकूलन सर्वाधिक प्रेक्षण किया जाएगा?

- A. गैस विनिमय के लिए बृहत्तर पृष्ठीय क्षेत्र होना ✓
- B. गिल की झिल्लियां स्थूलतर होना
- C. गिल में रक्त प्रवाह कम होना
- D. गिल के ऊतक में अल्पतर केशिकाएं होना

Q22 Soaps & Detergents

कपड़ों से तेल के धब्बों को साफ करने में मिसेल, साबुन को प्रभावी रूप से कार्य करने में कैसे सक्षम बनाते हैं?

- A. वे अध्रुवीय पदार्थों को घेरकर फँसा लेते हैं, जिससे वे जल में विलेय हो जाते हैं। ✓
- B. वे कपड़े की सतह पर एक जलविरागी परत चढ़ाते हैं, जो पानी को चिपकने से रोकती है।
- C. वे रासायनिक रूप से तेल के अणुओं को ध्रुवीय टुकड़ों में तोड़ देते हैं जो आसानी से वाष्पित हो सकते हैं।
- D. वे जल के pH में वृद्धि कर देते हैं ताकि तेल, ठोस अवक्षेप बना सकें जिन्हें धोया जा सके।

Q23 Work, Energy & Power

0.5 kg द्रव्यमान वाली एक खिलौना कार 2 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

- A. 1 J ✓
- B. 0.5 J
- C. 2.5 J
- D. 2 J

Q24 Work, Energy & Power

एक विद्यार्थी का यह दावा है कि एक स्थिर वस्तु में गतिज ऊर्जा इसलिए होती है क्योंकि उसका द्रव्यमान होता है। इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

- A. यह कथन गलत है क्योंकि केवल गति में ऊर्जा को स्थितिज ऊर्जा के रूप में गिना जाता है
- B. कथन गलत है क्योंकि गतिज ऊर्जा के लिए गति की आवश्यकता होती है ✓
- C. यह कथन केवल पृथ्वी पर स्थित वस्तुओं के लिए सही है
- D. कथन सही है क्योंकि द्रव्यमान वाली सभी वस्तुओं में गतिज ऊर्जा होती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Respiratory System

कॉलम A को कॉलम B से सुमेलित कीजिए।

	कॉलम A		कॉलम B
(a)	एल्वियोली (Alveoli)	(i)	श्वासनली में खाद्य प्रवेश को रोकना
(b)	हीमोग्लोबिन (Haemoglobin)	(ii)	गैस विनिमय
(c)	डायाफ्राम (Diaphragm)	(iii)	ऑक्सीजन परिवहन
(d)	एपिग्लोटिस (Epiglottis)	(iv)	अभिश्वसन में सहायक

A. a–iv, b–iii, c–ii, d–i

B. a–iii, b–ii, c–iv, d–i

C. a–ii, b–iv, c–iii, d–i

D. a–ii, b–iii, c–iv, d–i ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atomic Structure & Models

डाल्टन का परमाणु सिद्धांत विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के बारे में क्या बताता है?

A. उनका आकार अलग-अलग होता है लेकिन द्रव्यमान सर्वसम होता है

B. उनका द्रव्यमान सर्वसम होता है लेकिन उनकी आकृति अलग-अलग होती है

C. ये प्रत्येक अभिमुखता में समान होते हैं

D. उनका द्रव्यमान और गुणधर्म अलग-अलग होता है ✓

Q2 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से किस तत्व के अणु में परमाणुओं की संख्या सबसे अधिक है?

A. क्लोरीन

B. सल्फर ✓

C. नाइट्रोजन

D. ऑक्सीजन

Q3 Basic Organic Chemistry

हीरा, विद्युत का चालन क्यों नहीं करता है जबकि ग्रेफाइट विद्युत का चालन करता है?

A. अक्रिस्टलीय कार्बन में विस्थानीकृत इलेक्ट्रॉन होते हैं

B. हीरे के सभी इलेक्ट्रॉन आबंधन में शामिल होते हैं ✓

C. फुलेरीन के पिंजरों (cage) में गतिशील इलेक्ट्रॉन होते हैं

D. हीरे में ऐसी परतें होती हैं जो सर्पण और चालन करती हैं

Q4 Carbon & Its Compounds

मृत समुद्री जीवों से पेट्रोलियम के निर्माण के लिए कौन-सी स्थिति सबसे अधिक आवश्यक है?

A. भूपृष्ठ जल और पवन के साथ सीधा संपर्क

B. सूर्य के प्रकाश और ताजे ऑक्सीजन में उद्भासन

C. लंबे समय तक उच्च दाब और वायु की अनुपस्थिति ✓

D. निम्न तापमान और खुली वायु की उपस्थिति

Q5 Conduction, Convection, Radiation

एक पारिस्थितिकीविज्ञ, पवन पैटर्न का विश्लेषण करता है और यह निष्कर्ष निकालता है कि उनकी उत्पत्ति भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर होती है। इस अवलोकन का अंतर्निहित सिद्धांत क्या है?

A. पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र, पवनों को भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर निर्देशित करता है

B. ज्वारीय बल, वायुमंडलीय धाराओं को विश्व स्तर पर स्थानांतरित करते हैं

C. महासागरीय लवणता में अंतर वायु संहतियों को उत्तर और दक्षिण की ओर धकेलते हैं

D. असमान सौर तापन के कारण होने वाली ताप प्रवणता पवनों को चालित करती है ✓

Q6 Conduction, Convection, Radiation

एक भौतिक भूगोलवेत्ता दो तटीय शहरों की तुलना करता है जिसमें से एक भूमध्य रेखा पर है और दूसरा ध्रुवों के निकट है। दोनों शहर दिन के दौरान समान अवधि तक सूर्य का प्रकाश प्राप्त करते हैं। भूमध्य रेखा पर स्थित शहर के अधिक गर्म रहने का कारण क्या है?

A. ध्रुवीय शहर जल निकटता के कारण कम सूर्य का प्रकाश अवशोषित करता है

B. दोनों शहरों का तापमान सूर्य के प्रकाश की समान अवधि के कारण समान होता है

C. भूमध्यरेखा पर पृष्ठीय परावर्तन अधिक होता है, जिससे यह गर्म रहता है

D. भूमध्य रेखा पर सूर्य का प्रकाश अधिक प्रत्यक्ष होता है, जो ऊर्जा को केंद्रित करता है ✓

Q7 Current Electricity (Ohm's Law, Circuits)

विद्युत परिपथ में सेल की रासायनिक ऊर्जा की क्या भूमिका होती है?

A. यह परिपथ के प्रतिरोध को बदलती है

B. यह विभवांतर का निर्माण करती है और उसे बनाए रखती है ✓

C. यह धारा के प्रवाह को मापती है

D. यह इलेक्ट्रॉनों को सीधे तार के अनुदिश गतिमान करती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q8 Light & Optics

एक वैज्ञानिक, जल से भरी कांच वाली टंकी (glass tank of water), एक टॉर्च और थोड़ी मात्रा में दूध का उपयोग करके यह प्रदर्शित करना चाहता है कि दिन के समय आकाश का रंग नीला और सूर्यास्त के समय रक्ताभ (reddish) क्यों दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सेटअप, वायुमंडल में प्रेक्षित प्रकाश के प्रकीर्णन के समान प्रकाश के प्रकीर्णन को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करेगा?

A. जल में अधिक मात्रा में दूध मिलाना और मिश्रण के माध्यम से टॉर्च को ऊपर से प्रकाशमान करना

B. जल में थोड़ी मात्रा में दूध मिलाना और प्रकीर्णित प्रकाश का प्रेक्षण करने के लिए बगल से टंकी के माध्यम से टॉर्च को प्रकाशमान करना ✓

C. टॉर्च को स्वच्छ जल के माध्यम से प्रकाशमान करना और विपरीत दिशा से संचरित प्रकाश का प्रेक्षण करना

D. टॉर्च को ऊपर से स्वच्छ जल पर प्रकाशमान करना और प्रदीप्त क्षेत्र का प्रेक्षण करना

Q9 Magnetic Effects of Current

एक आयताकार कुंडली को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया है। यदि धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो कुंडली के प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. बल का परिमाण दोगुना हो जाता है

B. बल का परिमाण शून्य हो जाता है

C. बल, कुंडली के तल के लंबवत कार्य करता है

D. प्रत्येक खंड पर लगने वाले बल की दिशा उत्क्रमित हो जाती है ✓

Q10 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा, वास्तविक विलयन का एक अभिलक्षण है?

A. विलेय कण तेजी से नीचे बैठ जाते हैं

B. विलेय कणों को निस्यंदन द्वारा आसानी से पृथक किया जा सकता है

C. विलेय कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है

D. विलेय कण, विलयन में समान रूप से वितरित होते हैं ✓

Q11 Nervous System & Brain

तंत्रिका ऊतक के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

(i) तंत्रिका ऊतक न्यूरॉन से बने होते हैं।
(ii) न्यूरॉन में एक तंत्रिकाक्ष और कई द्रुमिका होती हैं।
(iii) तंत्रिका आवेग वे संकेत होते हैं जो तंत्रिका तंतुओं से होकर गुजरते हैं।

A. केवल (ii) और (iii)

B. (i), (ii) और (iii) ✓

C. केवल (i) और (ii)

D. केवल (i) और (iii)

Q12 Newton's Laws of Motion

गोली चलाने पर बंदूक पीछे की ओर धक्का क्यों मारती है?

A. बंदूक भारी होती है और स्वाभाविक रूप से पीछे की ओर जाती है

B. ट्रिगर बंदूक को पीछे की ओर ले जाने का कारण बनता है

C. वायु प्रतिरोध बंदूक को पीछे की ओर धकेलता है

D. गोली आगे की ओर बढ़ती है और बंदूक एक समान और विपरीत पश्च बल का अनुभव करती है ✓

Q13 Newton's Laws of Motion

एक घोड़ा 500 N के बल के साथ एक गाड़ी खींचता है। गाड़ी के कारण घोड़े पर लगने वाला बल कितना होगा?

A. 1000 N

B. 250 N

C. 500 N गति के बराबर और विपरीत ✓

D. 0 N

Q14 Photosynthesis

पादपों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, ऊर्जा और कार्बन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तरदायी है?

A. श्वसन

B. प्रकाश-संश्लेषण ✓

C. वाष्पोत्सर्जन

D. स्थानांतरण

Q15 Physical & Chemical Properties

अधातुओं से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन I: वह ठोस पदार्थ, जो द्युतिहीन, भंगुर होता है और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करता है, संभवतः एक अधातु होता है।
कथन II: सभी अधातुएं द्युतिहीन, भंगुर ठोस होती हैं और ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करती हैं।

A. दोनों कथन गलत हैं

B. कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है

C. दोनों कथन सही हैं

D. कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q16 Plant Tissues & Transport

पादपों में जल का परिवहन _____ के माध्यम से होता है।

A. कैम्बियम

B. जाइलम ✓

C. फ्लोएम

D. रसधानी

Q17 Plant Tissues & Transport

पादप और जंतु कोशिकाओं के वृद्धि के पैटर्न के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. जंतु कोशिकाओं की तुलना में पादप कोशिका वृद्धि अधिक एकसमान होती है

B. दोनों समान वृद्धि पैटर्न का पालन करते हैं

C. जंतु कोशिका वृद्धि मेरिस्टेमी ऊतकों के कारण होती है

D. पादपों में एक विशिष्ट वृद्धि क्षेत्र होता है जिसमें विभाजित ऊतक होते हैं ✓

Q18 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट की मात्रा को कम कर सकता है?

A. उपयोग-पश्चात् फेंकने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों और कपों का प्रयोग करें।

B. सभी अपशिष्ट को जल निकायों में फेंके।

C. पुनः उपयोग योग्य और पुनर्चक्रणीय उत्पादों का उपयोग करें। ✓

D. अजैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट को मिट्टी के साथ मिलाएं।

Q19 Properties & Tests

मेथेनोइक अम्ल युक्त मधुमक्खी के डंक के कारण दाह संवेदन (burning sensation) को निष्प्रभावित करने में कौन-सा पदार्थ सर्वाधिक सहायक होगा?

A. तनु बेकिंग सोडा विलयन ✓

B. तनु सिरका विलयन

C. नींबू का रस

D. इमली का विलयन

Q20 Respiratory System

लंबे समय तक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को चिरकालिक खांसी और बार-बार श्वसन संक्रमण हो जाता है। श्वसन पथ में होने वाला कौन-सा शरीरक्रियात्मक परिवर्तन, मुख्यत: इस वर्धित सुग्राहिता में योगदान देता है?

A. श्वसनियों का संकुचित होना

B. उपरि श्वसन पथ में पक्ष्माभ (cilia) का क्षतिग्रस्त होना ✓

C. श्लेष्मा के उत्पादन में वृद्धि

D. श्वसनी भित्तियों का स्थूल होना

Q21 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

यदि किसी ध्वनि तरंग की आवृत्ति में वृद्धि होती है जबकि वायु में उसकी चाल नियत रहती है, तो उसकी तरंगदैर्ध्य पर क्या प्रभाव होगा?

A. इसकी तरंगदैर्ध्य में यादृच्छिक रूप से उच्चावचन होगा

B. इसकी तरंगदैर्ध्य अपरिवर्तित रहेगी

C. इसकी तरंगदैर्ध्य में कमी होगी ✓

D. इसकी तरंगदैर्ध्य में वृद्धि होगी

Q22 Wave Properties (Frequency, Wavelength)

निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण दैनिक जीवन में उच्च तारत्व (high pitch) की ध्वनि को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

A. एक रेफ्रिजरेटर की भनभनाहट

B. एक बड़ी दीवार घड़ी की टिक-टिक करना

C. एक बच्चे द्वारा सीटी बजाना ✓

D. एक बड़े ढोल की थाप

Q23 Work, Energy & Power

20 N का एक बल, 5 m के विस्थापन के विपरीत कार्य करता है। बल द्वारा किया गया कार्य कितना होगा?

A. +25 J

B. 0 J

C. −100 J ✓

D. +100 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Work, Energy & Power

एक गोली और एक गेंद की गतिज ऊर्जा समान है, लेकिन गोली का द्रव्यमान गेंद की तुलना में बहुत कम है। उनकी चाल के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

A. दोनों समान चाल पर गति करते हैं।

B. गोली, गेंद की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है। ✓

C. गेंद, गोली की तुलना में बहुत तीव्र गति से चलती है।

D. गोली और गेंद दोनों विराम अवस्था में रहते हैं।

Q25 pH Scale & Indicators

किसी लवण विलयन का pH मान 9 है। यह किस प्रकार का लवण हो सकता है?

A. प्रबल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण

B. प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार से बना लवण

C. दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षार से बना लवण

D. प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल से बना लवण ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व ऐलुमीनियम के लिए सही प्रतीक है?

A. AL
B. alm
C. Alm
D. Al ✓

Q2 Carbon & Its Compounds

प्रकृति में कोयला और पेट्रोलियम के निर्माण में लाखों वर्ष क्यों लगते हैं?

A. इनका निर्माण मन्द रासायनिक और भौतिक परिवर्तनों द्वारा होता है ✓
B. ये बारंबार होने वाली बाढ़ की घटनाओं से उत्पन्न होते हैं
C. इनका निर्माण पदार्थों के शीतलन के माध्यम से शीघ्रता से होता है
D. ये तीव्र रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप बनते हैं

Q3 Cell Structure & Organelles

कोई जीव यूकैरियोट है या प्रोकैरियोट, यह निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक किसकी जांच करते हैं?

A. कोशिका संरचना और केंद्रक की उपस्थिति ✓
B. प्रजनन की विधि और संतति
C. सामान्य संभरण व्यवहार और आहार
D. पर्यावरण में पारिस्थितिक भूमिका

Q4 Chemical Bonding (Ionic, Covalent)

निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

कथन I: सोडियम परमाणु एक इलेक्ट्रॉन का त्याग करके सोडियम आयन का निर्माण करता है।

कथन II: सोडियम आयन पर ऋणात्मक आवेश होता है।

A. कथन I और II दोनों सही हैं।
B. कथन I और II दोनों गलत हैं।
C. केवल कथन II सही है।
D. केवल कथन I सही है। ✓

Q5 Circulatory System (Heart, Blood)

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, प्रकुंचन दाब (Systolic Pressure) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. शिथिलन के दौरान शिराओं में रक्तदाब
B. निलय शिथिलन के दौरान धमनियों में रक्तदाब
C. संकुचन के दौरान शिराओं में रक्तदाब
D. वेंट्रिकुलर संकुचन के दौरान धमनी में रक्तदाब ✓

Q6 Circulatory System (Heart, Blood)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लसीका और रुधिर प्लाज्मा की प्रोटीन मात्रा (content) की सही तुलना करता है?

A. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में कम प्रोटीन होता है ✓
B. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है
C. लसीका में कोई प्रोटीन नहीं होता है
D. लसीका में प्लाज्मा के बराबर प्रोटीन होता है

Q7 Conduction, Convection, Radiation

किसी स्थलीय अध्ययन के दौरान, विद्यार्थी देखते हैं कि प्रत्येक दोपहर वायु, घाटी सतह से ढालों तक प्रवाहित होती है। यह पैटर्न किस वायुमंडलीय स्थिति के कारण बनता है?

A. पहाड़ की ढालों का असमान तापन ✓
B. पृथ्वी का घूर्णन
C. घाटी में अचानक वर्षा
D. घाटी की सतह का एकसमान तापन

Q8 Ecosystem & Food Chain

निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारितंत्र का उदाहरण है?

A. वन
B. तालाब
C. झील
D. खेत ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Ecosystem & Food Chain

निम्नलिखित में से कौन-सा, पारिस्थितिकी तंत्र को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. केवल जंतुओं का निवास स्थान

B. जैविक और अजैविक घटकों की अन्योन्यक्रिया से निर्मित एक प्रणाली ✓

C. केवल पादपों का एक समूह

D. भौतिक कारकों से रहित एक समुदाय

Q10 Extraction & Metallurgy

जिंक जैसी धातुओं का निष्कर्षण उनके ऑक्साइडों से करने के लिए सामान्यतः अपचायक के रूप में किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

A. कार्बन ✓

B. नाइट्रोजन

C. सल्फर

D. ऑक्सीजन

Q11 Human Body & Physiology

निम्नलिखित में से कौन-सा कारण स्पष्ट करता है कि उपकला ऊतक कोशिकाएं एक दूसरे से बहुत कम दूरी पर दृढ़ता से क्यों बंधी हुई होती हैं?

A. ऊतक में तीव्र कोशिका विभाजन को संभव बनाने के लिए

B. ऊतक के स्राव कार्यों को बढ़ाने के लिए

C. एक सतत अवरोध बनाने और पारगम्यता को नियंत्रित करने के लिए ✓

D. ऊतक की समग्र सामर्थ्य बढ़ाने के लिए

Q12 Hydrocarbons (Methane, Ethane, etc.)

कौन-सा उदाहरण, घरेलू गैस बर्नर में मेथेन के पूर्ण दहन को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

A. एक नीली, अदीप्त ज्वाला देखी जाती है जिसमें कोई अवशेष नहीं बचता है ✓

B. सफेद राख के साथ एक मंद, टिमटिमाती ज्वाला उपस्थित होती है

C. एक नारंगी ज्वाला जो रसोईघर में तेज गैस गंध उत्पन्न करती है

D. बर्तन पर काले अवशेषों के साथ एक पीली ज्वाला बनती है

Q13 Magnetic Effects of Current

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का कौन-सा गुणधर्म, चिरसम्मत विद्युत-चुम्बकत्व में चुंबकीय एकल ध्रुवों की अनुपस्थिति को स्पष्ट करता है?

A. वे ध्रुवों के निकट सघन हो जाती हैं

B. वे सतत संवृत वक्र का निर्माण करती हैं ✓

C. वे सदैव वृत्तीय होती हैं

D. वे कभी प्रतिच्छेद नहीं करती हैं

Q14 Magnetic Effects of Current

धारावाही तार द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र, तार से दूरी के साथ किस प्रकार परिवर्तित होता है?

A. यह दूरी के साथ यादृच्छिक रूप से घटता-बढ़ता है

B. यह सभी दूरियों पर नियत रहता है

C. यह दूरी बढ़ने के साथ बढ़ता है

D. यह दूरी बढ़ने के साथ घटता है ✓

Q15 Mechanics

गति का वर्णन करने के संदर्भ में वेग, चाल से किस प्रकार भिन्न है?

A. वेग, गति के परिमाण (चाल) और निश्चित दिशा, दोनों को निर्दिष्ट करता है। ✓

B. वेग की गणना औसत चाल का उपयोग करके किया जाता है, जबकि चाल तात्क्षणिक चाल का उपयोग करती है।

C. वेग तय की गई दूरी को निर्दिष्ट करता है, जबकि चाल विस्थापन को निर्दिष्ट करता है।

D. वेग केवल असमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है, जबकि चाल केवल एकसमान गति पर अनुप्रयुक्त होता है।

Q16 Mirrors & Lenses

6 cm की फोकस दूरी वाले एक अवतल दर्पण से 18 cm की दूरी पर एक छोटी मोमबत्ती रखी है। निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति और स्थिति क्या होगी?

A. वास्तविक, दर्पण के 9 cm सामने ✓

B. वास्तविक, दर्पण के 6 cm सामने

C. आभासी, दर्पण के 9 cm पीछे

D. आभासी, दर्पण के 12 cm पीछे

Q17 Mixtures, Solutions, Colloids

निम्नलिखित में से कौन-सा, कोलॉइड का एक उदाहरण **नहीं** है?

A. दूध

B. शर्करा विलयन ✓

C. रक्त

D. आइसक्रीम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Newton's Laws of Motion

5 kg की एक वस्तु पर 4 सेकंड के लिए अपरिवर्ती बल लगाया जाता है, जिससे उसका वेग 2 m/s से बढ़कर 10 m/s हो जाता है। इस बल का परिमाण कितना है?

A. 20 N

B. 10 N ✓

C. 2 N

D. 5 N

Q19 Physical & Chemical Properties

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि अधात्विक ऑक्साइड, क्षारकों के साथ अभिक्रिया क्यों करते हैं?

A. वे अम्लीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और क्षारकों को उदासीन करते हैं ✓

B. वे क्षारकीय ऑक्साइड के रूप में कार्य करते हैं और अम्लों को उदासीन करते हैं

C. वे सदैव क्षारकीय होते हैं और क्षारकों के साथ अभिक्रिया नहीं करते हैं

D. वे एक साथ अम्लों और क्षारकों का निर्माण करते हैं

Q20 Physical & Chemical Properties

लंबे समय तक वायु के संपर्क में रखने पर चांदी की वस्तुएं काली पड़ जाती हैं, इसका मुख्य कारण क्या है?

A. ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर ऑक्साइड का निर्माण

B. पृष्ठ पर धूल के कणों का संचयन

C. सिल्वर सल्फाइड विलेप का निर्माण ✓

D. वायु में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया द्वारा सिल्वर क्लोराइड का निर्माण

Q21 Plant Tissues & Transport

एक उद्यानविद् ऐसे जलीय पादपों की नस्ल (breed) तैयार करना चाहता है जो बेहतर तरीके से प्लव करने में सक्षम हों। उन्हें ऊतक के किस रूपांतरण को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?

A. मृदूतक में अंतरकोशिकीय अंतरालों को कम करना

B. स्थूल कोण ऊतक में पर्णहरित की वृद्धि करना

C. वायूतक निर्माण करना ✓

D. स्थूल कोण ऊतक में अनियमित स्थूल करना

Q22 Reflection & Refraction

एक कार चालक देखता है कि तप्त धूप वाले दिन में आगे की सड़क आर्द्र दिखाई देती है, परंतु उस स्थान पर पहुंचने पर पता चलता है कि सड़क शुष्क है। कौन-सी भौतिक घटना, इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?

A. जल की सूक्ष्म बूंदों के भीतर प्रकाश का संपूर्ण आंतरिक परावर्तन

B. धूल के कणों द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन

C. वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश का विक्षेपण

D. सड़क के ऊपर की वायु के तापमान में परिवर्तनों के कारण प्रकाश का अपवर्तन ✓

Q23 Sound

निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति सर्वोत्तम रूप से यह दर्शाती है कि ध्वनि उत्पन्न करने के लिए एक कंपमान वस्तु (vibrating object) आवश्यक है?

A. गिटार की तानित स्ट्रिंग को छोड़ना और स्वर (tone) सुनना ✓

B. धातु की छड़ को स्थिर पकड़ना और गुंजन (hum) सुनना

C. अंधेरे कमरे में दीवार पर टॉर्च का प्रकाश डालना

D. मेज पर रखी काँच की बोतल को बिना विचलित किए देखना

Q24 Work, Energy & Power

यदि समय को नियत रखते हुए किसी इंजन की शक्ति को दोगुना कर दिया जाए, तो किया गया कार्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. समान रहेगा

B. दोगुना हो जाएगा ✓

C. चार गुना हो जाएगा

D. आधा हो जाएगा

Q25 Work, Energy & Power

एक मोटर 3 सेकंड में 1875 J का कार्य करती है। इसका पावर आउटपुट क्या होगा?

A. 210 W

B. 2810 W

C. 5625 W

D. 625 W ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं?

कथन I: विभिन्न तत्वों के परमाणु, निश्चित अनुपात में मिलकर यौगिक बनाते हैं।

कथन II: किसी शुद्ध रासायनिक यौगिक में, तत्व सदैव द्रव्यमान के निश्चित अनुपात में उपस्थित होते हैं।

- A. कथन I तथा II दोनों सही हैं ✓
- B. केवल कथन I सही है
- C. केवल कथन II सही है
- D. कथन I और II दोनों गलत हैं

Q2 Atoms & Molecules

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण, स्थिर अनुपात के नियम का उल्लंघन करता है?

- A. अमोनिया का एक प्रतिदर्श जिसमें नाइट्रोजन और हाइड्रोजन का द्रव्यमान अनुपात 14:3 है
- B. सोडियम क्लोराइड का एक प्रतिदर्श जिसमें सोडियम और क्लोरीन का द्रव्यमान अनुपात 23:35.5 है
- C. जल का एक प्रतिदर्श जिसमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का द्रव्यमान अनुपात 1:8 है
- D. मैग्नीशियम सल्फाइड का एक प्रतिदर्श जिसमें मैग्नीशियम और सल्फर का द्रव्यमान अनुपात 4:3 है ✓

Q3 Biology

अमीबा, यीस्ट और हाइड्रा केवल एक जनक जीव की उपस्थिति में भी जनन कर सकते हैं। इससे अलैंगिक प्रजनन के बारे में क्या निष्कर्ष निकलता है?

- A. यह युग्मकों के संलयन के बिना होता है। ✓
- B. यह केवल बहुकोशिकीय जीवों को उत्पन्न करता है।
- C. जनन के लिए बीज की आवश्यकता होती है।
- D. दो जनक सदैव आवश्यक होते हैं।

Q4 Carbon & Its Compounds

मूल पादप द्रव्य की तुलना में, कोयले में कार्बन मात्रा अधिक क्यों होती है?

- A. कोयले के निर्माण के दौरान जल और वाष्पशील पदार्थ नष्ट हो जाते हैं ✓
- B. मृदा में उपस्थित पादपों के अवशेषों में खनिज मिल जाते हैं
- C. सूर्य का प्रकाश भूमि में दबे पादपों में कार्बन को बढ़ाता है
- D. वायुमंडल की गैस पादपों द्वारा अवशोषित की जाती है

Q5 Conduction, Convection, Radiation

कोई जलवायु वैज्ञानिक घाटी के तल और ढालों पर सेंसर लगाता है। दिन के समय, ढालों पर लगे सेंसर उच्च तापमान और घाटी से बहने वाली तेज पवन को दर्शाते हैं। यह किस घटना का संकेत देता है?

- A. ढाल तापन के कारण दिन के समय की घाटी समीर ✓
- B. दूरस्थ जल निकायों से समुद्री समीर
- C. शीतलन के पश्चात रात के समय की पर्वत समीर
- D. निकट के मैदानों से थल समीर

Q6 Electromagnetic Induction

यदि चुंबकीय क्षेत्र की दिशा उत्तर से दक्षिण की ओर है और चालक ऊपर की ओर गति करता है, तो फ्लेमिंग के दक्षिण-हस्त नियम का उपयोग करते हुए, प्रेरित धारा की दिशा क्या होगी?

- A. प्रेक्षक की ओर
- B. पूर्व की ओर ✓
- C. पश्चिम की ओर
- D. प्रेक्षक से दूर

Q7 Excretory System (Kidney)

मूत्र निर्माण के दौरान कितना जल पुनः अवशोषित होगा, यह निम्नलिखित में से कौन निर्धारित करता है?

- A. ऑक्सीजन
- B. प्रोटीन
- C. आधिक्य जल ✓
- D. ग्लूकोज

Q8 Extraction & Metallurgy

सोडियम का इसके यौगिक से निष्कर्षण करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

- A. वैद्युतअपघटनी अपचयन ✓
- B. कार्बन के साथ तापन
- C. ऊष्मीय अपघटन
- D. आसवन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 Five Kingdom Classification

जीवाणु और सायनोजीवाणु दोनों में कौन-सी विशेषता साझा होती है?

A. दोनों में सुस्पष्ट केंद्रक होता है

B. दोनों एककोशिकीय प्राक्केंद्रकी हैं ✓

C. दोनों रोमंथियों की आंत्र में रहते हैं

D. दोनों बीज बनाकर प्रजनन करते हैं

Q10 Human Eye & Defects

किसी विद्यार्थी को दूर और निकट दोनों की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई हो रही है। एक परीक्षण के बाद, यह पाया गया कि नेत्र की पेशियां लेंस की फोकस दूरी को ठीक से समायोजित करने में सक्षम नहीं हैं। इस समस्या के लिए मानव नेत्र का कौन-सा भाग सबसे अधिक उत्तरदायी है?

A. दृष्टिपटल (Retina)

B. परितारिका (Iris)

C. पक्ष्माभी पेशियां (Ciliary muscles) ✓

D. श्वेतपटल (Cornea)

Q11 Magnetic Effects of Current

एक विद्यार्थी चालक पर बल की दिशा निर्धारित करने के लिए फ्लेमिंग के वाम-हस्त नियम का उपयोग करता है। यदि तर्जनी उंगली उत्तर की ओर इंगित करती है और मध्यमा उंगली पूर्व की ओर इंगित करती है, तो बल किस दिशा में कार्य करेगा?

A. पश्चिम की ओर

B. नीचे की ओर

C. दक्षिण की ओर

D. ऊपर की ओर ✓

Q12 Mechanics

कोई विद्यार्थी किसी कार के लिए चाल-समय आरेख का प्रेक्षण करता है जो 10 सेकंड तक नियत चाल से गति करती है, फिर 5 सेकंड तक त्वरित होती है। विद्यार्थी इन 15 सेकंड के दौरान तय की गई कुल दूरी की गणना करने के लिए आरेख का उपयोग कैसे कर सकता है?

A. केवल त्वरण खंड के अंतर्गत क्षेत्रफल का उपयोग करके

B. 15 सेकंड पर अंतिम चाल को पढ़कर और 15 से गुणा करके

C. प्रत्येक खंड के लिए चाल-समय आरेख के अंतर्गत क्षेत्रफल की गणना करके और उन्हें जोड़कर ✓

D. कुल समय को आरेख पर दर्शायी गई औसत चाल से गुणा करके

Q13 Mirrors & Lenses

किसी अभिसारी दर्पण की वक्रता त्रिज्या 30 cm है। यदि किसी बिंब को ध्रुव से 60 cm की दूरी पर मुख्य अक्ष पर रखा जाता है, तो निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होगी?

A. प्रतिबिंब, बिंब की ही ओर आभासी और सीधा होगा

B. प्रतिबिंब, विपरीत पक्ष पर वास्तविक और सीधा होगा

C. प्रतिबिंब, बिंब की ही ओर वास्तविक और उल्टा होगा ✓

D. प्रतिबिंब, बिंब की समान स्थिति पर होगा

Q14 Mixtures, Solutions, Colloids

द्रवों में ठोसों और गैसों की विलेयता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामान्यतः **सही** है?

A. तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है, जबकि द्रवों में गैसों की विलेयता में कमी हो जाती है ✓

B. तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों और गैसों दोनों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है

C. तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों और गैसों दोनों की विलेयता में कमी हो जाती है

D. तापमान में वृद्धि के साथ द्रवों में ठोसों की विलेयता में कमी हो जाती है, जबकि द्रवों में गैसों की विलेयता में वृद्धि हो जाती है

Q15 Newton's Laws of Motion

न्यूटन के तृतीय नियम के युग्मों में क्रिया और प्रतिक्रिया बलों के परिमाण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. ये मिलकर एक अधिक प्रबल बल का निर्माण करते हैं

B. ये एक-दूसरे को पूरी तरह से निरस्त कर देते हैं

C. ये इस बात पर निर्भर करते हैं कि कौन-सी वस्तु अधिक भारी है

D. ये परिमाण में सदैव बराबर और दिशा में विपरीत होते हैं ✓

Q16 Non-communicable (Diabetes, Cancer, etc.)

धूम्रपान से रक्त वाहिकाओं से संबंधित किस रोग का जोखिम बढ़ जाता है?

A. हृद्वाहिका रोग (Cardiovascular disease) ✓

B. गलगंड (Goitre)

C. मधुमेह (Diabetes)

D. अरक्तता (Anaemia)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Photosynthesis

एक मरुपादप में, कार्बन डाइऑक्साइड को रात में ग्रहण किया जाता है और एक मध्यवर्ती के रूप में संग्रहीत किया जाता है, बाद में जिसका उपयोग दिन में कार्बोहाइड्रेट संश्लेषण के लिए किया जाता है। इस अनुकूलन से पौधे को उसके वातावरण में क्या लाभ होता है?

- A. यह अपेक्षाकृत ठंडी रात में रंध्रों के खुलने से जल की हानि को कम करता है ✓
- B. इससे क्लोरोफिल की आवश्यकता समाप्त हो जाती है
- C. यह केवल रात में कार्बोहाइड्रेट संश्लेषण की सुविधा देता है
- D. यह दिन के दौरान प्रकाश संश्लेषण की दर को बढ़ाता है

Q18 Plant vs Animal Cell

एक वनस्पतिशास्त्री सूक्ष्मदर्शी से दो प्रकार की कोशिकाओं का अवलोकन करता है। पहले प्रकार की कोशिका में स्थूल कोशिका भित्तियां और बड़ी रिक्तिकाएं हैं, जबकि दूसरे प्रकार की कोशिका में कोशिका-भित्ति का अभाव होता है और उसमें छोटी रिक्तिकाएं हैं। इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

- A. पहला प्रतिदर्श जंतु ऊतक है, और दूसरा प्रतिदर्श पादप ऊतक है।
- B. दोनों प्रतिदर्श जंतु ऊतक हैं।
- C. दोनों प्रतिदर्श पादप ऊतक हैं।
- D. पहला प्रतिदर्श पादप ऊतक है, और दूसरा प्रतिदर्श जंतु ऊतक है। ✓

Q19 Pollution (Air, Water, Soil, Noise)

निम्नलिखित में से किसे, अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थ माना जाता है?

- A. लकड़ी की प्लेटें
- B. सूती कपड़े
- C. प्लास्टिक के थैले ✓
- D. केले के पत्ते

Q20 Properties & Tests

अम्ल और क्षारक, त्वचा पर अपने प्रभाव के संबंध में किस प्रकार समान हैं?

- A. ये दोनों क्षोभ या दग्ध का कारण बन सकते हैं ✓
- B. ये दोनों बिना किसी क्षति के त्वचा को स्वच्छ करते हैं
- C. ये दोनो मॉइस्चराइजर के रूप में कार्य करते हैं
- D. वे दोनों त्वचा को राहत देते हैं

Q21 Soaps & Detergents

जब साबुन के अणुओं को जल में मिलाया जाता है तो उनका क्या होता है?

- A. आयनिक शीर्ष और पूंछ दोनों संपूर्ण रूप से जल के भीतर रहते हैं
- B. हाइड्रोकार्बन पूंछ जल में रहती है जबकि आयनिक शीर्ष बाहर की ओर निकले होते हैं
- C. साबुन के अणु बिना किसी विन्यास के यादृच्छिक रूप से विलीन हो जाते हैं
- D. आयनिक शीर्ष जल में रहते हैं जबकि हाइड्रोकार्बन पूंछ बाहर की ओर निकली रहती हैं ✓

Q22 Types (Combination, Decomposition, etc.)

एक रसायनज्ञ कैल्शियम कार्बोनेट, सिल्वर क्लोराइड और लेड नाइट्रेट को सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रखता है। कौन-से यौगिक, दृश्यमान परिवर्तन दर्शाएंगे?

- A. तीनों यौगिक
- B. केवल लेड नाइट्रेट
- C. केवल सिल्वर क्लोराइड ✓
- D. केवल कैल्शियम कार्बोनेट

Q23 Ultrasound & Applications

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है कि मेडिकल इमेजिंग में अल्ट्रासाउंड का उपयोग किस प्रकार किया जाता है?

- A. अल्ट्रासाउंड तरंगें, अस्थियों द्वारा अवशोषित होकर मृदु ऊतकों को दृष्टिगत करती हैं।
- B. अल्ट्रासाउंड तरंगें, आंतरिक प्रतिबिंबों को बनाने के लिए ऊतकों से परावर्तित होती हैं। ✓
- C. अल्ट्रासाउंड तरंगें बिना किसी अंतःक्रिया के रक्त से होकर गुजरती हैं और प्रतिबिंब बनाती हैं।
- D. अल्ट्रासाउंड तरंगें, दृश्य प्रतिबिंबों को उत्पन्न करने के लिए ऊतकों का आयनीकरण करती हैं।

Q24 Work, Energy & Power

800 J की गतिज ऊर्जा वाली किसी गतिशील वस्तु पर −600 J का नेट कार्य किया जा रहा है। वस्तु पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

- A. वह गति करना बंद कर देगी
- B. इससे उसकी चाल दो गुनी हो जाएगी
- C. वह समान चाल से गति करती रहेगी
- D. वह आधी चाल से गति करेगी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Work, Energy & Power

किसी वस्तु पर एक नियत बल कार्य करता है और उसे बल की दिशा में 25 m की दूरी तक ले जाने में 250 J कार्य करता है। बल का परिमाण ज्ञात कीजिए।

A. 15 N

B. 25 N

C. 10 N ✓

D. 20 N

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in